e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 125

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
09.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमेशा दूसरों की सफ़लता पर ध्यान देने से बेहतर है, अपनी सफ़लता पर ध्यान देकर उनसे भी बेहतर बन जाना।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 30°
न्युनतम 18°

## क्विक न्यूज

### डीएम हत्याकांड : बिहार सरकार व आनंद मोहन को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया की हत्या के दोषी आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बिहार सरकार और आनंद मोहन को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने बिहार सरकार से रिहाई से जुड़ा रिकार्ड दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा और तान्या श्री ने आनंद मोहन की रिहाई को रद्द करके उसे फिर से जेल भेजे जाने की मांग की।

14वाँ इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन समारोह में सम्मिलित हुए सीएम

# हमारी सरकार ने बेहतरीन उद्योग नीति बनाई : हेमंत

### राज्य में कई औद्योगिक इकाईयों ने निवेश की जताई है इच्छा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस बार इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में देश के उद्यमियों के साथ-साथ विदेशों के उद्यमियों को भी भागीदारी निभाने का मौका मिला है। इस तरह के आयोजन राज्य में उद्योग को बढ़ाने का बेहतर प्रयास है। हमारी सरकार चाहती है कि इस तरह के प्रयास निरंतर मजबूती के साथ होती रहे।मुख्यमंत्री ने मोरहाबादी मैदान में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग के तत्वधान में आयोजित 14वाँ इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को लेकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हरसंभव खड़ी रहेगी।

### औद्योगिकीकरण का पुराना इतिहास रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है जहां आजादी से पहले से ही उद्यमियों की नजर रही है, चाहे वह औद्योगिक इकाईयां टाटा, बिरला हो अथवा कोल कंपनियां हो, चाहे अलग-अलग तरीके के औद्योगिक घराने हों। देश में उद्योग के क्षेत्र में क्रांति लाने वाली एचईसी भी झारखंड में ही स्थापित है। देश का पहला फ़र्टिलाइज़र फैक्ट्री भी झारखंड में ही लगा था। परंतु, सैकड़ों वर्षो के सफर में झारखंड को औद्योगिकरण के क्षेत्र में जहां खड़ा होना चाहिए था उसके अनुरूप आज नही दिख रहा है। लेकिन, हमारी सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए लगातार कदम उठा रही है।

**औद्योगीकरण को बढ़ावा देना सरकार का लक्ष्य : महुआ माजीः** इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लाई गई हैं। राज्य सरकार की सोच है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग और समुदाय को मिले। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में राज्य सरकार एवं झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स बेहतरीन समन्वय बनाकर राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।



### राज्य में उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने एक बेहतरीन उद्योग नीति बनाने का कार्य किया है। आज कई छोटे-बड़े कॉरपोरेट घरानों ने यहां निवेश की इच्छा जताई है। पिछले दिनों जमशेदपुर में एक बड़े कॉरपोरेट सेक्टर ने औद्योगिक इकाई स्थापित करने निमित्त शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि एमएसएमई उद्योग को राज्य में बढ़ावा मिले। हमारी सरकार औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग की बेहतरी के लिए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स कि कोई अच्छी योजना हो तो हमारी सरकार सब्सिडी बढ़ाकर 35 से 40 प्रतिशत भी करने पर विचार करेगी।

# केरल नाव हादसे में 22 की मौत



एजेंसी

**मलप्पुरम (केरल) :** केरल में मलप्पुरम जिले के तानुर इलाके में ओट्टुम्पुरम के समीप पर्यटकों को ले जा रही एक नाव के समुद्र में डूब जाने से 22 लोगों की मौत हो गई. वहीं कई लोग घायल हो गए हैं. बताया जा रहा है कि नाव में 40 से ज्यादा लोग सवार थे. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा अधिक भीड़ होने के कारण हुआ. पीएम ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की.हादसे में मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को नाव दुर्घटना में घायलों के विशेषज्ञ उपचार और उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया है. कई घायलों को परप्पनंगडी, थनूर, तिरूर और तिरुरंगाडी के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने दुर्घटनास्थल पर जाए बिना जनता से सहयोग करने को कहा. पुलिस के मुताबिक अभी हादसे की वजह का पता नहीं चला है और डूबी हुई नौका को तट तक लाने का प्रयास किया जा रहा है. बता दें कि नाव में क्षमता से अधिक भार हो जाने की वजह से उसके असंतुलन का खतरा बना रहता है. फिलहाल जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा.घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए. नाव हादसे पर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में लोगों की मौत बेहद चौंकाने वाली और दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं जीवित बचे लोगों की सलामती के लिए प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए कहा कि केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में कई लोगों की मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।
प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।



# बालू चोरी करने के लिए बालू माफियाओं ने लोहे के पीलर को उखाड़ कर सड़क पर फेंक दिया

## इस बात से नाराज मुखिया और स्थानीय ग्रामीणों ने कार्रवाई के लिए थाना को दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी और बड़कागांव के ग्रामीणों ने सोमवार को सदर थाना में आवेदन देकर कहा है कि सदर थाना क्षेत्र के बड़कागांव फुलवार बालू घाट शिव मंदिर के पास कुछ दिनों पहले पुलिस प्रशासन के द्वारा लोहे का पीलड़ गाड़ा गया था। ताकि बालू माफिया अवैध रूप से यहा से बालू का उठाव न कर सके। इसके बाद भी बालू माफिया रविवार की रात प्रशासन के द्वारा लगाए गए पीलड़ को उखाड़ कर फेक दिए। सोमवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी को दी। ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिलने पर मुखिया बड़कागांव पहुंचे। वहां के स्थानीय ग्रामीणों ने मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी को बताया कि रविवार की देर रात बालू माफियाओं के द्वारा सूर्य मंदिर के पास लगाए गए लोहे के पीलड़ को उखाड़ कर सड़क पर फेंक दिया गया है,और फुलवार नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। ग्रामीणों के बातों से अवगत होकर मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने सदर थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि फिर से यहा पर मजबूत लोहे के पीलड़ को लगाकर फुलवार घाट को पूर्ण रूप से बंद कराया जाए। ताकि बालू माफिया आसानी से बालू की तस्करी ना कर सके। उन्होंने थाना प्रभारी से आग्रह किया है की पुलिस जांच कर पीलड़ को उखाड़ फेंकने वालो पर कानूनी कार्रवाई करें।

# रक्तदान हम सब का सामाजिक दायित्व : उपायुक्त

## रेड क्रॉस सोसायटी ने आयोजित की रक्तदान शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने दीपप्रज्वलन कर किया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने रक्तदान शिविर में पहला डोनर मेधावी पांडेय को सर्टिफ़िकेट देकर सम्मानित किया। समाचार लिखे जाने तक 10 से अधिक लोग रक्तदान कर चुके थे।मौके पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि रक्तदान हम सब का सामाजिक दायित्व है। हमें नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति की जान रक्त के अभाव में न जाएं। एक स्वस्थ व्यक्ति समय समय पर रक्तदान कर सकता है।

# परामर्शदात्री सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी,केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह, पीएमएसभी निधि सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान एलडीएम अनुकरण तिर्की ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही 2022- 2023 के तहत मुद्रा लोन 42048 लोगों की बीच 35188.71 लाख रुपया दिया गया। वंही केसीसी लोन 28448 लोगों के बीच 31382.85 लाख रुपया, स्वयं सहायता समूह के 3023 महिलाओं के बीच 4652.85 लाख रु, पीएमईजीपी के तहत 93 लोगों के बीच 251.90 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही. पलामू जिले में संचालित सभी बैंकों को स्कूलों में नामांकित बच्चों का खाता खोलने में आने वाली परेशानियों को दूर करने की बात कही ताकि बच्चों को केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिया जा सके.बैठक में उपायुक्त उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद,डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा,एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि,समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थ।

# डालटेनगंज स्टेशन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग में 145 यात्री पकड़े गए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रेलवे अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए बेटिकट यात्रियों के खिलाफ सख?त हो गया है। ऐसे यात्रियों के खिलाफ लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर मजिस?ट्रेट के नेतृत?व में अभियान चलाया गया।डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार एवं धनबाद रेल मंडल के सीआईटी बीएम पांडे के नेतृत्व में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट जांच अभियान में करीब 12 घंटे के भीतर 145 बेटिकट यात्रियों को ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करते पकड़े गए। पकड़े गए यात्रियों से 84165/ङ्क रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया।रविवार मध्य रात्रि से ही डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सीआइटी बीएम पांडे अपने आधा दर्जन टिकट निरीक्षकों व दर्जन से अधिक आरपीएफङ्क जीआरपी जवानों को लेकर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर एकसाथ टिकट जांच अभियान चलाया गया।टिकट जांच अभियान के दौरान वैसे यात्री भी खूब पकड़े गए, जिनके पास टिकट तो था, लेक?िन वे साधारण टिकट लेकर एक्?सप्रेस ट्रेन और आरक्षि?त कोचों में सफर कर रहे थे। अभियान में टिकट कलेक्टर कुमार अजय, रविंद्र कुमार दुबे, दिलीप कुमार, भरत लाल, अनुराग तिर्की, बूकुंद यादव आदि शामिल थे।

# श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र के अनुयायियों द्वारा सत्संग का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा रविवार की शाम चेचरिया में बिरेन्द्र प्रसाद के आवास पर सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ शंख ध्वनि,बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति पाठ,रामचरितमानस पाठ किया गया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने भगवान के नाम का महत्व की चर्चा करते हुये कहा कि प्रभु के नाम की महिमा अपरंपार है.जिसके महत्व का वर्णन नही किया जा सकता है.उन्होंने कहा कि प्रत्येक युग मे जब भी ईश्वर का अवतार होता है,तो वे एक विशेष नाम को लेकर आते है.उन्होंने कहा कि प्रभु के नाम का स्मरण करने से प्रह्लाद भक्त शिरोमणि कहलाये.श्री हनुमान ने प्रभु श्री राम का नाम लेकर उन्हें अपने वश में कर लिये.उन्होंने कहा कि प्रभु का नाम किसी भी प्रकार से कभी भी स्मरण किया जाये तो उसका प्रभाव कल्याणकारी होता है.नाम के प्रभाव से जीवो का आत्मोन्नयन होता है.मनुष्य के अंदर सुविचार जन्म लेता है.सत्संग में धृतिसुन्दर लाल, रामा देवी व अनिता सिन्हा ने कई भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किये.सत्संग में राज कुमार, शक्तिदास सिन्हा,प्रभा देवी, शोभा कुमारी, पूजा कुमारी, चंद्रावती देवी, सुशीला देवी, सतवंती देवी सहित अन्य अनुयायी उपस्थित थे।

# खड़गपुर में एनसीपी पंचायत कमेटी का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती खड़गपुर पंचायत अंतर्गत भांवर गांव स्थित विद्यालय प्रांगण में सोमवार को एनसीपी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई । जिसमें संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गई । इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया । बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता मौजूद थे । बैठक में सर्वसम्मति से राकांपा के मनोज सिंह को खड़गपुर पंचायत अध्यक्ष मुरारी यादव को सचिव लखन भुइयां को कोषाध्यक्ष श्रवण यादव को उपाध्यक्ष बालकेश यादव को संगठन मंत्री जबकि बबलू शर्मा को पंचायत प्रभारी के पद पर मनोनयन किया गया । मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता दिखाना होगा । इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह ,जितेंद्र मेहता,अरविंद शर्मा युवा प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# विधायक कमलेश कुमार सिंह ने महुडंड के नइया गांव में नया ट्रांसफार्मर कराया उपलब्ध

## डेढ़ वर्षों बाद नइया गांव में आई रोशनी, ग्रामीणों ने जताई खुशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत जंगल व पहाड़ों के तलहटियों में बसा नइया गांव में पंचायत के समाज सेवी सह राकंपा नेता विनय परहिया के पहल पर 25 केवी का ट्रांसफार्मर क्षेत्रिय विधायक कमलेश कुमार सिंह के सहयोग से लगाया गया।मालूम हो कि उक्त गांव के ग्रामीण पिछ्ले डेढ़ वर्षों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण अंधेरा में लोग रहा करते थे।उक्त गांव के लोगों ने अपनी इस परेशानी को लेकर युवा समाजसेवी सह राकंपा नेता विनय परहिया के साथ स्थानीय विधायक कमलेश सिंह से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी। इसे लेकर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों की इस परेशानी को देखते हुए विधायक ने अभिलंब बिजली विभाग से 25 केवी का ट्रांसफार्मर नइया गांव में उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर मिलने के बाद स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह व महुडंड पंचायत के समाज सेवी सह राकंपा नेता विनय परहिया को नइया गांव के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए आभार जताया है। इसे लेकर समाज सेवी विनय परहिया ने प्रेस को बताया की नइया गांव में पिछ्ले डेढ़ वर्षों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण अंधेरा रहा करते थे। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर लगने के बाद रविवार से नइया गांव में बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है।

# गिरता भूगर्भ जलस्तर बनता जा रहा है चिंता का विषय : शिक्षाविद

## बरसाती पानी को रोककर हीं इस संकट से बच सकते हैं हम



पत्रकारों से बात करते शिक्षाविद अशोक पांडेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर-नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में लगातार भूगर्भ जल स्तर गिरना चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसके प्रति जिला प्रशासन के द्वारा संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। विश्रामपुर-नावाबाजार प्रखंड के सीमा पर अवस्थित कौरव नदी जो एकमात्र जिंदा नदी है। जिस पर पिछ्ले 36 वर्षों से कौरव जलाशय की मांग की जा रही है। जो विभागीय कार्यालय के फाइलों में उलझती जा रही है। इसके निर्माण कार्य पूरा हो जाने से बरसाती पानी का ठहराव होता, क्षेत्र में भूगर्भीय जल स्तर बढ़ जाते। उक्त बातें विश्रामपुर प्रखंड के भंडार गांव निवासी शिक्षाविद अशोक पांडेय ने कहा। वे क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर पत्रकारों से बात कर रहे थे।उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी नदी, नाले, तालाब कुआं आदि सूख गए हैं। पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। कल तक जहां 20 फीट की खुदाई पर कुएं में पानी मिल जाते थे?। आज वही 40 फीट की खुदाई करने के बाद भी एक बूंद पानी मयस्सर नहीं हो रहा। चापाकल के लिए अंधाधुन बोरिंग किए जा रहे हैं। जिसका प्रभाव भूगर्भीय जल स्तर पर देखा जा रहा है। लोगों को आगे आना होगा बेकार बहाए जा रहे बरसाती पानी को रोकने की दिशा में पहल करनी होगी। आहार, पोखर, तालाब आदि में बरसाती पानी को रोककर हीं जल संकट से बचा जा सकता है। छोटी-छोटी नदियों पर बांध बनवाने की जरूरत है। उन्होंने कौरव जलाशय योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि 22 फरवरी 1987 को तत्कालीन एकल बिहार राज्य के मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे के द्वारा नदी तट पर जलाशय निर्माण के लिए आधारशिला रखी गई थी। 36 वर्षों के अंतराल के बाद भी निर्माण कार्य की दिशा में एक कदम भी नहीं चला गया। गौरव जिला से निर्माण कार्य पूरा हो जाने से 1 दर्जन से अधिक गांव कृषि के क्षेत्र में समृद्ध हो जाती है। रोजी रोजगार के साधन मिलते हैं भूगर्भीय जल स्तर बढ़ता। उन्होंने कहा कि वे पलामू उपायुक्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों से मिलकर कौरव जलाशय की उपयोगिता को बताते हुए निर्माण की दिशा में पहल करेंगे।

# सदर एसडीएम राजेश कुमार साह के नेतृत्व में मेदनीनगर सेंट्रल जेल में छापामारी

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह के नेतृत्व में सोमवार को पलामू केंद्रीय कारा में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान केंद्रीय कारा के सभी बैरक की गहनता पूर्वक बारी-बारी से जांच की गई। हालांकि इस क्रम में कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं पाई गई है।मेदिनीनगर सदर के एसडीएम राजेश कुमार साह ने बताया कि छापामारी में मजिस्ट्रेट के साथ साथ पुलिस जवान सामिल थे। छापेमारी के दौरान हर एक बैरक की गहनता से जांच की गयी।उल्लेखनीय है कि पलामू केंद्रीय कारा में गंभीर अपराध से जुड़े कई नक्सली और अपराधी कैद हैं। अक्सर उनकी अवांछित गतिविधि विभिन्न माध्यमों से सामने आती रहती है।

# रेड़मा चौक पर ट्रक और कार में टक्कर

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के रेडमा चौक के पास एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई जिसमें कार थोड़ा बहुत क्षतिग्रस्त हो गया। कार क्षतिग्रस्त होने के बाद कार में बैठे लोग और ट्रक ड्राइवर के बीच क्षतिग्रस्त कार को बनाने को लेकर बहस होने लगी। इस बहस के दौरान रेड़मा चौक पर 10 से 15 मिनट तक आवागमन बाधित रहा। ट्रक ड्राइवर अपने आप को गरीब बताते हुए कार मालिक को कार रिपेयरिंग कराने के लिए ?2000 दे रहा था।परंतु कार मालिक और उसमें बैठे लोग मान नहीं रहे थे, ज्यादा पैसे की मांग कर रहे थे। जबकि देखा जाए तो गलती ट्रक चालक और कार चालक दोनों में है। इसके बाद इस घटना की जानकारी टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर टीओपी टू टाइगर मोबाइल के जवान रेडमा चौक पहुंचकर ट्रैक को थाना ले गई है।

# मारपीट में चार महिला समेत एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला मुस्लिम नगर में रविवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में महिला पुरुष सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी दो महिला और एक पुरुष की स्थिति गंभीर बनी हुई है।जानकारी के अनुसार रविवार को मुस्लिम नगर निवासी जावेद अहमद और स्वर्गीय सहबान अहमद की पत्नी नूरेसा खातून के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा होने लगा। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों लोगों के परिवारों के बीच मारपीट होने लगी। इस मारपीट में दोनो और से करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नूरेसा खातून उम्र 45, जावेद अहमद उम्र 50, शाइस्ता परवीन उम्र 35, शगुपता परवीन उम्र 45 और निखत परवीन उम्र 30 वर्ष का नाम शामिल है। इन सभी का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं रविवार की सुबह चिकित्सकों ने जावेद अहमद की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।वही इस घटना के बाद पुलिस के देखरेख में घायलों का इलाज चल रहा है।इस घटना के बाद से पुलिस मारपीट से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

# घर में चोरी करते चोर रंगे हाथ गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना की पुलिस ने एक राजा नामक चोर को रंगे हाथ चोरी करते पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना के वर्तमान प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिला था कि कुंड मोहल्ला जोड़ा पीपल के एक घर में एक चोर चोरी के नियत से घुसा हुआ है।जानकारी मिलते ही शहर थाना टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार, शारिक़ इरशाद और शहायक जवान प्रफुल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर चोर को रंगे हाथ चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया और उसे पूछताछ के लिए शहर थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में चोर ने अपना जुर्म कबूला है। इसके बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में उसे भेज दिया गया है। पकड़ा गया चोर राजाराम हॉस्पिटल रोड का निवासी है।

# चार दिन से लापता नाबालिक का मिला शव,पड़ोसी पर ही हत्या करने का आरोप

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र के भोलाटांड रक्साहा गांव के लापता नाबालिक का शव सोमवार को नदी के बीचों बीच दो पत्थरों के बीच दबा मिला। खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार भोलाटांड निवासी जिबराइल अंसारी का पुत्र 15 वर्षीय शाहिद अंसारी चार मई की रात को गांव के ही एक बारात में शामिल होने गया था। जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया। सभी संभावित जगह खोजबीन के बाद परिजनों ने रेहला थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस नाबालिक शाहिद के तलास में हर संभावित जगह छापेमारी भी कर रही थी। रेहला पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही थी। इसी बीच सोमवार के शाम चार बजे गांव किनारे खुंटीसोट नदी के बीचो बीच ग्रामीणों ने एक शव देखा। शव दो विशाल पत्थरों के बीच दबा हुआ था। जिसकी सूचना रेहला पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पत्थरो के बीच से निकाला। शव की पहचान पिछले चार दिनों गायब शाहिद अंसारी के रूप में हुई। शव मिलने की खबर मिलते ही आसपास के लोग काफी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। शव देखते ही परिजनों की चीत्कार निकलने लगी। शाहिद की मां का तो रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी विकास चौधरी उर्फ बादशाह ने मामूली बात पर शहीद अंसारी को कुछ दिनों पहले जान से मारने की धमकी दी थी। बादशाह ने ही शाहिद का अपहरण कर उसकी हत्या की है। शाहिद अंसारी के परिजनों की आशंका आखिर सच साबित हुई। परिजन पिछले पांच मई से ही पड़ोसी विकास चौधरी उर्फ बादशाह पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगा रहे थे। परिजनों के आरोप को बाल तब मिला जब आरोपी बादशाह छः मई को सपरिवार घर छोड़कर भाग गया। बादशाह मूलतः शाहपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पिछले दो वर्षों से वह भोला टांड में घर बनाकर रह रहा था। ग्रामीणों की माने तो वह अपराधी प्रवृति का था।

# चैनपुर में दस हजार एमटी क्षमता के एफसीआई गोदाम का किया गया उद्घाटन

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को चैनपुर में दस हजार मीट्रिक टन कैपेसिटी वाले गोदाम का उद्घाटन किया गया। एफसीआई के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में एफसीआई कर्मियों ने सेवा भावना से कार्य किया है।इस दौरान पूरे देश में राशन की आपूर्ति जारी रही। कहां की इस गोदाम में 4 महीने का एडवांस राशन उपलब्ध रहेगा। उप महाप्रबंधक अभिषेक सिन्हा ने कहा कि एफसीआई का गोदाम उपलब्ध हो जाने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कई लोगों को रोजगार मिलेगा।मंडल प्रबंधक सतानिक प्रसाद ने कहा कि ग उक्त गोदाम से पलामू जिले के अलावा गढ़वा के तीन प्रखंडों को खाद्यान्न की आपूर्ति की जाएगी।धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय ने किया। कार्यक्रम में गोदाम मालिक विवेक भवानी सिंह,भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह टिकैत विश्व देव नारायण सिंह अविनाश वर्मा, किशोर पांडेय पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### रवीन्द्र नाथ टैगोर जयंती का आयोजन आज

**रांची:** मजलिस, मेकॉन और सेल, रांची की बंगाली बिरादरी का एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन, 9 मई, 2023 को शाम सात बजे से जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र, श्यामली कॉलोनी में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाने के लिए एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कर रहा है।मजलिस परिवार और स्थानीय समुदाय के सदस्य कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी पेशकश प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन इस नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यिक आइकन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया जाएगा और इसके बाद मजलिस के एकल कलाकारों द्वारा विभिन्न रवींद्र संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे, रवींद्र संगीत का एक कार्यक्रम बिस्वा भोरा प्राण नामक नृत्य के साथ किया जाएगा। मजलिस के गायकों का एक समूह और गुरुदेव की एक नृत्य नाटिका - चांडालिका।

### बिना लाइसेंस के फूड वैन चालक पर दस हजार का जुर्माना लगा

**रांची।** अपर प्रशासक के निर्देशानुसार रिलाइंस मार्ट, डोरंडा के समीप 1 फूड वैन पर 10,000 का शास्ति राशि अधिरोपित किया गया और 2 फूड वैन का जुर्माना नहीं देने पर समान जप्त किया गया। बता दे पूर्व में भी बिरसा चौक से हवाई नगर में 2 फूड वैन पर बिना अनुज्ञप्ति फूड वैन संचालन किये जाने पर 10-10 हज़ार रूपए का शास्ति राशि अधिरोपित की गई थी। ज्ञात हो की सभी फूड वैन संचालको को 15 अप्रैल 2023 तक रांची नगर निगम से अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु आम सूचना जारी की गई थी, परन्तु अबतक केवल 9 फूड वैन संचालकों के द्वारा हीं आवेदन दिया गया है।

# उद्योगपति विष्णु अग्रवाल ईडी के गिरफ्त में, गिरफ्तारी की उम्मीद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के चेशायर होम रोड में जमीन खरीद-बिक्री मामले में सोमवार को उद्योगपति विष्णु अग्रवाल ईडी कार्यालय में उनसे पूछताछ की गई। निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी छह दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही हैं।



अब तक की जांच में एजेंसी ने दावा किया है कि वर्ष 2020-2022 के दौरान रांची के डीसी रहते हुए छवि रंजन ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया है। इसके साथ ही व्यक्तिगत लाभ के लिए कई भू-माफियाओं को अनुचित लाभ पहुंचाया।

उन्होंने पैसों की रिश्वत भी स्वीकार की।पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश के माध्यम से बड़गाई मौजा स्थित एक भूखंड को प्रतिबंधित सूची से हटाया और कई व्यक्तियों से एक करोड़ रुपये की वसूली की गयी।

इतना ही नहीं चेशायर होम रोड की विवादित भूमि का म्यूटेशन विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी के नाम पर करने के लिए बड़गाई सीओ मनोज कुमार पर भी रांची डीसी रहते हुए छवि रंजन ने दबाव बनाया था। इसके एवज में विष्णु अग्रवाल ने छवि रंजन के लिए गोवा ट्रिप का इंतजाम किया गया था। उम्मीद जताई जा रही है कि विष्णु की भी गिरफ्तारी संभव है।

# प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा के दो विधायकों के खिलाफ थाने में की शिकायत

**कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में भाजपा विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी जा रही है। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस की ओर से कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज कर कारवाई की मांग की गयी।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजस्थान के दो विधायकों के खिलाफ सोमवार को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को राजस्थान के विधायक मणिकांत राठौर और मदन दिलावर ने जान से मारने की धमकी दी है। यह धमकी कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान दी गयी है। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनके परिवार पर जान का खतरा मंडरा रहा है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में भाजपा विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी जा रही है। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस की ओर से कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज कर कारवाई की मांग की गयी। कोतवाली इंस्पेक्टर शैलेश कुमार ने बताया कि कांग्रेस की ओर से भाजपा के दो विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी है। मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गयी है। निर्देश मिलते ही मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा, अमूल नीरज खलखो, रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, अजहर पप्पू, बेलस तिर्की, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## आजमीन ए हज को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजमीन ए हज को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक मंत्रालय में किया गया। इस बैठक में मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री आलमगीर आलम, हज कमिटी के चेयरमैन इरफान अंसारी, एयरपोर्ट डायरेक्टर, रांची ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, ट्रैफिक एसपी हारिस बिना जमा सहित कई लोग उपस्थित थे। इस बैठक में एयरपोर्ट में आजमीन ए हज के लिए व्यवस्था और किस प्लेन से उड़ान भरेंगे और समय क्या रहेगा, शहर में यातायात व्यवस्था भी बेहतर बनाने की जरूरत होगी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली वाहन जाम में न फंसे।

## बजरंग दल 5000 स्थानों पर आज करेगा हनुमत शक्ति जागरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बजरंग दल मंगलवार को देश भर में कुमति निवार सुमति के संगी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के माध्यम से, हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण कर, कांग्रेस सहित आतंकियों के पैरोकार अन्य संगठनों व देश विरोधी हिंदू द्रोही मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान पर झारखंड में भी 5000 स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री ने इसकी घोषणा करते हुए कहा है कि कर्नाटक कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ, हिमाचल प्रदेश, व महाराष्ट्र सहित झारखंड



राज्य के कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं द्वारा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने व इस देशभक्त संगठन की तुलना पीएफआई जैसे देशद्रोही, आतंकी व हिंसक संगठन से करना बहुत ही अपमान जनक है। हिंदू समाज इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक ढंग से उसका विरोध करेगी। विहिप ने कहा समस्त हिंदू जनमानस 9 मई को अपने नजदीक के मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर देशद्रोही मानसिकता वाले लोगों का प्रतिकार करें।

## डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में बने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। डीसी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की और संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी को लेकर ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया।

## महिला पत्रकार सुधा और उसके बेटे की मौत, पत्रकारों ने जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी में महिला पत्रकार सुधा और उसके बेटे अरमान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह महिला पत्रकार सुधा श्रीवास्तव और उसके एकलौते बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी गई। सुधा श्रीवास्तव काफी लंबे समय से बीमार चल रही थी और उनकी अचानक स्थिति गंभीर हो गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।



इसे देख कर बेटा परेशान हो गया और ऊपर के कमरे से जल्दबाजी में नीचे आने के दौरान सीढ़ियों से नीचे गिर गया। महिला पत्रकार के बेटे को एंबुलेंस से हॉस्पिटल भेजा गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अरमान के पिता अधिवक्ता हैं और इस पूरे मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। वहीं बताया गया है कि सुधा रांची दूरदर्शन और आकाशवाणी में लंबे समय तक सेवा दे चुकी हैं। सुधा श्रीवास्तव और उनके बेटे की मौत के बाद पत्रकार जगत में शोक की लहर जिसमें रांची प्रेस क्लब पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान शंकर ओझा, चंदन भट्टाचार्य, परवेज कुरैशी, किसलय सानू, वरिष्ठ पत्रकार उमेश नमेंदू, रांची वर्किंग जर्नलिस्ट, श्रमजीवी पत्रकार संघ सभी ने शोक व्यक्त किया।

## एसएसपी ने 12 थानेदारों को किया इधर से उधर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला के 12 पुलिस अवर निरीक्षक को रविवार को देर रात एसएसपी किशोर कौशल ने इधर से उधर करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें दो ओपी प्रभारी भी बदल दिये गये। वहीं बेड़ो के थानेदार मनीष कुमार गुप्ता एवं पंडरा ओपी के प्रभारी चन्द्रशेखर को पुलिस लाइन में भेज दिया गया है। मुरी ओपी के प्रभारी बबलू को नामकुम थाने में पदस्थापित किया गया है और नामकुम थाने में




पदस्थापित सब इंस्पेक्टर आकाश भरद्वाज खादगड़ा टीओपी के प्रभारी बनाये गये हैं और खादगड़ा टीओपी के प्रभारी सतीश वर्णवाल सोनाहातू के नये थानेदार बनाये गये हैं। सुखदेवनगर थाने में पोस्टेड सब इंस्पेक्टर विपुल कुमार ओझा मुरी के नये थानेदार होंगे। सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार हेम्ब्रम को बेड़ो, रिम्स का सुरक्षा प्रभारी, नवीन कुमार को अनगड़ा और शिवनारायण तिवारी को पंडरा के नये थानेदार बनाये गये हैं। अनगड़ा के थानेदार ब्रजेश कुमार रिम्स के सुरक्षा प्रभारी बनाये गये हैं। इस अधिसूचना के बाद और भी कई थानों में बदलाव होने की तैयारी है। कुछ सस्पेंड भी होंगे।

## झारखंड जदयू प्रभारी से मिले राजद के नेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जेडीयू के झारखंड प्रभारी और बिहार के मंत्री अशोक चौधरी, जदयू के विधायक और सह प्रभारी मनोज यादव से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान महागठबंधन की एकजुटता पर बात हुई। पार्टी के प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि मुलाकात के दौरान अशोक चौधरी ने कहा कि हम सब का एक ही दुश्मन है भाजपा। इसे हराने के लिए हम सभी को एकजुटता के साथ अभी से ही मेहनत करने की जरूरत है। प्रतिनिधिमंडल में युवा राजद के अध्यक्ष रंजन यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव मनोज कुमार पांडेय, युवा राजद के अरशद अंसारी, क्षितिज मिश्रा, अजय यादव, सहित अन्य मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की बैठक

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शहर में सुगम यातायात व्यवस्था से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, कौशल किशोर, पुलिस अधीक्षक (यातायात), एच बी जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राँची, आर एन आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी, राँची, प्रवीण प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) जीतवाहन उरांव उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पूर्व में दिए गए दिशा-निर्देशों के आलोक में अब तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई।

## पीएलएफआई का एरिया कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मांडर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी रायफल, तीन गोली, पीएलएफआई का पर्चा और एक पीठू बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के सब-जोनल कमांडर कृष्णा यादव



अपने दस्ता के साथ हातमा जंगल में घूम रहा है। दस्ता के सदस्य हथियार से लैस है। एसपी ने बताया कि सूचना के बाद खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए हातमा जंगल पहुंची। टीम ने पांच-छह लोगों को टॉर्च की रौशनी में घूमते देखा। टीम ने जब उनसे पूछा कि आप लोग कौन है। इसके बाद सभी अलग-अलग दिशा में भागने लगे। अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

लेकिन एक को टीम के सदस्यों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। उससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह पीएलएफआई का एरिया कमांडर है।

## झारखंड में भीषण गर्मी व लू का कहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। एक बार फिर तपिश शुरू हो गई है। हालांकि, कड़ी धूप के बीच बादलों की आवाजाही से थोड़ी राहत मिल रही है। राज्य के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री पार हो चुका है।

मौसम विभाग की मानें तो अभी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अभी तापमान में और बढ़ोतरी भी हो सकती है।रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। चार दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। नौ मई को राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना है। दस मई से फिर से मौसम साफ रहने की संभावना है। उन्होंने ने बताया कि आठ मई को राज्य का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री



सेल्सियस रहा। आने वाले कुछ दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है।उन्होंने बताया कि 11 मई से 13 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कुछ इलाकों में धूप का भी एहसास होगा। हालांकि, बारिश की संभावना व्यक्त नहीं की गयी है। विभाग ने लोगों को गर्मी से बचने की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा है कि आने वाले कुछ दिनों में धूप के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है। हालांकि, बादल छाए रहने से लोगों को इससे राहत मिलेगी।

## ग्रामीण विकास मंत्री से मिले विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जर्जर सड़कों, पुल-पुलिया की मरम्मत एवं नवीनीकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत के साथ - साथ पुल -पुलिया की मरम्मत कराने पर जोर दिया। कहा कि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मिलने आए टुंडी विधायक की बातों को ध्यान पूर्वक



सुन मंत्री ने जर्जर सड़कों व पुल - पुलिया की मरम्मत को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। है।

## एच.एन मिश्रा का एनके एरिया खलारी का दौरा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा एनके एरिया के एकदिवसीय दौरा में पहुँचे. इस दौरान निदेशक कार्मिक,सी सी एल एन के क्षेत्र डकरा का दौरा कर क्षेत्र में श्रमिकों के लिए चल रहें कल्याणकारी योजनाओं व श्रमिक प्रतिनिधियों से चर्चा किया गया. श्री मिश्रा ने उपस्थित नेताओं से चर्चा के दौरान डकरा सेंट्रल असपताल की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त किया गय. अथवा अस्पताल का भौतिक निरीक्षण किया. श्रमिक नेताओ ने एनके एरिया क्षेत्र में पानी की समस्या,धमधमिया डिसपेंसरी में महिला चिकित्सक की पदस्थापन करना, स्कूल बसों की स्तिथ में सुधार सहित अन्य समस्याओं पर अथवा सीसीएल के अधिकारियों के अंधेर नगरी चौपट राजा के बारे में प्रमुखता से बताया गया. एनके एरिया क्षेत्र के समस्याओं से जानकरी के बाद निदेशक कार्मिक ने सेंट्रल असपताल डकरा की निरीक्षण कर व्यवस्था से काफी असंतोष वयक्त किया. सेंट्रल अस्पताल के सीएमओ बी डी चौधरी तथा कर्मियों को सुधार करने हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिये. उसके बाद डकरा भीआईपी सभागार में समस्याओं को लेकर निदेशक कार्मिक के साथ पूरा एनके डकरा के अधिकारी अमला के साथ समीक्षा बैठक किया गया.

## विधायक ने किया चुंद व सेवाडीह गांव का भ्रमण

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के चुंद एवं सेवाडीह गांव का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनके साथ बैठक कर के उनकी समस्याओ को सुना और उनकी समस्याओ को सुनकर उनका जल्द निष्पादन कराने का भरोसा दिलाया। विधायक ने अपने पार्टी कार्यकर्ता एवं पंचायत अध्यक्षों को कहा ग्रामीणों की समस्याओ के प्रति बहुत अधिक जागरूक होना पड़ेगा। जहाँ तक हो सके उनकी समस्याओ का निदान कराने को कोशिश करे, हो सके तो उनकी समस्याओ को हम तक भी पहुँचाने की कोशिश करे। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि सप्ताह में कम से कम एक बार प्रखंड कार्यालय का भ्रमण करें ताकी योजनाओं की जानकारी मिले। जिस प्रकार से दुनिया बदल रही है उसके अनुसार ग्रामीणों को भी अपने आप मे भी बदलाव लाना पड़ेगा। और सबसे पहले अपने जीवन मे आयी कमजोरी, विसंगति और गलत आदतों को छोड़ना पड़ेगा।

## आजसू पार्टी का पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नामकुम प्रखंड के पंचायत बन्दुवा बुंडूबेड़ा में आजसू पार्टी का पंचायत स्तरीय बैठक शैलेन्द्र सिंह बिंझिया की अध्यक्षता में कि गई। जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव,विशिष्ट अतिथि नामकुम प्रखंड उपप्रमुख वीणा देवी। इस अवसर पर पारसनाथ उराँव ने कहा कि आजसू पार्टी ही खिजरी विधानसभा की दिशा और दशा को बदल सकता है क्योंकि जनता सड़क,बिजली और,पानी जैसे छोटी छोटी समस्याओं से परेशान हैं और यहां का विधायक को कोई ध्यान नही है। वीणा देवी ने आजसू पार्टी की नीति और सिंद्धान्तों के बारे में बताए और संगठन को मजबूत करने के लिए मौके पर बन्दुवा पंचायत की महिला पंचायत अध्यक्ष-शान्ति देवी,सचिव-जोस्फीन तिग्गा को सर्व समिति से चुना गया ।

## सफाई अभियान चलाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चतरा पंचायत के साकेत नगर जैप 2 वार्ड नंबर 5 में सफाई अभियान चलाकर रोड़ कि दोनो ओर सफाई कि गई। इस अभियान में मुख्य रूप से उप प्रमुख अनगडा जयपाल हज़ाम, मुखिया डॉली मुंडा, प्रधान किस्टो कुजुर, उप मुखिया रमेश कुमार, स्वास्थ साहिया बेबी देवी, जल साहिया मंजु देवी, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, वार्ड सदस्य संजय महली, समाजसेवी राजेश मिश्रा, सुमित्रा देवी, माला देवी, यामिनी देवी, ब्रजेश मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद यादव,सुजीत उराव इत्यादि। उप प्रमुख, मुखिया, प्रधान ने सयुक्त रूप से कहा कि प्रत्येक वार्ड में डस्ट विन दिये जायेंगे, सुखा कचडा प्लास्टिक इत्यादि के लिए प्रखण्ड स्तर से गाड़ी रहेगी जो उठाकर रिसाईक्लीनिंग के लिए प्रखण्ड सेंटर ले जायेगी। पंचायत वासियों से निवेदन हैं की गिला एवम् सुखा कचड़ा अलग - अलग रखे, आस पास सफाई रखे।

## विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नामकुम प्रखण्ड के दो योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम राँची के सौजन्य से राँची जिला अंतर्गत ग्राम डूंगरी में डां. भीमराव अम्बेडकर उन्नत/आदर्श ग्राम योजना का कार्य एवं जिला योजना अनावद्ध निधि अंतर्गत रा.बी.एस.सी. उर्दू मध्य विद्यालय सिठियो में 4 यूनिट टायलेट का निर्माण कार्य है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा, नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, डुंगरी मुखिया जीता कच्छप, सिठियो मुखिया विनिता कच्छप, मंगरा कच्छप, ग्राम प्रधान सूरज उरांव, अनीता देवी, सामिया खातून, सबिता कच्छप, अशफाक अंसारी, माधो कच्छप, शंकर कच्छप, संतोष कुमार बड़ाईक, पंचू तिर्की, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सोनाहातु के पुड़दाग गांव में सड़क निर्माण में गड़बड़ी से ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सोनाहातु :** रांची जिला अंतर्गत सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र जिंतू पंचायत में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा बरसालड़ीह से पुड़दाग गांव तक 1.160 किलोमीटर पीसीसी पथ का निर्माण लगभग एक करोड़ की राशि में किया जा रहा है पर इधर जागरूक ग्रामीणों का कहना है की ठिकेदार द्वारा इस पीसीसी पथ के निर्माण में जमकर गड़बड़ी की जा रही है।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अभियंताओं से की, मौके पर इंजीनियर कार्य स्थल पर पहुंच कर जांच भी किए लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।इसमें नियमानुसार सात इंच का बेस व सात इंच की मोटाई पर ढलाई होना है। लेकिन ठेकेदार बिना बेस के मात्र 3 से 4 इंच की मोटाई पर ढलाई करा रहे हैं। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को फोन कर घटिया निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत की। शिकायत मिलते ही इंजीनियर पहुंचे और निर्माण स्थल का मुआयना किया व कुछ स्थानों के पीसीसी पथ को खोदकर देखा तो ग्रामीणों की शिकायत सही मिली। नाराज इंजीनियर ने पीसीसी पथ निर्माण को आगामी आदेश तक ग्रामीणों को रोकने के मौखिक निर्देश दिए थे। इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी है। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। ग्रामीणों ने जब काम रोका तो ठेकेदार पहुंचा और ग्रामीणों से बात करके सही से काम करने का आश्वासन दिया और फिर से काम चालू किया गया है पर ग्रामीणों का कहना है कि ठिकेदार इतना कुछ होने के बावजूद कार्य में बिल्कुल भी सुधार नहीं किया जिससे भविष्य में इस पीसीसी पथ के टूटने के पुरे आसार हैं।

## तौहीद आलम को बनाया गया शिक्षा विभाग का विधायक प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सोमवार को खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने तौहीद आलम को शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया गया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता तौहीद आलम की कार्यशैली को देखते हुए विधायक ने शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया। श्री आलम पर विश्वास जताया है। कि पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक लोगों एवं जनता का काम करेंगे। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर विधायक राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, मंजूर अहमद, सुरेश प्रसाद साहू, अशोक गुप्ता, प्रेमनाथ मुंडा, तुलसी खरवार, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा,अमाल खान, इनाम अंसारी,एतवा उरांव, राजेंद्र मुंडा, शिवदास गोस्वामी,रशीद अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी,दिनेश महतो, नागेश्वर महतो, बलराम महतो, बाबूलाल महली इत्यादि सैकड़ों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वीकृत परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में SCA(विशेष केंद्रीय सहायता) व आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी योजनाओं की समीक्षा के क्रम में विभिन्न योजनाओं की लंबित/प्रक्रियाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों के योजनावार उसकी प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विशेष केंद्रीय सहायता मद के अंतर्गत लंबित कार्यो में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को गति के साथ पूर्ण करने का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने विशेष केंद्रीय सहायता मद अंतर्गत



बिरसा मुंडा पुस्तकालय को विकसित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। विशेष केंद्रीय सहायता मद से विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति व वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा उक्त योजनाओं को स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विभाग, एजेंसियों को निदेश दिया कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में उपायुक्त ने अड़की के बिरबांकी अंतर्गत चुकलु ग्राम में बनाए गए मशरूम इकाई से महिलाओं को जोड़ते हुए रोजगार सृजन की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि इसे महिला लखपति किसान केंद्र के रूप में विकसित किया जाय। उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित हर पहलू पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इसके अलावा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि उक्त सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करने के साथ-साथ बुनियादी सेवाओं में बढ़ोतरी करना है। साथ ही सुव्यवस्थित ढंग से ग्रामीण क्षेत्रों योजनाओं की क्रियान्वयन में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत एवं समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ाया जा सकें।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि क्रियान्वित योजनाओं की वस्तुस्थिति और गुणवत्ता की जांच के लिए जिला स्तरीय जांच समितियों का गठन किया जाय। समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाय।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.-292876 (Building) 22-23*D has been Group No.-1 to 26 reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 11.05.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 12.05.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 296768 (Building)23-24*D

## OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER ELECTRIC WROKS DIVISION, RANCHI Energy Department, Govt of Jharkhand.

**Very Short Notice Inviting e-quotation**

**Notice No-Energy/EWD/Ranchi/04/23-24**

Quotation through e-tender are invited for rate of Item/materials annexed as Annexure-1 for framing estimate from Reputed Manufacturers/ authorize agency/ Departmental registered contractor. The Item/Material Rate conforming to specifications shall be submitted online in the website Https://Jharkhandtenders.gov.in. Details are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate online from 16/05/2023 at 11:00 hrs. to 22/05/2023 at 14:00 hrs. The quotation will be opened on 23/05/2022 at -14:00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Item/Material Rate at par with lowest market rate for framing of Estimate.

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division,
Ranchi.

PR 296807 Energy(23-24)D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक : 13 मई 2023 (शनिवार)
समय : 07:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक
स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

**सर्वसाधारण को सूचना**

विदित हो कि **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार**, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं **झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार** (झालसा) के नेतृत्व में **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा** के द्वारा दिनांक **13/05/2023**, दिन शनिवार, **समय 07:30 बजे पूवाह्न** से **12:30 बजे** अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोडकर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोडकर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू.अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अत: सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

कुमार गौरव, पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
आदित्य रंजन, उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
विरेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

**नोट:** इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 7:30 बजे पूर्वाहन से 12:30 बजे अपराहन तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

निवेदक:
अभिषेक प्रसाद
मो0 6200937857
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।

PR 296802 Law(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह
पताः–झण्डा मैदान के बगल में स्थित पुराना जेल परिसर, गिरिडीह। पिन–815301
website: www.giridih.nic.in

**अतिअल्पकालीन निविदा वर्ष2023–24**

निविदा संख्या– 04/2023–24 तिथि– 06/05/2023

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) एवं अन्य के अंतर्गत पूर्व वर्ष की भाँति **Formulated Spawn Feed गिरिडीह जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पाद कों एवं मत्स्य पालकों को मै सफीड एवं फ्लोटिंग फिश फीड आपूर्ति** के लिए उसके क्रय करने हेतु मुहर बन्द निविदा 04.05.2023 तक आमंत्रित की गई थी। निर्धारित समय तक सीमित निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | 'शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गिरिडीह जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पाद कों एवं मत्स्य पालकों को मै सफीड एवं फ्लोटिंग फिश फीड की आपूर्ति |
| 2 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम | जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह। |
| 3 | कार्य की अवधि | 2023–24 |
| 4 | निविदा वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि | 06/05/2023 |
| 5 | निविदा की कुल राशि | लगभग रू0/– 6,00,000.00 |
| 6 | अग्रधन राशि | रू0/– 75,000.00 |
| 7 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18/05/2023 के अपराह्न 12:30 बजे |
| 8 | निविदा निस्तारण की तिथि एवं समय | 18/05/2023 के अपराह्न 01:00 बजे |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने एवं खोलने का स्थान | डी0आर0डी0ए0 सभा कक्ष, नया समाहरणालय, पपरवाटाँड़, गिरिडीह। |
| 10 | संपर्क संख्या | मो0– 7979947030 ई–मेल–dfogiridih00@gmail.com |

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह के सूचनापट्ट एवं www.giridih.nic.in पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR296695 (Fish)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 03/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अवधि : दिनांक 12.05.2023 से दिनांक 15.05.2023 तक (कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 16.05.2023 को 2:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.05.2023 को 3:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा डालने एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।

कार्य का विवरण :–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसुरियाखांड़ का जीर्णोद्धार कार्य। | 7,83,300.00 | 15,700.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 2 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुरहुल का जीर्णोद्धार कार्य। | 7,39,600.00 | 14,800.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 3 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोंगा का जीर्णोद्धार कार्य। | 9,02,100.00 | 18,100.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 4 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय डटमा का जीर्णोद्धार कार्य। | 7,33,300.00 | 14,700.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 5 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय अरेया का जीर्णोद्धार कार्य। | 6,38,700.00 | 12,800.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 6 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय महादेव टोली का जीर्णोद्धार कार्य। | 7,69,250.00 | 15,400.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 7 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुंदगढ़ी का जीर्णोद्धार कार्य। | 4,74,250.00 | 9500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 8 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बक्सीटोली का जीर्णोद्धार कार्य। | 2,37,600.00 | 4800.00 | 500.00 | 2 माह |
| 9 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केरा टोली का जीर्णोद्धार कार्य। | 7,43,150.00 | 15,000.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 10 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय आरा का जीर्णोद्धार कार्य। | 8,24,800.00 | 16,500.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 11 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बदलाटोली का जीर्णोद्धार कार्य। | 9,37,750.00 | 18,800.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 12 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौकनी का जीर्णोद्धार कार्य। | 8,64,250.00 | 17,300.00 | 1250.00 | 2 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 296842 Lohardaga(23-24)D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 16.05.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 17.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 17.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Electrical work around the Gonda Dam-67 Nos. Pole and 3 Nos. High Mast Light under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 14,56,262.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 2. | Estimate for Renovation of Spillway Redial Gate and replacing of Rubber seal and accessories of spillway etc. at GONDA DAM under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 19,09,677.00 | 39,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| 3. | Special repair of 4 Unit one block Officer Grade Quarter in front of Chief Minister's Residence, Kanke Road under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 21,11,769.00 | 43,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |
| 4. | Repairing & Damaged Compound wall at water Tower Campus Ratu Road under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 23,50,425.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 5. | Construction of sluice valve Chamber and Mis. Work at Water Tower Campus Ratu Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 23,57,400.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |
| 6. | Replacement of FRP Plate for Lamella Clarifier Tank No-03 and its allied work at WTP GONDA under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 24,59,650.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |
| 7. | Replacement of FRP Plate for Lamella Clarifier Tank No-04 and its allied work at WTP GONDA under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 24,59,650.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 296771 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## टेनिकोइट का निःशुल्क समर कैंप बेलडीह स्पोर्ट्स कॉर्नर में 10 मई से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड टेनिकोइट द्वारा निःशुल्क समर कैंप 10 मई से 25 मई तक धातकीडीह स्थित बेलडीह स्पोर्ट्स कॉर्नर में आयोजन होगा। कोच शहाबुद्दीन ने बताया कि टेनिकोइट खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को तकनीकी ज्ञान स्किल पूरे खेल की बारीकियों को सिखाने के उद्देश्य से परीक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्कूल बच्चों के साथ साथ टेनिकोइट के वर्तमान राष्ट्रीय खिलाड़ी कैंप में भाग ले रहे हैं। इसमें न्यूनतम आयु सीमा 10 से 21 साल रखी गई है। बालक व बालिका दोनों खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य खिलाड़ी में प्रतिभा को तराशना और खेल के प्रति उनकी रूचि बढ़ाना। कैंप में प्रशिक्षक राष्ट्रीय खिलाड़ी सोरो दास, शुभम कुमार शर्मा होंगे मौके पर उपस्थित थे प्रत्यूष, श्रीकांत,रंजीत प्रमाणिक, अंजलि, फरासत आदि शामिल होंगे।

## गोल्डन लीफ रिसॉर्ट में जेसीआई जमशेदपुर पहचान का समर कैंप 11 मई को



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान और मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्धारा संयुक्त रूप से आगामी 11 मई गुरूवार को समर कैंप का आयोजन पारडीह काली मंदिर के पास गोल्डन लीफ रिसॉर्ट में किया गया हैं। साकची स्थित श्री अग्रेसन भवन से बच्चों को ले जाने और लाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस समर कैंप में 17 साल तक के उम्र के बच्चे शामिल हो सकते हैं। एक दिवसीय समर कैंप में खोल, कला और शिल्प तथा शैक्षिक कार्यशालाओं सहित रोमांचक गतिविधियों और कई कार्यक्रमों का प्रदर्शन होगा। यह जानकारी जेसीआई जमशेदपुर पहचान की अध्यक्ष संगीता काबरा ने दी। अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी देने के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। समर कैंप के बारे में अधिक जानकारी के लिए जेसीआई जमशेदपुर पहचान और मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता हैं।

## एचआर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अजय कपूर को टॉप विजनरी सीईओ का मान्यता दी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अडानी सीमेंट की सीमेंट और



निर्माण सामग्री कंपनियां और अडानी समूह का हिस्सा एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स ने घोषणा की है कि अजय कपूर, सीईओ, अडानी सीमेंट, एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स को टॉप विजनरी सीईओ के रूप में मान्यता दी गई है। यह मान्यता एचआर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचआरएआई) द्वारा प्रदान की गई है। एचआरएआई ने 2023 की 23 पहल के हिस्से के रूप में विजनरी सीईओ की सूची की घोषणा की है। इस सूची में ऐसे सीईओ शामिल किए गए हैं, जिन्होंने अपने संबंधित संगठनों में असाधारण नेतृत्व, रणनीतिक दृष्टि और व्यापार कौशल का प्रदर्शन किया है। अजय कपूर, सीईओ, सीमेंट बिजनेस, ने कहा, 'एचआर एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा टॉप विजनरी सीईओ के बीच मान्यता मिलने पर मैं वास्तव में विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अडानी सीमेंट की पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है।

## वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर मरीजों के बिच फल पैकेट का किया गया वितरण



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल सरायकेला में सिविल सर्जन डॉक्टर विजय कुमार एवं रेडक्रॉस सचिव देवाधिदेव चटर्जी के द्वारा सभी इंडोर वार्ड में इलाजरत मरीजों के बीच फल पैकेट का वितरण किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने विभिन्न वार्ड में इलाजरत मरीजों से वार्ता कर स्वास्थ्य के स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में डॉक्टर विजय कुमार ने टीवी मरीजों तथा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु योग्यता रखने वाले लाभुकों/ मरीजों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभान्वित करने की बात कही। निरिक्षण क्रम में उन्होंने उपस्थित डॉक्टर्स को सभी मरीजों के स्वास्थ्य के स्थिति पर नजर बनाए रखने तथा समय पर दवा उपलब्ध कराने समेत कई आवश्यक दिशा निदेश दिए। इस दौरान उपरोक्त के अलावा डीपीएम निर्मल दास, अस्पताल प्रबंधक संजीत कुमार, डॉक्टर खेलाराम समेत विभिन्न डॉ एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## प्रशांत पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी भाजपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में हुए शामिल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा झारखंड प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार पिछले दिनों शास्त्री नगर की घटित घटना में निर्दोष भाजपाईयों एवं राम भक्तों को जेल भेजने के खिलाफ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में कार्यक्रम में आज भाजपा सोनारी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ सोनारी राममंदिर अटल चौक से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र प्रताप सिंह,भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनू ठाकुर, महामंत्री नारायण प्रसाद, किशोर साहू समेत पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल थे।

# हथियाडीह में पावर सब स्टेशन का मंत्री चंपई सोरेन ने किया उद्घाटन

### औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर समेत अन्य उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर समेत अन्य उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के उद्देश्य से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा करीब दस करोड़ की लागत से बनाए गए अत्याधुनिक गैस इंसुलेटेड सिस्टम पर आधारित हथियाडीह 33/11 केवी पावर सब स्टेशन का सोमवार को राज्य के परिवहन सह आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर एसिया अध्यक्ष संतोष खेतान, कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद आदि भी मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री ने संबोधन में कहा कि विद्युत उपकेंद्र की स्थापना होने से संपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र को अब बेहतर तरीके से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी क्षेत्रों को बिजली मिल सके। इसी तर्ज पर जिले में कुल 11सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। कहा कि इसके अलावा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क आदि के क्षेत्र में भी सरकार लगातार बेहतर प्रयास कर रही है। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि डेडीकेटेड फीडर के माध्यम से इंडस्ट्री को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के उद्देश्य से इस पावर सब स्टेशन की स्थापना की गई है। दस करोड़ की लागत से बना यह विद्युत सबस्टेशन गैस इंसुलेटेड सिस्टम पर आधारित है जिसमें लेटेस्ट %कटिंग एज टेक्नोलॉजी% का प्रयोग किया गया है। बताया गया है कि हथियाडीह पावर सब स्टेशन में गम्हरिया के रामचंद्रपुर ग्रिड से 33/11 केवी विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से अंडर ग्राउंड केबलिंग किया गया है। सब स्टेशन में 2м10 एमबीए का दो ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस सब स्टेशन के शुरू होने से औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी और स्थानीय उद्योगों को अब दूसरे विद्युत आपूर्ति एजेंसियों पर निर्भर नहीं रहना होगा।



## सरकारी भूमि अतिक्रमण का अंचल निरीक्षक ने किया स्थल जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर मौजा अंतर्गत राधा स्वामी रोड, न्यू मन्दिर के समीप सरकारी भूमि के अतिक्रमण की शिकायत पर गम्हरिया के अंचल निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने स्थल की जांच की। इस दौरान अंचल उप निरीक्षक राजेश्वर पंडित और अंचल अमीन राज किशोर भगत भी मौजूद थे। जांच के दौरान पाया गया कि भूमाफिया द्वारा उक्त मौजा अंतर्गत खाता संख्या 48, प्लॉट संख्या 1678, रकवा 2.76 एकड़ अनावाद झारखंड सरकार की भूमि को अवैध रूप से कब्जा किया गया है। जांचोपरांत, सीआई ने अंचलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपकर उक्त भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। सीओ मनोज कुमार ने बताया कि इस सम्बंध में उच्चाधिकारियों का निर्देश तथा पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध होते ही उक्त सरकारी भूखंड से अतिक्रमण हटाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कदमा उपद्रव मामले में भाजपा ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ डीसी ऑफिस समक्ष किया धरना-प्रदर्शन

## सरकार की कठपुतली बनकर कार्य ना करें प्रशासन : दीपक प्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सांप्रदायिक उपद्रव मामले में प्रशासन द्वारा निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर बिना जांच पड़ताल किये दर्जनों गलत धाराओं को जोड़कर गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आहूत प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत जमशेदपुर के तमाम बड़े नेता व हजारों कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ हुंकार भरा। इस दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में जिला प्रशासन की पक्षपाती पुलिसिया कार्रवाई को अनुसूचित बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। धरना-प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा एवं हिंदूवादी नेताओं के सम्मानपूर्वक रिहाई एवं हेमंत सरकार के खिलाफ स्लोगन वाले पोस्टर हाथों में लेकर विरोध दर्ज कराया।



## सांसद व विधायक ने किया दो स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

### जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाने का आश्वासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट निधि से स्वीकृत पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोड़सा में पांच व प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय माचा में छह कमरा स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। जोड़सा में स्कूल भवन का निर्माण 69 लाख रुपये से बलिया एंटरप्राइजेज जमशेदपुर व माचा में 67 लाख रुपये से काब्या एंटरप्राइजेज जमशेदपुर के देखरेख में किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने दोनों ही संवेदक को गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण करने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों की मांग पर सांसद व विधायक ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोड़सा को प्लस टू का दर्जा दिलाने व जोड़सा गांव के करीब 2 किमी जर्जर सड़क का मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाने के लिए राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को पत्राचार किया गया था। लेकिन दुर्भाग्य है कि मंत्री अब हमारे बीच में रहे ही नही। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जोड़सा स्कूल को प्लस टू का दर्जा दिलाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पार्षद खगेन महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, मुचीराम बाउरी, सुभाष कर्मकार, मंटु चरण दत्त, आदि थे।



## भरत सिंह को मीडिया महाकुंभ राष्ट्रीय गौरव अवार्ड 2023 के लिए चयनित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष भरत सिंह को मीडिया महाकुंभ राष्ट्रीय गौरव अवार्ड 2023 के लिए झारखंड से चयनित किया गया है। इसमें भारत के 16 प्रदेशों से दिग्गज पत्रकार शामिल होंगे। झारखंड प्रदेश से चयनित पत्रकारों को अवार्ड के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी भरत सिंह ने दी ।



## सीनी में हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव शुरु

### अर्जुन मुंडा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सीनी रेलवे स्टेशन पर हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव कार्यक्रम में पहुंचे। ट्रेन ठहराव पश्चात मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रैन को रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा भारतीय अर्थव्यवस्था में रेलवे का एक अलग और महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा इस ट्रेन के ठहराव होने से लोगों को बड़ा फायदा होगा। श्री मुंडा ने कहा कि रेलवे सभी रूटों पर अधिक से अधिक रेलों का परिचालन करें और यात्रियों के सुविधाओं में भी इजाफा करें ताकि लोगों को सहूलियत हो सके। जानकारी हो कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत सीनी स्टेशन में ट्रेन संख्या 12021 हावड़ा - बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी। इन स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज 2 मिनट का होगा। ट्रेनों के इन स्टेशनों पर ठहराव से लोगों का काफी खुशी है। मौके पर मीरा मुंडा, डीआरएम ए जे राठौड़, विजय महतो, रमेश हांसदा,जगतकिशोर प्रधान व गणेश माहली समेत अन्य उपस्थित थे।



## जादूगोड़ा डोरकासाई जेवियर पब्लिक स्कूल में मनी रेडक्रॉस दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा के डोरकासाई स्थित जेवियर पब्लिक स्कूल में सोमवार को रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चो ने पेंटिंग बनाकर रेड क्रॉस के महत्व व उसकी उपयोगिता के प्रति बच्चों को जागरूक किया। स्कूल के निर्देशक सुनील सिंह ने रेडक्रॉस दिवस मनाने के कारणों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का काम है सेवा धर्म। बिना किसी भेदभाव के यह संस्था लोगों को मदद करती है। इस संस्था का एक महत्वपूर्ण काम है रक्तदान महादान।आज के दिन अलग अलग कई जगहो पर रक्तदान का भी आयोजन रेड क्रॉस आयोजित करती है। कार्यक्रम की मेजबानी विद्यालय की प्राचार्या अंजू दास, डिप्टी डायरेक्टर निभा सिंह ने की। इस मौके पर कार्यक्रम में राजीव रंजन, धर्मेंद्र कुमार, बबीता सिंह, मीना साहू, विजय नारायण राय, सीमा दास, सुनीता, निकुंज हेंब्रम, खिरोदा साहू, विद्यालय के पीआरओ (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) यश राज उपस्थित थे।



## ह्यूमन वेलफेयर ने अहसीन इंटरनेशनल स्कूल के सौजन्य से एमजीएम में बांटा भोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सह अहसीन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आसिफ की ओर से रविवार को एमजीएम हॉस्पिटल में जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर अहसीन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना द्विवेदी ने एमजीएम अस्पताल 500 से अधिक मरीजों के अभिभावक, रिश्तेदार,अटेंडर एवं छोटे बच्चों के बीच वेज पुलाओ, पावरोटी, केला और मिनरल वॉटर अपने हाथों से बांटा। उन्होंने बताया के ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से पिछले दिनों गरीब रिक्शा चालकों को मुफ्त रिक्शा भेंट कर रिक्शा मालिक बनाया। कहा, मैं अहसीन इंटरनेशनल स्कूल एवम ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के साथ हमेशा ही जुड़ी रहूंगी। भोजन वितरण के बाद ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एक गरीब मरीज की आर्थिक सहायता भी की। कार्यक्रम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, तबरेज आलम, मुख्तार आलम खान, ताहिर हुसैन, मोइनुद्दीन अंसारी, ट्रस्ट के शहीद परवेज, मोहम्मद शेरू उपस्थित थे।



## जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के 100 मैच का गवाह बना जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग ने आज एक मील के पत्थर को छू लिया. ग्रासरूट लेवल शुरु हुए इस टूर्नामेंट में आज 100वां मैच खेला गया, जिसका गवाह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का आर्चरी ग्राउंड बना। 100वां मैच कार्मेल फाइटर्स और जेपीएस जूनियर्स के बीच अंडर 9 आयु वर्ग में खेला गया, जिसमें कार्मेल फाइटर्स ने 4-2 से जीत हासिल की। झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी 10 महीने तक चलने वाले जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, जहां शहर भर के बच्चों को 5, 7, 9, 11 और 13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। 10 महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित किया जाता है। टूर्नामेंट के 11 वीकेंड में जमशेदपुर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने फुटबॉल की पिच पर अपने कौशल और क्षमताओं का प्रर्दशन किया. साथ ही उन्हें टीमवर्क और खेल कौशल के महत्व को भी सिखाया गया है.



## सड़क दुघर्टना में मृत प्रमुख के पिता के अंत्येष्टि शामिल हुऐ आम से खास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के



दुबराजपुर के पास रांगामाटी-सिल्ली सड़क पर रविवार की रात सड़क दुर्घटना में ईचागढ़ प्रखंड के प्रमुख गुरुपद मार्डी के पिता फूलचांद माझी की मृत्यु हो गई। 58 वर्षीय फूलचांद माझी राजमिस्त्री का काम करते थे। सोमवार को लाश पोस्टमार्टम से घर पहुंचते ही पुरा गांव मे मातम छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पुरे गांव में सन्नाटा पसर गया। मृतक के अंत्येष्टि में आम से खास शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जानकारी के अनुसार टीकर के टोला दुबराजपुर निवासी ईचागढ थाना क्षेत्र के कुईडीह से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने बाइक से अकेले घर वापस लौट रहे थे । इसी के दौरान दुबराजपुर के सामने ही बालू लदा तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने उसे बुरी तरह से कुचल दिया। वहीं गुरूपद मार्डी ने कहा कि रात को राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है। सड़क सुरक्षा के तहत स्पीड ब्रेकर आदि का व्यवस्था होना चाहिए।

## संपादकीय

# मणिपुर क्यों जल उठा ?

**पूर्वोत्तर** राज्य मणिपुर अचानक जल उठा है। एक आदिवासी समुदाय दूसरे अंतर्जातीय वर्ग को मारने-काटने पर आमादा है। मैतेई और कुकी, नगा समुदाय सनातन दुश्मन रहे हैं, जबकि वे मणिपुर के ही निवासी और नागरिक हैं। हालात इतने उबल चुके थे कि करीब 9000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर या शिविरों में भेजना पड़ा। कफ्र्यू लगा है, धारा 144 लागू है और इंटरनेट-मोबाइल बेमियादी तौर पर बंद हैं। सेना, असम राइफल्स और स्थानीय पुलिस के हजारों जवान तैनात किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय को पत्र लिख कर वायुसेना की सेवाएं मांगी हैं, ताकि विभिन्न केंद्रों से अद्र्धसैन्य बलों के जवानों को एयरलिफ्ट कर मणिपुर के जलते-उबलते जिलों तक पहुंचाया जा सके। सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर घोषणा राज्यपाल ने की है कि दंगाइयों को देखते ही गोली मार दी जाए। यह बेहद असामान्य स्थिति है। मणिपुर निवासी, छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एवं राज्यसभा सांसद मैरी कॉम को, सोशल मीडिया के जरिए, प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुहार लगानी पड़ी है कि मेरा राज्य मणिपुर जल रहा है। कृपा करके इसे बचा लें और शांति बहाल करें।' संवेदनशील और चिंतित पक्ष यह है कि मणिपुर से म्यांमार की सरहद लगती है और वहां भी हालात बेहद हिंसक हैं। हालात आग में घी का काम कर सकते हैं। दरअसल मणिपुर उच्च न्यायालय ने हाल ही में निर्देशात्मक निर्णय सुनाया था कि राज्य सरकार मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने पर विचार करे और भारत सरकार को अनुशंसा भी भेजे। यदि ऐसा कोई निर्णय करना है और जनजाति में किसी समुदाय को शामिल करना है, तो राष्ट्रीय आयोग और केंद्रीय कैबिनेट ही फैसला ले सकते हैं। मामला संसद में भी विचारार्थ रखा जा सकता है। अन्य आदिवासी समुदायों ने उच्च न्यायालय के फैसले का विरोध किया है, नतीजतन मणिपुर एकदम धू-धू कर जलने लगा है। आंदोलित आदिवासियों की आशंका है कि मैतेई उनके अधिकारों, आरक्षण, भूमि और संसाधनों पर कब्जा कर सकते हैं, क्योंकि वे अपेक्षाकृत सम्पन्न, विकसित और ताकतवर हैं। राज्य की करीब 38 लाख आबादी में करीब 53 फीसदी मैतेई हैं। इंफाल घाटी मैतेई बहुल ही है। हालांकि मैतेई राज्य के 10 फीसदी भू-भाग में ही बसे हैं। नगा, कुकी आदिवासी समुदाय शेष 90 फीसदी क्षेत्रफल में रहते हैं, लेकिन उनकी आबादी कम है। बीते साल अगस्त में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की सरकार ने नगा और कुकी जनजाति को 'घुसपैठिया' करार देते हुए राज्य के वन-क्षेत्र से निकालने के आदेश दिए थे। नगा, कुकी नाराज और आंदोलित थे। मैतेई बुनियादी तौर पर हिंदू हैं, जबकि अधिकांश नगा और कुकी ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। मैतेई अपना पक्ष रखते आए हैं कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान उन्हें मुख्य आदिवासी समुदाय माना जाता था। उन्हें 'हिंदू आदिवासी' भी माना गया, लेकिन 1949 में भारतीय संघ में मणिपुर का विलय हुआ और 1950 में मैतेई को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर कर दिया गया। बीते सात दशकों में मैतेई की आबादी 62 फीसदी से घटकर 50 फीसदी के आसपास रह गई है। अब मैतेई अपनी ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति, भाषा की रक्षा करने के मद्देनजर एसटी का दर्जा मांग रहे हैं। यह उनका संवैधानिक हक भी है। वे बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि उन्हें दूसरों के अधिकार और संसाधन नहीं चाहिए। वे अपनी ही जमीन पर पराए हो गए हैं, जबकि वे सबसे प्राचीन आदिवासी हैं। दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा है और जुलूस आदि के आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी भेजा है कि मैतेई की मांग गलत है। बहरहाल, मणिपुर की आग कब शांत होगी, यह देखना अभी शेष है।

> आंदोलित आदिवासियों की आशंका है कि मैतेई उनके अधिकारों, आरक्षण, भूमि और संसाधनों पर कब्जा कर सकते हैं, क्योंकि वे अपेक्षाकृत सम्पन्न, विकसित और ताकतवर हैं। राज्य की करीब 38 लाख आबादी में करीब 53 फीसदी मैतेई हैं। इंफाल घाटी मैतेई बहुल ही है। हालांकि मैतेई राज्य के 10 फीसदी भू-भाग में ही बसे हैं। नगा, कुकी आदिवासी समुदाय शेष 90 फीसदी क्षेत्रफल में रहते हैं, लेकिन उनकी आबादी कम है। बीते साल अगस्त में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की सरकार ने नगा और कुकी जनजाति को 'घुसपैठिया' करार देते हुए राज्य के वन-क्षेत्र से निकालने के आदेश दिए थे। नगा, कुकी नाराज और आंदोलित थे। मैतेई बुनियादी तौर पर हिंदू हैं, जबकि अधिकांश नगा और कुकी ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। मैतेई अपना पक्ष रखते आए हैं कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान उन्हें मुख्य आदिवासी समुदाय माना जाता था।

## अमृत कलश

# प्रतिशोध विनाशकारी

**दक्षिण** अफ्रीका के राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार नेल्सन मंडेला अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ एक रेस्तरां में खाना खाने गये। सबने अपनी अपनी पसंद का खाना आर्डर किया और खाना आने का इंतजार करने लगे। उसी समय मंडेला की सीट के सामने वाली सीट पर एक व्यक्ति अपने खाने का इंतजार कर रहा था। मंडेला ने अपने सुरक्षा कर्मी से कहा कि उसे भी अपनी टेबल पर बुला लो। ऐसा ही हुआ। खाना आने के बाद सभी खाने लगे, वो आदमी भी अपना खाना खाने लगा, पर उसके हाथ खाते हुए कांप रहे थे। खाना खत्म कर वो आदमी सिर झुका कर रेस्तरां से बाहर निकल गया। उस आदमी के जाने के बाद मंडेला के सुरक्षा अधिकारी ने मंडेला से कहा कि वो व्यक्ति शायद बहुत बीमार था, खाते वक़्त उसके हाथ लगातार कांप रहे थे और वह ख़ुद भी कांप रहा था। मंडेला ने कहा नहीं ऐसा नहीं है। वह उस जेल का जेलर था, जिसमें मुझे कैद रखा गया था। जब कभी मुझे यातनाएं दी जाती थीं और मैं कराहते हुए पानी मांगता था तो ये मेरे ऊपर पेशाब करता था। मंडेला ने कहा ,"मैं अब राष्ट्रपति बन गया हूं, उसने समझा कि मैं भी उसके साथ शायद वैसा ही व्यवहार करूंगा। पर मेरा चरित्र ऐसा नहीं है। मुझे लगता है बदले की भावना से काम करना विनाश की ओर ले जाता है। वहीं धैर्य और सहिष्णुता की मानसिकता हमें विकास की ओर ले जाती है।

## बोध कथा

# उपकार का बोझ

**एक** बार एक राजा के राज्य में एक सिद्ध महात्मा जी का आगमन हुआ। महात्मा जी की कीर्ति राजा ने सुन रखी थी इसलिए पूरे राजसी अंदाज़ में हीरे-जवाहरात और उत्तम भोग से भरे भेंट के कई थाल लिये हुए वह उनके दर्शन को पहुंचा। महात्मा जी उस समय कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने राजा को संकेत में बैठने का निर्देश दिया । महात्मा जी सबसे विदा लेकर राजा के पास पहुंचे तो राजा ने भेंट के थाल महात्मा जी की ओर बढ़ा दिये। महात्मा जी थोड़े से मुस्कुराये। हीरे-जवाहरातों को भरे थालों को उन्होंने छुआ तक नहीं । हां बदले में एक सूखी रोटी अपने पास से निकाली और राजा को देकर कहा- इसे खा लीजिए। राजा ने सूखी रोटी देखी तो उसका मन कुछ बिदका ,पर लगा कि महात्मा का दिया प्रसाद है, खा ही लेना चाहिए।उसने रोटी खाई पर रोटी सख्त थी।राजा से चबायी नहीं गई। तब महात्मा जी ने कहा, "जैसे आपकी दी हुई वस्तु मेरे काम की नहीं है उसी तरह मेरी दी हुई वस्तु आपके काम की नहीं । हमें वही लेना चाहिए जो हमारे काम का हो । अपने काम का श्रेय भी नहीं लेना चाहिए। बिना आवश्यकता किसी से लिया हुआ एक कंकड-पत्थर भी बहुत भारी चट्टान के बोझ जैसा हो जाता है । परमार्थ के लिये लिया गया विपुल धन भी फूलों के हार जैसा है जिसे धारण करना चाहिए।

## राज्य के पश्चिमी एवं पूर्वी इलाकों में सड़क मार्ग की उपलब्धता में अतुलनीय सुधार किया जा रहा

# एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रयास करते कुछ राज्य

**प्रहलाद सबनानी**

> वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 29,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। परंतु राज्य को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अब वर्ष 2027 तक आवश्यक विकास दर 34 .5 प्रतिशत प्रतिवर्ष हासिल करनी होगी। इतनी भारी भरकम विकास दर हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को विशेष प्रयास करने होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का योगदान 27 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र का योगदान 50 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 22 करोड़ है, अत : राज्य में आर्थिक विकास के साथ उत्पादों की भारी भरकम मांग उत्पन्न की जा सकती है।

**भारत** को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी कॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो निश्चित ही इसका रास्ता विभिन्न राज्यों के विकास के मार्ग से होकर जाता है। यह हर्ष का विषय है कि भारत के कुछ राज्य अपनी अर्थव्यवस्था को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की ओर ले जाने के गम्भीर प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन राज्यों में शामिल हैं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक एवं तमिलनाडु। इन राज्यों की वर्तमान में (वर्ष 2021-22) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का स्तर, वर्तमान में वास्तविक वार्षिक विकास दर एवं आगे आने वाले समय में आवश्यक विकास दर की स्थिति पर विचार करने पर ध्यान में आता है कि इनमें से कुछ राज्यों को अपने लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करने होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य ने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 29,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। परंतु राज्य को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अब वर्ष 2027 तक आवश्यक विकास दर 34.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष हासिल करनी होगी। इतनी भारी भरकम विकास दर हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को विशेष प्रयास करने होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का योगदान 27 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र का योगदान 50 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 22 करोड़ है, अतः राज्य में आर्थिक विकास के साथ उत्पादों की भारी भरकम मांग उत्पन्न की जा सकती है एवं उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था खपत आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है। इससे उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की प्रबल सम्भावनाएं मौजूद हैं। हालांकि हाल ही के समय में उत्तर प्रदेश राज्य विकास के पथ पर चल पड़ा है। राज्य के पश्चिमी एवं पूर्वी इलाकों में सड़क मार्ग की उपलब्धता में अतुलनीय सुधार किया जा रहा है। नए नए सड़क मार्ग के कोरिडोर एवं एक्स्प्रेस रास्तों का निर्माण किया जा रहा है। आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। इन



समस्त सुविधाओं के बढ़ने से उत्तर प्रदेश राज्य में भारी भरकम निवेश आकर्षित हो रहा है एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश राज्य के नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों की ओर कम प्रस्थान कर रहे हैं। दिनांक 10 फरवरी 2023 को उत्तर प्रदेश राज्य ने एक निवेश सम्मेलन 2023 का आयोजन किया था। इस वैश्विक निवेश सम्मेलन में भारतीय कम्पनियों के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भी भाग लिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सम्मेलन में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश की राशि के प्रस्ताव प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। परंतु, आश्चर्यजनक रूप से इस वैश्विक निवेश सम्मेलन में 33 लाख करोड़ रुपए के 18,643 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे उत्तर प्रदेश में 92.5 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य तो कुछ वर्ष पूर्व तक बीमारु राज्य की श्रेणी में शामिल था परंतु अब देश में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल हो गया है। अतः अब उम्मीद की जा रही है कि उत्तर प्रदेश राज्य वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी प्रकार महाराष्ट्र राज्य ने भी अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 43,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं वास्तविक विकास दर लगभग 10 प्रतिशत रही है। अब आने वाले वर्षों में, वर्ष 2030 तक महाराष्ट्र राज्य को अपनी अर्थव्यवस्था को औसतन 12.5 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष आगे बढ़ाना होगा। यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वैसे भी महाराष्ट्र राज्य औद्योगिक विकास के मामले में भारत के अग्रणी राज्यों में रहा है। मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी भी कहा जाता है। महाराष्ट्र राज्य ने भी 120,000 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किये हैं। निवेश के इन प्रस्तावों पर तेजी से कार्य चल रहा है। अतः महाराष्ट्र राज्य द्वारा वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया जाएगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है। गुजरात राज्य ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में गुजरात राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 28,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं वास्तविक विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। अब गुजरात राज्य को उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2027 तक प्रतिवर्ष औसतन 16.1 प्रतिशत की विकास दर हासिल करनी होगी। यह विकास दर आसानी से हासिल की जा सकती है। गुजरात राज्य ने भी 163,000 करोड़ रुपए के राज्य में निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किए हैं एवं इन प्रस्तावों के अंतर्गत राज्य में तेज गति से निवेश हो भी रहा है। गुजरात राज्य भारत के विकसित राज्यों में शामिल है एवं गुजरात में आर्थिक विकास की दर पिछले लम्बे समय से उत्साहजनक बनी हुई है। गुजरात के पास देश में सबसे बड़ी समुद्री सीमा है, जिससे अन्य देशों के साथ उत्पादों का आयात एवं निर्यात आसानी से हो सकता है। पूर्व के वर्षों में हासिल की गई आर्थिक विकास दर को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है कि गुजरात राज्य वर्ष 2027 तक 50,000 करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। कर्नाटक राज्य ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2021-22 में कर्नाटक राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 24,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर था एवं वास्तविक विकास दर लगभग 13 प्रतिशत की रही है। अब कर्नाटक राज्य को वर्ष 2027 तक प्रतिवर्ष औसतन 32 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना होगा तभी कर्नाटक राज्य एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वर्ष 2027 तक बन सकेगा।

# कर्नाटक में तुष्टिकरण की चुनावी राजनीति

> गौरतलब है क‍ि कर्नाकट देश के विकसित राज्यों में शुमार है इसके बावजूद पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं के अभाव की मार हर साल मौसम परिवर्तन के साथ ही आम लोगों को झेलनी पड़ती है। राजधानी बंगलुरू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईटी हब के तौर पर पहचान बना चुकी है। देश की प्रमुख आईटी कंपनियों के हजारों कर्मचारी यहां कार्यरत हैं। इसके अलावा दूसरे बड़े उद्योगों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। बारिश के मौसम में पिछले कई सालों से प्रदेश की राजधानी की हालत बाढग़्रस्त क्षेत्र जैसी हो जाती है। पिछले साल मानसून के दौरान हुई बारिश से लगभग पूरा बंगलुरू जलमग्न हो गया। हालात यह हो गए क‍ि शहर में नावों के जरिए लोगों को बचाव करना पड़ा। इसी तरह शहर प्रदूषण की मार भी लंबे अर्से से झेल रहा है। शहर की एक झील में कैमिकल वेस्ट से बने झागों की तस्वीरें राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रही हैं। इससे निपटन के उपायों के भी गंभीरता से प्रयास नहीं किए गए। ऐसे चुनावी मुद्दे मुखरता से उठाने के बजाय हाशिए पर कधेले जा चुके हैं...

**कर्नाटक** चुनाव प्रचार के शोर से आगामी लोकसभा चुनाव के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रचार के इस शोर में प्रदेश और देश के विकास के मुद्दे गौण हो चुके हैं। भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ व्यक्तिगत लांछन लगा कर चुनाव की लोकतांत्रिक गरिमा को दूषित करने का प्रयास किया है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस और बीजेपी के स्टार प्रचारकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग के मुताबिक बीजापुर शहर से बीजेपी उम्मीदवार व पार्टी के स्टार प्रचारक बासन गौड़ा आर पाटिल और चित्तपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडक़े के बेटे प्रियांक खडग़े को कारण बताओ नोटिस भेजा है। बीजेपी उम्मीदवार बासन गौड़ा पाटिल ने कोप्पल जिले के यालबुर्ग इलाके में जनसभा में सोनिया गांधी को लेकर विवादित बयान दिया था। इसके अलावा आयोग को ये भी शिकायत मिली कि कांग्रेस नेता प्रियांक खडग़े ने 30 अप्रैल को कलबुर्गी की जनसभा में प्रधानमंत्री के लिए विवादित बयान दिया था। भाजपा और कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं। घोषणा पत्र में किए गए वादे पीछे छूट गए हैं। इन घोषणा पत्रों पर चर्चा करने के बजाय एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाने से मतदाताओं को दिग्भ्रमित करने की कवायद से कर्नाटक के साथ देश को क्षति पहुंचाई जा रही है। इस चुनाव को विपक्षी एकता के लिहाज से यदि लिटमस टेस्ट माना जाए तो स्पष्ट है कि आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसी कवायद बिल्कुल भी सिरे नहीं चढ़ पाएगी। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस कर्नाटक में अपने बलबूते चुनाव लड़ रही है। जनता दल (एस) और आम आदमी पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इससे जाहिर है कि विपक्षी एकता के प्रयास अभी दूर की कौड़ी हैं। राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार बेशक प्रयासरत हैं किन्तु कनार्टक में विपक्षी एकता के बिखराव की हालत देख कर ऐसे प्रयासों की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों का दबदबा है, उनमें ये दल विपक्षी एकता के लिए किसी दूसरे दल से सीटों पर समझौता करके बलि वेदी पर चढ़ने को तैयार नहीं हैं। यही वजह है कि कर्नाटक में जनता दल (एस), कांग्रेस और आप चुनाव मैदान में हैं। विपक्षी एकता के इस बिखराव से भाजपा को पूर्व में भी चुनावी फायदा मिलता रहा है और कर्नाटक में भी मिल सकता है। कर्नाटक के चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस तथा जनता दल (एस) ने चुनावी घोषणा पत्रों में वादों की बौछार की है। इसके विपरीत चुनाव में विकास और समस्याओं के समाधान को दरकिनार कर फिजूल के मुद्दे हावी हैं। भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप लगाने में कसर नहीं छोड़ रही हैं, ऐसे में घोषणा पत्र महज दिखावा साबित हो रहे हैं। घोषणा पत्रों पर सवाल-जवाब करने के बजाय इतर मुद्दों पर जोर देने से कर्नाटक में बुनियादी सुविधाओं के मसले दरकिनार कर दिए गए हैं। दरअसल विपक्षी दलों की जिम्मेदारी बनती है कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकाल के दौरान छूट गए विकास के कार्यों को मुद्दा बनाएं। इसके विपरीत कांग्रेस ने चुनाव का रंग ही बदल दिया। विकास के बजाय दूसरे आरोप और विकास विरोधी मुद्दों को हवा दे डाली। कांग्रेस ने चुनाव प्रचार को बदरंग करने की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी पर निजी रूप से टिप्पणी करके की। इसके बाद दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोपों की बाढ़ आ गई। दोनों दलों के नेता निजी हमले करके एक-दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। विकास के मुद्दे दरकिनार कर दिए गए। कांग्रेस ने बजरंग दल के साथ पीएफआई पर प्रतिबंध जैसे बेबुनियाद मुद्दे को लाकर भाजपा को अपने बचाव के लिए बड़ा चुनावी प्रचार का हथियार थमा दिया। बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करना भाजपा को खटक गया। भाजपा ने अब इसे प्रमुख मुद्दा बना कर बजरंग बली से जोड़ दिया। ऐसे धार्मिक मुद्दों पर भाजपा पूर्व में कांग्रेस पर हावी रही है। कांग्रेस की इस तरह की चुनावी शुरुआत के साथ भाजपा खुल कर धार्मिक मसले पर सामने आ गई। विकास और घोषणा पत्रों में किए गए वायदों के बजाय अब यह प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया है। इस मुद्दे पर वोटों का ध्रुवीकरण किया जा रहा है। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया। घोषणा पत्र के वायदे सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गए। गौरतलब है कि कर्नाटक देश के विकसित राज्यों में शुमार है। इसके बावजूद पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं के अभाव की मार हर साल मौसम परिवर्तन के साथ ही आम लोगों को झेलनी पड़ती है। राजधानी बंगलुरू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईटी हब के तौर पर पहचान बना चुकी है। देश की प्रमुख आईटी कंपनियों के हजारों कर्मचारी यहां कार्यरत हैं। इसके अलावा दूसरे बड़े उद्योगों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। बारिश के मौसम में पिछले कई सालों से प्रदेश की राजधानी की हालत बाढग़्रस्त क्षेत्र जैसी हो जाती है। पिछले साल मानसून के दौरान हुई बारिश से लगभग पूरा बंगलुरू जलमग्न हो गया। हालात यह हो गए कि शहर में नावों के जरिए लोगों को बचाव करना पड़ा। इसी तरह यह शहर प्रदूषण की मार भी लंबे अर्से से झेल रहा है। शहर की एक झील में कैमिकल वेस्ट से बने झागों की तस्वीरें राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रही हैं। इससे निपटने के उपायों के भी गंभीरता से प्रयास नहीं किए गए। ऐसे चुनावी मुद्दे मुखरता से उठाने के बजाय हाशिए पर धकेले जा चुके हैं। विपक्षी दलों के पास कर्नाटक के विकास से जुड़े इस तरह के दूसरे मुद्दों पर भाजपा को कटघरे में खड़ा करने का अच्छा मौका था। इसके बजाय वोटों की तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए दूसरे मुद्दे हावी हो गए। चुनावी में विकास से इतर मुद्दे प्रमुख होने के कारण सत्तारूढ़ भाजपा को जवाबदेही से बचने का मौका मिल गया। कर्नाटक चुनाव के मद्देनजर इस बात की संभावना कम है कि आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसे मुद्दे विकास और देश के भविष्य की रूपरेखा का स्थान नहीं लेंगे। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने चुनावों के दौरान पूर्व में भी ऐसे अनावश्यक मुद्दे भाजपा को थमाए हैं। ऐसे में कांग्रेस को लेकर विपक्षी एकता की कवायद के मंसूबों पर पानी फिर सकता है।चुनाव प्रचार के शोर से आगामी लोकसभा चुनाव के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रचार के इस शोर में प्रदेश और देश के विकास के मुद्दे गौण हो चुके हैं। भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ व्यक्तिगत लांछन लगा कर चुनाव की लोकतांत्रिक गरिमा को दूषित करने का प्रयास किया है।

## नजरीया

# फलों की आयातित किस्मों का महत्त्व

**हिमाचल** में पिछले कुछ वर्षों से एक नया सिलसिला शुरू हुआ है, विदेशों से फलों की नई किस्में मंगाने का। पहले सेब के ही पौधे मंगाए जाते थे, पर अब अन्य फलों जैसे चेरी, प्लम, खुबानी, नाख आदि फलों के पौधे भी आयात करके किसानों को बेचे जा रहे हैं। शुरू में यह काम केवल सरकार ही किया करती थी, पर अब बहुत से बागबान, जिनकी नर्सरियां हैं, भी करने लगे हैं और इन पौधों को बेच कर खूब कमाई कर रहे हैं। लोग सोचते हैं कि क्योंकि ये पौधे विदेशों से आए हैं, इसलिए अवश्य ही अच्छे होंगे, और लोग इनको धड़ाधड़ खरीद रहे हैं। पर इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ऐसा ही होगा। यह जरूरी नहीं है कि सेब या किसी अन्य फल की कोई किस्म जो इटली या अमेरिका में अच्छे परिणाम दे रही हो, यहां भी वैसे ही परिणाम देगी जैसे वहां दे रही है। फलदार पौधों की बढ़त और फलन बहुत से कारकों पर निर्भर करती है। अगर इनमें से सभी अनुकूल नहीं होंगे, तो सफलता नहीं मिलेगी और सारी मेहनत और खर्च बेकार हो जाएगा। हिमाचल में सबसे पहले सेब के पौधे कुल्लू घाटी में लगे थे, पर ये पेड़ उतने कामयाब नहीं हो सके जितने बाद में शिमला में लगे कामयाब हुए। कारण यह था कि कुल्लू में सेब के बाग लगाने वाले अंग्रेज थे और उन्होंने इंग्लैंड की किस्मों के पेड़ लगाए, जिनको कुल्लू का जलवायु रास नहीं आया और वे व्यापारिक तौर पर उतने लोकप्रिय नहीं हुए। ऐसा ही कोटगढ़ के इलाके में भी हुआ था। कोटगढ़ में सेब का पहला बागीचा स्टोक्स से बहुत पहले एक स्थानीय तहसीलदार (मुझे नाम याद नहीं आ रहा है) लगाया था, पर उन्होंने भी इंग्लैंड की ही किस्में लगायीं जो सफल नहीं हुईं। स्टोक्स क्योंकि अमेरिकन थे इसलिए उन्होंने पौधे अमेरिका से मंगवाए। वो किस्में अलग थीं और वो यहां की जलवायु में सफल हो गई। यह एक संयोग ही था। स्टोक्स कोई फल वैज्ञानिक नहीं थे। फलों की किस्मों की सफलता बहुत सी बातों पर निर्भर करती है। स्टोक्स के टाइम में भी कोई 8-10 किस्में आई थीं, उनमें ही 3-4 ही लोकप्रिय हुईं। सेब की इन नई किस्मों के आने तक हिमाचल में सेब की सौ से आधिक किस्में हिमाचल के विभिन्न फल अनुसंधान केंद्रों में लगी हुई थी, पर लोगों ने तीन-चार किस्में ही लगाईं और पिछले कई दशकों तक वे ही लगाई जाती रहीं। अब कोई दस एक साल से नई किस्में लगाने का काम शुरू हुआ है। फलों की जो ये किस्में विदेशों से आयातित करके लोगों को बांटी जा रही हैं, ये हमारे यहां कैसी चलेंगी, सफल होंगी या नहीं, इस बात की कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। किस्मों का चुनाव करने से पहले इनका कोई परीक्षण नहीं किया गया है। इसलिए कहा नहीं जा सकता कि ये नई किस्में कैसे परिणाम देंगी। अधिकतर मामलों में किस्मों का चुनाव लिटरेचर में उपलब्ध इन किस्मों के विवरण या फिर नर्सरी वालों की सिफारिश के आधार पर किया गया है। इस चुनाव का कोई खास वैज्ञानिक आधार नहीं था।

## देश दुनीया से

# पुनः ओपीएस के काबिल

**अपनी** जिरह को जिम्मेदारी के अक्स में साबित करना नामुमकिन नहीं, लेकिन ज्वारभाटे से भरे समुद्र में किश्ती लेकर भी जो वचनबद्धता के साथ उतर जाए, उसे उसूल कहते हैं। इसलिए सुक्खू सरकार चुनावी गारंटियों को उसूल बनाती हुई आगे बढ़ रही है। बेशक गारंटियां सियासी जमीं की पेशकश रहीं या प्रदेश के आर्थिक हालात में इन्हें अमल में लाना मुश्किल है, लेकिन प्रदेश सरकार ने अपने इरादों का खुलासा करते हुए पहले स्पीति की लगभग नौ हजार महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए प्रति महीने की दर से नवाजा और अब ओल्ड पेंशन स्कीम के सारे दरवाजे खोल दिए। अंततः बीस साल बाद पुनः सरकारी कर्मचारी अपनी प्राथमिकता से चुन पाएंगे कि उन्हें एनपीएस को छोडक़र ओपीएस के काबिल होना है या यथावत रहना है। इस तरह एनपीएस के तहत चल रहे एक लाख छत्तीस हजार कर्मचारियों के पक्ष में यह सुक्खू सरकार का सबसे अहम फैसला सामने आया है। यह भी उस समय जब विपक्ष में बैठी भाजपा जोर शोर से सरकार को गारंटियों पर घेर रही थी और इसकी आंच पर शिमला नगर निगम के चुनाव कोभुनाना चाहती थी। बहरहाल सरकार ने एक फार्मूले के तहत कर्मचारी वर्ग को उस एहसास का न्यौता दिया है, जो साठ दिनों के भीतर ओपीएस या एनपीएस में से किसी एक को चुनने के आर्थिक लाभ परोस देगा। जाहिर है कुछ तो पुरानी पेंशन की रिवायतें बदलेंगी या एनपीएस के तहत अब तक जमा राशि का केवल एक भाग ही हासिल होगा। सरकार पहले से रिटायर लोगों के प्रति भी अपनी वचनबद्धता निभाते हुए ओल्ड पेंशन के हस्ताक्षर कर रही है। अलबत्ता कुछ शर्तें हैं जिन्हें स्वीकार करते हुए कर्मचारियों को अपनी कंट्रीब्यूशन के खातों की गांठ ढीली करनी पड़ सकती है या सरकार से देय राशि के भुगतान में एक नई पद्धति के हिसाब से वित्तीय लाभ हासिल होंगे। एनपीएस के तहत जमा राशि किश्तों में कैसे आएगी, यह शीर्षासन अभी सरकार को करना है, लेकिन अप्रैल से ही हिमाचल ने एक तरह से केंद्र की गुल्लक में अपनी ओर से कर्मचारी हिस्सेदारी की पहले से तयशुदा राशि का भुगतान रोक दिया है। केंद्र के पास एनपीएस के तहत हिमाचल का करीब नौ हजार करोड़ का अंशदान फंसा है और इसके कई पेंच दिल्ली के फरमानों में बरकरार हैं। बहरहाल सुक्खू सरकार ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करके एक जादूगर की तरह करिश्मा तो दिखा ही रही है। कर्मचारियों के विश्वास में वर्तमान सरकार ने एक बहुत बड़ा संकल्प पूरा किया है, हालांकि राज्य की वित्तीय व्यवस्था पर इसके प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकते हैं। राजनीतिक तौर पर यह सौदा घाटे का नहीं है, यह भाजपा भी मान चुकी है। कांग्रेस ने हिमाचल सहित राजस्थान व छत्तीसगढ़, जबकि आम आदमी पार्टी ने भी ओल्ड पेंशन स्कीम के माध्यम से कर्मचारियों का रुझान अपने पक्ष में किया है। यही वजह है कि हरियाणा व महाराष्ट्र के अलावा कई भाजपा शासित राज्यों को भी कर्मचारी पेंशन मसले में सियासी समीकरणों की बू आ रही है। बेशक अभी ओपीएस की कई गांठें खुलनी बाकी हैं, फिर भी जिस शिद्दत से इस मसले को तरजीह मिली है, उससे कांग्रेस ने अपनी कथनी-करनी का भेद मिटा दिया है। विधानसभा के बाद नगर निगम शिमला के चुनावों ने कांग्रेस के राजनीतिक पक्ष में कर्मचारी वर्ग को खड़ा कर दिया है। ऐसे में आगे चलकर भी वर्तमान सरकार का रवैया इस दृष्टि से सरकारी मुलाजिमों के प्रति नर्म ही रहेगा, लेकिन परीक्षाओं के मैदान पर हमेशा खुशखबरियां ही नहीं मिलतीं। हिमाचल को आगे चलकर अपने बजटीय वादों तथा व्यवस्था परिवर्तन के नारों को सही सलामत जमीन पर उतारना होगा।

> प्रदेश सकरार ने अपने इरादों का खुलासा करते हुए पहले स्पीति की लगभग नौ हजार महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए प्रति महीने की दर से नवाजा और अब ओल्ड पेंशन स्कीम के सारे दरवाजे खोल दिए।अंतत : बीस साल बाद पुन : सकरारी कर्मचारी अपनी प्राथकिमता से चुन पाएंगे क‍ि उन्हें एनपीएस को छोडक़र ओपीएस के काबिल होना है या यथावत रहना है। इस तरह एनपीएस के तहत चल रहे एक लाख छत्तीस हजार कर्मचारियों के पक्ष में यह सुक्खू सकरार का सबसे अहम फैसला सामने आया है। यह भी उस समय जब विपक्ष में बैठी भाजपा जोर शोर से सकरार को गारंटियों पर घेर रही थी और इसकी आंच पर शिमला नगर निगम के चुना को भुनाना चाहती थी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# भाकपा माओवादी के दो लाख का ईनामी उग्रवादी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर दो लाख का ईनामी नक्सली माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है।ज्ञात हो कि लातेहार में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से लातेहार पुलिस के द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय झारखण्ड के दिशा निर्देश में लातेहार पुलिस के द्वारा लातेहार लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र एवं बूढ़ा पहाड़ में पुलिस को इस विशेष अभियान में काफी सफलता मिली है।एसपी लातेहार के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में चलाये जा रहे इस विशेष अभियान में माओवादियों को काफी नुकसान पहुंचा है।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक, लातेहार को 8 मई दिन सोमवार को रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चन्दवा थाना क्षेत्र के हेसला में माओवादी के रिजनल कमांडर रविन्द्र गंझू दस्ता के दो ( 02) लाख का इनामी सक्रिय माओवादी काजेश गंझू छुपा हुआ है।इस पर पुलिस अधीक्षक, लातेहार के द्वारा अविलंब एक अभियान छापामारी दल का गठन किया गया।अभियान छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चन्दवा थाना क्षेत्र के हेसला से माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू उम्र करीब 21 वर्ष पिता हरिशचंद्र गंझू ग्राम-हेसला थाना चन्दवा जिला- लातेहार को लोडेड देसी कट्टा एवं जिन्दा गोली के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली।काजेश गंझू एरिया कमांडर है, और रविन्द्र गंझू दस्ते का सक्रिय सदस्य है। काजेश गंझू के विरुद्ध लातेहार, गुमला,एवं लोहरदगा हत्या, आगजनी, रंगदारी एवं पुलिस के ऊपर किये गए हमलो समेत लगभग दो दर्जन मामले दर्ज है। काजेश चंदवा थाना अंतर्गत लुकैया मोड़ पर पुलिस पर किये गए हमले में भी शामिल था। चढ़वा थाना काण्ड संख्या- 108/2023 दिनांक 08.05.2023 धारा- 25(1-A)/26 (2) आर्म्स एक्ट एवं 17 CLA एक्ट अंकित कर जेल भेजा गया है।छापामारी में शामिल पुलिसः पु0नि0-सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, चन्दवा थाना। पु0अ0नि0 जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार, चन्दवा थाना।सैट-202, चन्दवा थाना।

## एनीमिया मुक्त को लेकर आंगनबाड़ी में किया गया महिलाओं का जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखणड मुख्यालय में संचालित मिडील स्कूल के अंदर आंगनबाड़ी केंद्र में एनीमिया मुक्त को लेकर महिलाओं का जांच किया गया। जिसका निरीक्षण करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह और पूर्णिमा कुमारी पहुंचे। आंगनबाड़ी केंद्र के सेवीका कांति देवी के साथ एएनएम नीलू कुमारी के द्वारा महिलाओं का एनिमीया जांच किया जा रहा था। इस बीच लगभग 25 महिलाओं का इनिमीया जांच किया गया। जहां सभी नॉर्मल पाए गए। उन सभी महिलाओं को दवा भी दिया गया। बताते चलें कि अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य 8 मई से सुरवात किया गया है। जो 20 मई तक प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जाएगा। मौके पर उपस्थित दो दर्जन से अधिक महिला थी।

## जिंदगी अनमोल है सुरक्षित गाड़ी चलाये : विजय कुमार



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के टंडवा कोयलांचल क्षेत्र में लगातार वाहनों से होने वाली दुर्घटना पर टंडवा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने दो पहियां एवं चार पहिया वाहन समेत भारी वाहन के चालकों को वाहन चलाते समय एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जीवन अनमोल है, लोगो को धीमी गति से हेलमेट पहनकर सावधानी पूर्वक दो पहिया वाहन चलानी चाहिए। अधिकतर दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन ओवर टेक करते हुए देखे जाते है जिसके कारण दुर्घटना घटती है ।ऐसे में लोगो को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अपने जीवन मे लागू करना होगा। अधिकतर दुर्घटनाओं में लोग लापरवाही वश अपनी जान गवां बेठते है। दो पहिया वाहन की स्पीड 40 से 50 की स्पीड सुरक्षित होती है वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा करना बिलकुल गलत है। कम स्पीड मे हम अपने परिवार के सदस्यो के करीब रहते है,लेकिन ओवर स्पीड ड्राइविंग दो पहिया वाहन समेत सभी वाहन चालकों के लिए असुरक्षित है। सड़क पर चलने वाली अधिकतर दुर्घटना की शिकायत ओवर स्पीड एवं असुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ा रहता है। लोगो को सावधान होकर वाहन चलाने की बात अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने कही।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस और लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी के कर्मियों के साथ मिलकर बालूमाथ थाना चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस वाहन चेकिंग अभियान में लगभग एक दर्जन वाहनों को पकड़कर 12000 रुपये की चालान काटी गई। ईस वाहन चेकिंग अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के कर्मी मनीष कुमार, बालूमाथ एसआई कुबेर साब समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। वही बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि बालूमाथ थाना अंतर्गत इन दिनों सड़क दुर्घटना की घटनाएं में वृद्धि हुई है। वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं जिस कारण जानमाल की क्षति ज्यादा हो रही है। इसलिए वाहन चेकिंग अभियान निरंतर चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट व सुरक्षा के सारे मानकों को पूरा करके ही वाहन चलाएं। अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बालूमाथ पुलिस ने कोयला तस्करी के दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने अवैध कोयला तस्करी के दो आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि थाना कांड संख्या 224/2020 के धारा 379 /414 भादवी 30 कोल माइन्स एक्ट और 33 इंडियन फॉरेस्ट एक्ट के आरोपी दिवाकर यादव पिता दसई यादव ग्राम मुन्ना टोली थाना जिला रांची एवं रोहित यादव उर्फ मुकेश यादव पिता लक्ष्मण यादव ग्राम पंडरिया,भगिया थाना बालूमाथ को विशेष छापेमारी अभियान चलाकर दोनो को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों पर अवैध उत्खनन कर चोरी छुपे परिवहन करने के आरोप में पिछले 3 सालों से फरार चल रहा था जिसे वरीय अधिकारी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार कर। लातेहार न्यायिक हिरासत भेज दिया गया इस छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना एसआई कासिमुदिन अहमद के साथ थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## पेयजल समस्या को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी राम जयसवाल ने जल समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया आवेदन महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत जल समस्या एक बड़ी समस्या बन गई है। जबकि सरकार इस पे लाखों रुपया खर्चा कर रही है जगह-जगह पर जल मीनार की निर्माण करोड़ों की लागत से जल नल योजना के निर्माण तो भी आज भीषण गर्मी में लोगों की पानी की समस्या हो रही है। इसके देखते हुए राम जयसवाल समाजसेवी जिन्होंने एक आवेदन लिखें आवेदन में उन्होंने बताया कि गर्मी की मार झेल रहे जनता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा आवेदन।उसने जहां-जहां जल मीनार खराब है सभी जगह को आवेदन में दर्शाया एवं साफ शब्दों में उसने लिखा कि इस पर संज्ञान लेते हुए सभी जल मीनार की मरम्मत मांग किय है प्रखंड में दर्जनों जलमीनार महीनों से खराब पड़े हुए। गर्मी में पानी की समस्या में दंस झेल रहे है।

## अनियमितता की भेंट चढ़ रहा है रानीपोखर का विद्यालय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के सबानो पंचायत स्थित रानीपोखर विद्यालय में अनियमितता का आलम देखने को मिल रहा है। विद्यालय सुबह 7 बजे से1 बजे तक खुला रखना है।परंतु उक्त विद्यालय 8 बीच खुलती है। वहीं बच्चे 7:00 बजे से ही विद्यालय पहुंच कर विद्यालय खुलने की टकटकी लगाए रहते हैं। उक्त विद्यालय को अनियमित ढंग से संचालन होने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा निरन्तर मिल रहा था। शिकायत की सत्यापन को लेकर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।जहां ग्रामीणों की शिकायत सही पाया गया।विद्यालय के बच्चे बंद विद्यालय को खुलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। बताते चलें कि इन दिनों विद्यालयों में परीक्षा चल रहा है और शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उक्त विद्यालय के शिक्षकों पर ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे निरंतर अनियमितता का आरोप बिल्कुल सत्य है। जब परीक्षा के दिनों में शिक्षक लेट लतीफ विद्यालय पहुचते हैं, तो इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामान्य दिनों में विद्यालय की स्थिति क्या रहती होगी। ऐसे में विद्यालय पोषण क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों की भविष्य को लेकर काफी चिंतित है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विद्यालय में दो शिक्षक है दोनों स्थानीय हैं,विद्यालय से चंद ही दूरी पर शिक्षकों का घर स्थित है। जिसका हमेशा लाभ मिलता रहा है। शिक्षक लेट लतीफ आने के कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की भविष्य अंधकार में डूबता दिखाई दे रहा है। जिस समस्या से निजात दिलाने की मांग ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से करते हुए मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## उपायुक्त ने जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक कर दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग/जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। उप विकास आयुक्त कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त से लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी का निर्देश दिए। खाद्य आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन की सूची बनाकर देने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मामला किस स्तर से लंबित है इसकी जानकारी रिपोर्ट दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही लंबित पड़े मामले जिनका निष्पादन हो गया है उनको संचिका सूची से बाहर किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी अजय कच्छप, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे जनसेवक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** देश के इतिहास में पहली बार झारखंड राज्य में अचानक षड्यंत्र के तहत कृषि विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जनसेवकों की सेवा 11 वर्षों के बाद ग्रेड पे 2400 कम कर 2000 करने का प्रयास करना सरकार के गलत मानसिकता को दर्शाता है। इस संबंध में जन सेवकों के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि जनसेवक अपने कृषि कार्यों के अलावा नजारत पंचायत सचिव सांख्यिकी बीएओ और डीपीआरओ जैसे आवंटित कार्यों को भी दृढ़ता पूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। वर्तमान ग्रेड पे को छेड़छाड़ अस्थाई रूप से बंद करने समेत 11 सूत्री मांगों का लाभ देने और 2400 ग्रेड पे देने डीडीयो परिवर्तन, बीएओ, एवं समकक्ष पदों में प्रोन्नति की मांग आदि को लेकर झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आह्वान पर प्रखंड के सभी जनसेवक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर अरविंद कुमार रवि देवलाल राम सत्येंद्र उरांव राकेश रोशन कुजुर सर्वेश सिंह और सुजाता कुमारी समेत कई जनसेवक उपस्थित रहे।

## ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, दो बाइक भी जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर पैडलरों के विरुद्ध बड़ी कारवाई की है। एक ग्राम ब्राउन शुगर, तीन स्मार्ट फोन, ब्राउन शुगर भरा हुआ दो बीड़ी, एक चिलम के साथ तीन तस्करो को गिरफ्तार किया है। इन तस्करों के पास से पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त किए जा रहे यामाहा R-5 और बजाज पल्सर बाईक भी जप्त किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार तस्करों में सूरज कुमार खटीक, राजा कुमार और युगल कुमार साव का नाम शामिल है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवरिया भुईयां टोली ईलाके से सभी आरोपियों को गिरफ्तार हुई है। अभियान में सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विनोद बिहारी पासवान को सीपीआई पार्टी से पहले ही निकाला जा चुका है : गया नाथ पाण्डेय

➲विनोद बिहारी पासवान का कोई जनाधार नहीं है बिहारी के कार्यों से पार्टी को हो रही थी बदनामी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता बताकर पार्टी को बदनाम करने के नियत से बिनोद बिहारी पासवान द्वारा अखबार में छपव रहे है जो सरासर गलत है। विनोद बिहारी पासवान का पार्टी रिनुअल आज से 2 साल पूर्व हुआ था क्योंकि उन्होंने विधानसभा में बतौर पार्टी कैंडिडेट और बिना पार्टी के निर्णय के उन्होंने एमआईएम का झंडा बांधा था। जिससे पार्टी के वरीय नेतृत्व कर्ता लीडर एक भी प्रोग्राम में। शामिल नहीं हुए थे साथ हीं स्थानीय कार्यकर्ता उनसे रूठ गए थे। विनोद बिहारी पासवान को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छोड़ने से सिमरिया में पार्टी मजबूत होगी विनोद की क्रियाकलाप से पार्टी को बदनामी हो रही थी। अब बिनोद को भाजपा पार्टी में जाने से अब सीपीआई पार्टी मजबूत होगी। इस संदर्भ में सीपीआई के ज्ञानाथ पांडेय ने एटक के वरीय नेतृत्व से अपेक्षा करते हुए कहा है कि विनोद बिहारी पासवान को एटक को बदनामी से बचाने के लिए एटक से बाहर करें जिससे यूनियन की बदनामी ना हो। विनोद बिहारी पासवान के चलते पार्टी का ग्राफ लगातार गिरते चला गया था। सिमरिया में पार्टी की जीत हुई थी और लगातार दूसरे स्थान पर रहती थी लेकिन, विनोद बिहारी पासवान को आने से पार्टी का ग्राफ एका एक गिरा जिससे पार्टी के वरीय नेतृत्व स्थानीय कार्यकर्ता चिंतित थे, उनके जाने से पार्टी और मजबूत हुई है ।विनोद को जाने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता है विनोद पहले भी पार्टी में नहीं थे और ऐसे भी वह भाजपाई मानसिकता के थे भाजपा में चले गए इसीलिए हमारे चतरा जिला के पार्टी एकजुट है एकजुट रहेगी और मजबूती से जनता के सवालों को लेकर जन आंदोलन चलाती रहेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव में दमखम के साथ पार्टी लड़ेगी और चुनाव जीतेगी।

## उपायुक्त अबु इमरान ने अनुमंडल पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने आज अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे नवीकरण एवं पुस्तकालय भवन मरम्मती कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम अनुमंडल पुस्तकालय में नवीकरण कार्य एवं पुस्तकालय भवन मरम्मती कार्य का जायजा लेते हुए शीघ्र सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने जानकारी दिया कि नवीकरण का कार्य कुछ उपकरणों के अधिष्ठापन के कारण नहीं हो पाया है। उपकरण अधिष्ठापन का कार्य आगामी दो दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक एवं पुस्तकालय कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## उपायुक्त अबू इमरान की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सांख्यिकी विभाग समेत अन्य विभागों का समीक्षा बैठक किया गया।बैठक में मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना समेत अन्य योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा किया गया।जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 108954 आवेदन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बैंकों के द्वारा स्वीकृत किये गये हैं, जो राज्य में चतरा जिला का दूसरा स्थान है। झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के तहत् बताया गया कि कुल 22808 ई-के वाय सी की स्वीकृति दी गई है जिसपर उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि ई-के वाय सी का कार्य लक्ष्य के अनुरूप नही हुआ अतः इस पर कार्य करते हुए ई-के वाय सी प्रतिशत बढ़ाने की सख्त जरूरत है। इसी क्रम में आत्मा के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम यथा बीज वितरण, गोष्ठी, जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं अन्य किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जरूरी दिशा निर्देश दिया।बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्षामापक यंत्रों का अधिष्ठापन प्रखण्ड कुन्दा, ईटखोरी, पत्थलगडा, टण्डवा, हण्टरगंज एवं मयूरहण्ड में कराया गया है। चतरा जिला में जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जन्म - मृत्यु निबंधन के जाली प्रमाण पत्र को रोकने हेतु सामुदायिक स्वा0 केन्द्र, ईटखोरी, सामुदायिक स्वा0 केन्द्र, सिमरिया, प्रखण्ड टण्डवा अन्तर्गत पंचायत- गाडीलौंग के निबंधन कार्यालयों द्वारा जाँच की कार्रवाई की गयी।वेद व्यास योजना, नया रियरिंग तालाब योजना, तालाब एवं जलाशय मत्स्य का विकास, मत्स्य प्रसार योजना इत्यादि में प्रगति की जानकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा दी गई। पशुओं के टीकाकरण एवं पशुधन योजना के बारे में जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। जिला ससहकारिता पदाधिकारी ने पैक्स व विशेष प्रकार की समितियों की जानकारी देते हुए उनके निर्वाचन सम्बंधित, अंकेक्षण संबंधित, जमा वृद्धि योजना संबंधित व अन्य के अंतर्गत किये गए कार्यों के बारे में बताया गया। कोल्ड रूम निर्माण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रतापपुर, कान्हाचट्टी, चतरा व ईटखोरी में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत प्राप्त 61254 आवेदनों के आलोक में कुल 45169 किसानों का ई-के वाय सी सम्पन्न किया गया है। इसपर उपायुक्त ने ई-के वाय सी कार्य में तेजी लाते हुए संख्या में सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी आशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# सिमरिया परियोजना के 217 आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक खिचड़ी व नाश्ता बंद

### 01 मई से बंद है भोजन, बच्चों की उपस्थिति होने लगी नगण्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन दिनों बच्चों के खाने पर पहरा लगा हुआ है। वहीं जहां एक ओर राज्य सरकार ने जिस उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को पौष्टिक खिचड़ी और नाश्ता का प्रबंध किया है वह सिमरिया में सफल होता नहीं दिख रहा है। राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे कुपोषित ना हो, इसके लिए राज्य सरकार ने बच्चों के लिए पौष्टिक खिचड़ी और नाश्ता का प्रबंध कराया है। किंतु सिमरिया बाल विकास परियोजना अंतर्गत लावालौंग और सिमरिया प्रखंड में संचालित सभी 217 आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले एक मई से पोस्टिक खिचड़ी और नाश्ता बंद है। बच्चों को खिचड़ी और नाश्ता नहीं दिया जा रहा है, सेविकाओं के द्वारा बच्चों को सिर्फ



पठन- पाठन कार्य कराया जा रहा है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम और नगण्य की स्थिति में है। सोमवार को प्रखण्ड के केंद्र, कसारी, भगवान पुर, लोहसिंघना, कासियातु, सेरनदाग 1,2 और लावालौंग के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में खिचड़ी और नाश्ता बंद पाया गया। जबकि संबंधित केंद्रों में सेविका सहायिका और बच्चे उपस्थित थे। कहीं कहीं तो बच्चे नदारद मिले। सेविकाओं को पूछे जाने पर सेविकाओं ने बतायी की नए सीडीपीओ रीना साहू की कार्यशैली ठीक नही है। सीडीपीओ के कार्यशैली से क्षुब्ध होकर केंद्र में नाश्ता और खिचड़ी बंद है। सेविकाओं ने कहा कि जबतक केंद्र में चावल और खाद्यान नही पहुंचाई जाती है, तब तक नाश्ता और खिचड़ी कार्य बंद रहेगा। बच्चो को सिर्फ शिक्षा देने का कार्य किया जाएगा। सेविकाओं ने कहा कि सीडीपीओ द्वारा कहा गया है कि प्रत्येक माह स्टॉक पंजी में बचे सामग्रियों का समायोजन नहीं किया जाएगा। स्टॉक पंजी में शेष बचे हुए खाद्य सामग्रियों का अगले माह में नहीं दिखाना है, आप अपने घर ले जाकर स्वयं खा जाना है। सीडीपीओ द्वारा बताया गया है कि पूर्व में चलाए गए चावल का समायोजन नहीं किया जाएगा। जबकि चतरा जिले के समस्त परियोजनाओं में उधारी ही चलता आ रहा है और एफसीआई गोदाम से चावल मिलने के बाद ही समायोजन किया जाता रहा है। सेविकाओं ने बताया कि सीडीपीओ द्वारा कहा गया है कि उधारी सामग्री खरीदना विभाग द्वारा आदेश नहीं है, अगर है तो पत्र दिखाएं। इसी कारण सेविकाएं भयभीत हैं और केंद्र में बच्चों को खिचड़ी और नाश्ता देना बंद कर दिया है। **सीडीपीओ ने कहा :** सीडीपीओ रीना साहू ने कहा कि सेविकाओ द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जो मात्रा में वितरण करने का नियम तय है, उससे अधिक मात्रा में वितरण किया जा रहा है। सीडीपीओ ने कहा कि गर्भवती धात्री महिलाओ के लिए प्रत्येक माह के 01 और 15 तारीख को दो पैकेट वितरण करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### कुएं से एक व्यक्ति का शव बरामद



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :थाना अंतर्गत विजैया गांव में हत्या कर शव को कुएं में फेंक देने का मामला प्रकाश में आया हैं। जिसे लेकर मृतक के पुत्र द्वारा बरही थाना में आवेदन दिया गया है, जिसमें गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करके शव को कुआं में डाल देने का आरोप लगाया गया है, घटना का कारण यह बताया गया है कि उसके पुश्तैनी जमीन पर बने चारदीवारी तथा घर की सीढ़ी को तोड़ कर जबरन वहां पर सप्ताहिक हाट बाजार लगवाना चाह रहे थे, और कुछ सप्ताह तक जबरन हाट बाजार लगवाया भी गया। जिसका विरोध हमारे पिताजी एवं परिजनों के द्वारा किया गया तो उक्त सभी लोगों ने मेरे पिता और परिवार वालों के साथ मारपीट पूर्व में किए थे, जिसकी लिखित सूचना बरही थाना बरही अंचलाधिकारी को दिया गया था। अंचलाधिकारी के द्वारा उक्त भूखंड पर शांति बहाल हेतु स्थिति बनाए रखने के लिए कार्यालय से लिखित निर्देश भी जारी किया गया था, तथा मेरे परिवार वालों को जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही थी, इसकी सूचना लिखित व मौखिक रूप से हम लोगों ने स्थानीय प्रशासन व गांव समाज के लोगों को भी समय-समय पर देते आ रहे थे। रामनवमी के बाद एक अप्रैल को बरही थाना को सूचना दे दी गई थी कि उपरोक्त सभी व्यक्ति के द्वारा हमारे परिजनों को अपने भूखंड पर बाजार लगवाने हेतु धमकी दी जा रही है। एव मारपीट किया जा रहा हैं, जिसका वीडियो भी मैंने स्थानीय पुलिस प्रशासन को भेजा व दिखाया भी था जो मेरे पास आज भी सुरक्षित है, तथा लगातार धमकी दी जा रही थी कि उक्त जमीन वह हमें दे दे नहीं तो किसी को भी मौत के घाट उतार दिया जाएगा। और कोई कानून पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। परिजनों के द्वारा कहा गया की घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाए एवं हमें न्याय मिल सके। इधर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शाम में शव जैसे ही बरही पहुंचा, वैसे ही पूर्व विधायक मृतक के परिजनों के साथ बरही थाना पहुंचें। वहीं थाना प्रभारी से बात कर मामले का जल्द उद्भेदन करने, हत्या का मामला दर्ज करने, आरोपियों को जल्द पकड़ने की बात कही। वहीं कहा की आदि करवाई नहीं की गई, तो लोकतांत्रिक तरीके से हमलोग आंदोलन करेंगे। वही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है, एवं पुलिस कार्रवाई कर रही है किसी भी दोषी को छोड़ा व बख्शा नहीं जाएगा, पुलिस निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी, और जो भी दोषी होंगे उन्हें सजा मिलेगी।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : टीबी एंड चेस्ट क्लिनिक बरियातू रांची के डॉक्टर अपूर्व सिन्हा एमबीबीएस, एमडी(पलमोनरी मेडिसिन), पूर्व चिकित्सक रिम्स रांची, पुर्व क्रिटिकल केयर रजिस्ट्रार इंद्रप्रस्थ अपोलो नई दिल्ली, पूर्व सहायक प्रोफेसर दुमका मेडिकल कॉलेज दुमका के द्वारा विकास मेडिको, रांची रोड(दुर्गा मंदिर के समीप) रामगढ़ में 08:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया शिविर के दौरान लगभग 50 वैसे मरीज जिन्हें सांस लेने में तकलीफ, खांसी, खखार, खखार में खून, एलर्जी, टीबी रोग, कोविड-19 संबंधित परेशानियों एवं म मशीन द्वारा फेफड़ों की भी निशुल्क रूप से जांच की गयी। इस संबंध में बात करते हुए डॉ अपूर्व सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य एक खनिज प्रधान राज्य है इसी कारण से बड़ी संख्या में यहां के लोग खनिज संबंधित गतिविधियों से प्रभावित होते हैं। प्रदूषण के कारण लोगों को कई बार सांस संबंधित तकलीफों का सामना करना पड़ता है लेकिन वे नजरअंदाज करते हैं और जब तक उन्हें पता चलता है कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही है अब उन्हें किसी छाती रोग विशेषज्ञ से मिलना ही होगा तब तक उनका रोग काफी गंभीर रूप ले चुका होता है। वर्तमान में राज्य में छाती रोग विशेषग्यों की संख्या आवश्यकता से कम है। इस तरह के शिविर का आयोजन केवल लोगों को स्वास्थ्य जांच उपलब्ध कराना नहीं है बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है कि वे सांस में तकलीफ होने संबंधित विभिन्न कारणों, उपचार के उपायों को जाने एवं अगर कभी उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो वे त्वरित रूप से अपना इलाज करा सके।।अब तक पूरे राज्य में मैंने 25 से भी ज्यादा शिविर आयोजित किए हैं और बड़ी संख्या में लोगों के सांस की तकलीफ का उपचार एवं उन्हें रोग के संबंध में जागरूक किया है। साथ ही शिविर के दौरान अब तक लगभग 1000 से भी ज्यादा लोगों का निशुल्क रूप से जांच किया गया है जिसे कराने में बाजार में एक मरीज को कम से कम 2000 से 3000 रुपए तक खर्च करना पड़ता है।

### पतरातू बाबा बुचा बांध परिसर में होगा समुदायिक भवन का निर्माण

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पतरातू क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध देवस्थल बाबा बुचा बांध में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण करने पहुंचे पीवीयूएन अधिकारी तथा उपस्थित अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सामुदायिक भवन निर्माण करने के लिए जमीन की मापी की गई।स्थल मापी के बाद पीवीयूएनएल के अधिकारि प्रखर सक्सैना समरेश चंद्रा एवं संतोष सिंह ने बताया कि पीवीयूएन द्वारा बनाने वाले सामुदायिक भवन 25 मीटर लंबा एवं 20 मीटर चौड़ा भूमि की आवश्यकता होती है। परंतु बुचा बांध परिसर में लंबा चौड़ा भवन बनाने के लिए भूमि कम पड़ रही है। इसलिए 15 मीटर लंबा एवं 10 मीटर चौड़ा जगह को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार,सरोज प्रसाद,मनोज साहू,उदय अग्रवाल, सुशील सिंह,सुभाष साहू,महानंद सिंह,रवि दत्ता,महिंद्र गोप सहित अन्य लोग शामिल थे।

# रामगढ़ थाना चौक में स्थित कोहिनूर वडेरा ज्वैलर्स में हथियारबंद लुटेरों ने लाखो की ज्वैलरी लूटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ थाना चौक के दामोदर पुल के निकट शिवम होटल कॉन्प्लेक्स में स्थित कोहिनूर वडेरा ज्वैलर्स में दिनदहाड़े हथियार बंद अपराधियों ने लाखो रुपए के ज्वेलरी की लूट की घटना को अंजाम दिया है। यह घटना सोमवार को दोपहर 1:45 बजे के लगभग अंजाम दिया गया है लगभग दस लाख की लूट बताई जा रही है बताया गया कि अपराधी दो बाइक से पहुंचे थे । मास्क और हेलमेट पहने अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर दुकान के कर्मचारी आकाश सिंह को अपने कब्जे में ले लिया। अपराधियों ने आकाश के हाथ को बांध कर दुकान में आराम से लूटपाट किया। लुटेरों ने ज्वेलरी शॉप से ज्वेलरी गहने की लूटपाट किया। अपराधियों ने काउंटर में सजाकर रखे गए ज्वेलरी को लपेटकर एक झोले में डालकर ले गए। ज्वैलरी शॉप में लूट की घटना के उपरांत अपराधी बाइक से मेन रोड की ओर भाग निकले। जिसके तुरंत बाद रामगढ़ थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। रामगढ़ थाना पुलिस दुकान में पहुंचकर दुकान के कर्मचारी और मालिक से पूछताछ किया इसके बाद अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापामारी आरंभ कर दिया। दुकान के कर्मचारी आकाश सिंह से पूरे मामले की पूछताछ किया। थाना प्रभारी ने दुकान के कर्मचारी को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। यह लूट की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

रामगढ़ शहर में पुलिस व्यवस्था पूरी तरह से ही चरमरा गई है आए दिन हो रही डकैती चोरी लूट की वारदात दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है अभी कुछ दिन पहले ही रामगढ़ थाना चौक स्थित एलआईसी ऑफिस से 30 लाख की लूट, लगातार मोटरसाइकिल चोरी , एक हफ्ता पहले घर के सामने से स्कॉर्पियो की चोरी और आज दिनदहाड़े लाखों की लूट

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा में खुद शादी समारोह में उपस्थित हैं मुख्यमंत्री के उपस्थिति में इतनी बड़ी घटना को अंजाम देना अपराधियों की निर्भरता को बताती है और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को बताती है ।

## यौन शोषण के खिलाफ पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ अन्तर्गत ग्राम गोविंदपुर कला,थाना विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग के द्वारा आज दिनांक 8 मई 2023 को बिष्णुगढ़ थाना में पीड़िता द्वारा आवेदन दिया गया,जिसमे चतरो चट्टी थाना अंतर्गत ग्राम -हुरलुंग के कपिल कुमार पांडे,पिता अशोक पांडे के द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने एवं शादी के लिए कहने पर पीड़िता का फोटो वायरल कर दिया गया है। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 130 /23 दिनांक 08.05.23 धारा-376 भा.द.वि 67(A) आईटीएक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा जल्द ही आरोपी को पकड़ कर विधिसम्मत कार्यवाई की जायेगी ।

## 14वें वित्त से लगे सभी सोलर स्ट्रीट लाइट खराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : कभी सोलर स्ट्रीट लाइट से समूचा विष्णुगढ़ प्रखण्ड रात्रि में जगमग करता था। 14 वें वित्त से लगे सोलर स्ट्रीट लाइट लगने के बाद एक-दो वर्षो तक तो रौशनी से जगमग करते रहे।ग्रामीणों ने बताया कि आज दो वर्ष पूर्व तत्काल मुखिया से इसे रिपेयरिंग एवं कंपनी की गारंटी के अनुसार खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को बनाने की बात कही गई थी, परन्तु कम्पनी वालो ने इस ध्यान नही दिया ।जिसकी वजह से किसी का ध्यान इस नही रह और प्रखण्ड के प्रायः सभी स्ट्रीट लाइट की बैटरी चोरी हो गई है,और एलएडी बल्ब भी चोरी कर लिए गए है । विष्णुगढ़ प्रखण्ड में 24 पंचायत है,हर पंचायत में औसत 70 सोलर स्ट्रीट लाइट लगे है।प्राप्त जानकारी के अनुसार एक सोलर लाइट की अनुमानित लागत रू 18,500 की है।

इन आकड़ो पर अगर गौर किया जाय तो 24म70=1680 सोलर स्ट्रीट लाइट लगे है,जिनकी कीमत 1680×18500=31,080,000 ? (तीन करोड़ दस लाख अस्सी हजार ) की लागत आई है । सरकार द्वारा करोड़ो की राशि खर्च किये जाने बाद भी आमजन जनप्रतिनिधियों एवं प्रखण्ड कार्यालय की उदासीनता के कारण आमजन सुविधाओं से वंचित है,इसी उदासीनता का फायदा सोलर कंपनियों को मिलता है,जिसकी वजह से वह समय पर लाइटों की मरम्मत भी नही करती।

## पतरातू विधायक अंबा प्रसाद के जनता दरबार पहुंचे सैकड़ों फरियादी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू** : विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित में जनता दरबार लगाया जा रहा है जिसमें विधायक सीधे आम जनों के संपर्क में पहुंचकर ग्रामीणों के समस्या का समाधान करने का कार्य कर रही हैं। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी समस्या बारी बारी से विधायक के समक्ष रखा इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक में सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं को मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,अंजन प्रसाद,रमेश बेदिया, दीपक कुमार,जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## सांकुल में पीवीयूएन के सौजन्य से कम्युनिटी हॉल का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू** : पंचायत सांकुल बरवा टोला में पीवीयूएन के सौजन्य से 63 लाख की लागत से कम्युनिटी हॉल(विवाह भवन)का निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिसका शिलान्यास विधिवत पूजा पाठ कर नारियल फोड़कर पीवीयूएन एजीएम शुब्धु डीजीएम रसपन सीनियर मैनेजर अतुल एवं गोदावरी इंटरप्राइजेज के मनोरंजन सिंह सुजीत सिंह के द्वारा किया गया।मौके पर पूर्व मुखिया शिव धन गंझू,उप मुखिया ज्योति कुमारी,वार्ड सदस्य मेरी टोप्पो,बरवा टोला प्रबंधन समिति के सदस्य रोहित सिंह,राजेंद्र सिंह, वसंत सिंह,भगवान सिंह,अरविंद सिंह,रोहित सिंह,अजीत सिंह,बिंदेश्वर सिंह,अमर सिंह,सुजीत सिंह,अर्जुन गुरुअभय सिंह,बबीता देवी,पुष्पा देवी,ममता देवी,सरिता देवी,मनोहर मुंडा,उपेंद्र सिंह,मिथिलेश सिंह,राज कपूर,गोपी,अखिलेश कुमार,दुर्गादास सिंह,अजय सिंह,मोहन सिंह आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# महाबीर कुशवाहा के हत्यारा की हो गिरफ्तारी, नही हुआ तो होगा चक्का जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया** : समाजसेवी महाबीर कुशवाहा की हत्या हुए महीना दिन होने चला,लेकिन अभी तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नही कर पाई है।इसी आक्रोश को लेकर दर्जनों गाँव से हज़ारों महिला पुरुष एक स्वर में महाबीर कुशवाहा की हत्यारा को गिरफ्तार करने के मांग करने के लिए थाना घेराव करने चले आये।महाबीर कुशवाहा के बड़े सुपुत्र खगेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि आरोपी व पुलिस दोनों के मिलीभगत से हत्या के अंजाम दिया गया है।वही पुत्र ने मामला को रफा दफा करने के लिए थाना प्रभारी हत्यारा से 5 लाख रुपया घुस लेकर हत्यारा को छोड़ने का आरोप लगाया।वही घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन होश में आओ,हत्यारा को संरक्षण देना बंद करो,पुलिस प्रशासन घूसखोर है,थाना प्रभारी इस्तीफा दो का नारा पूरा थाना परिसर के इर्द गिर्द गूँजता रहा।घेराव के दौरान 11 सदस्य जेएमएम के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश वर्मा,भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रणव वर्मा,कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार , डॉ आर सी प्रसाद,आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव,खगेन्द्र कुशवाहा, सुनीता कुमारी इत्यादि टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र पासवान को मांग पत्र सौंपते हुए कि मामला को स्थ्ञ्ञ से जांच करवाकर हत्यारा को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर 302 के तहत सजा देने की मांग किये और ये भी बोले कि अगर मामला का उद्भेदन जल्द से जल्द नही हुआ तो हजारों की संख्या में हजारीबाग में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

वही विरोध में झड़प के दौरान देवकुली गाँव के समाजसेवी गिरधारी कुशवाहा को सिर फट गया,आनन फानन में बेहतर इलाज के लिए स्थानीय सप्ताल भेजा गया।विरोध प्रदर्शन में जीप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि हत्यारा को गिरफ्तार नही होना क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है।वही सांसद प्रतिनिधि शुनिल मेहता ने कहा कि अगर यहाँ से बात नही बनी तो हजारीबाग में हज़ारों की संख्या में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।आंदोलनकारी गौतम ने कहा कि इस तरह का घटना होना और हत्यारा को गिरफ्तारी नही होना पब्लिक व पुलिस के बीच विश्वास कम होता नजर आ रहा है।जेमम के नेता जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि अगर बात नही बनी तो मामला को मुख्यमंत्री से अवगत कराऊंगा।

### ब्राजील की लीना पहुंची संजय मेहता के आवास पर, झारखंडी खाना का चखा स्वाद

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : ब्राजील की लीना का आगमन संजय मेहता के बरही स्थित आवास पर हुआ। लीना एक यात्री है, जो दुनिया का भ्रमण कर रही है। उन्होंने पिछले छः सालों में 59 देशों का भ्रमण किया है। लीना फिलहाल भारत के दौरे पर है। वह भारत के अलग - अलग राज्यों के कला, संस्कृति, जीवनशैली से रु - ब - रु हो रही है। संजय मेहता को यात्रियों के अंतराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से यह सूचना मिली थी कि लीना बरही के रास्ते कोलकाता जा रही है। फिर उन्होंने संपर्क साधा और अपने आवास पर आतिथ्य सत्कार किया। मौके पर लीना ने झारखंडी भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने झारखंड के भोजन की काफी प्रशंसा की। उन्होंने दाल, भात, चोखा, चटनी, साग के स्वाद की खुलकर तारीफ की। उन्होंने गर्मी में तरबूजे का भी आनंद लिया। वही संजय मेहता ने लीना को अपने आवास पर जनजातीय अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उन्हें कोलकाता के लिए विदा किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड के बारे में भी जाना और समझा।



### बाल संसद का गठन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग में शिशु,किशोर ,बाल एवं कन्या भारती का गठन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में हुआद्य भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी भैया/ बहनों को देने के उद्देश्य से शिशु भारती ,बालभारती,किशोर भारती एवं कन्या भारती के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धतिद्ध मतदान की प्रक्रिया द्वारा चयन किया गया द्य चयनित प्रतिभागियों के अंतर्गत कन्या भारती अध्यक्ष द्बबहन लक्ष्मी चौधरी कक्षा अष्टम,सचिव बहन सोनम कुमारी कक्षा सप्तम,किशोर भारती के अध्यक्ष - भैया अनिमेष कुमार सिंह, कक्षा दशम सचिव - भैया अनुराग कुमार सिंह, कक्षा अष्टम सेनापति - भैया प्रिंस राणा, कक्षा नवमद्य विदित हो की विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों में अध्ययनरत भैया /बहनों के नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपा जाता है ताकि उनमें कर्तव्य बोध के साथ-साथ दायित्व निर्वाहन करने की क्षमता का विकास हो सके द्यइस चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी आचार्य बंधु /भगिनी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई द्य निर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई द्य इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने शिशु ,बाल, किशोर एवं कन्या भारती के निर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि आप अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से करेंगे तथा विद्यालय को सुचारू पूर्वक चलने मै सहयोग प्रदान करेंगे ।



## अलकोपी में जिप सदस्य के प्रयास से एक माह बाद बिजली बहाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत अलपीटो पंचायत अलकोपी गांव के आदिवासी टोला एक महीने बाद पुनः बिजली की रोशनी से जगमग हो गया है।बता दें कि पूर्व में लगे बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहने की लाचारी बनी हुई थी।

विष्णुगढ़ मध्य भाग के जिप सदस्य शेख तैयब के पहल पर यहां एक महीने बाद बिजली बहाल हुआ है। जिप सदस्य के प्रयास से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है।

बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। जिप सदस्य शेख तैयब एवं पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा संयुक्त रुप से मंगलवार को फीता काटकर नए विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने इसके लिए जिप सदस्य के प्रति आभार जताया है। मौके पर नारायण यादव, सहदेव यादव, जगरनाथ यादव, मनोज यादव, राहुल यादव, तुलसी यादव, मोहन मांझी, रामलाल मांझी, विशुन मांझी, होपन मांझी, दिनेश यादव, चौपिया मांझी समेत काफी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही ।

## उपायुक्त के निर्देश पर एक साथ जिले के 240 विद्यालयों पर किया गया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के समय सारणी के अनुसार शिक्षकों की उपस्थिति की जांच को लेकर जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा प्रातः 7 बजे से औचक निरीक्षण किया गया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित टीम में सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ तथा जिलास्तरीय अधिकारियों समेत कुल 42 सदस्यों को व्यापक स्तर पर एक साथ औचक निरीक्षण के आदेश दिए थे। कई श्रोतों से प्राप्त शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत पर उपायुक्त ने समेकित रूप से इस कार्य को अंजाम दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने भी तीन विद्यालय आनंदा प्लस टू हाई स्कूल, मध्य विधालय,नूरा एवं राजकीयकृत श्री कृष्ण आरक्षी बाल उच्च विधालय,हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में स्वीकृत पद, कार्यरत पद, निरीक्षण के समय उपस्थित शिक्षकों की संख्या, अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षकों का नाम एवं पदनाम एवं अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षकों की अवधि की गहन जांच की। औचक निरीक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के कुल 240 विद्यालयों की जांच की गई जिसमें 74 शिक्षक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाए गए।

उपायुक्त ने कहा की राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है लेकिन कई शिक्षक अपने दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं रखते हुए विद्यालयों में नहीं आते है वैसे गैरजिम्मेवार शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई के स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए उपायुक्त निरंतर प्रयासरत है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## ओप्पो-काउंटरपॉइंट स्टडी के अनुसार भारत में हर 4 में से 3 लोग नोमोफोबिया के शिकार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वैश्विक स्मार्ट-डिवाइस ब्रांड, ओप्पो ने एक विश्लेषक फर्म काउंटरपॉइंट के साथ मिलकर एक उपभोक्ता अध्ययन किया। यह उपभोक्ता अध्ययन, 'नोमोफोबिया' कम बैटरी की चिंता से



उपजा है। इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत में हर चार में से तीन लोगों को नोमोफोबिया है, यानी अपने स्मार्टफोन से अलग होने का डर। रिपोर्ट का शीर्षक नोमोफोबिया- लो बैटरी एंग्जाइटी कंज्यूमर स्टडी रखा गया है। इसमें उपभोक्ताओं की मानसिकता में यह समझने की कोशिश की गई है कि कैसे फोन की खत्म होती बैट्री इस फोबिया को बढ़ाती है।

### मेकमाईट्रिप ने जनरेटिव एआई के साथ ट्रैवल बुकिंग का अनुभव बदलने के लिए माईक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेकमाईट्रिप ने एक बड़ी पहल करते हुए माईक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है, ताकि भारतीय भाषाओं में वॉईस असिस्टेड बुकिंग की मदद से अपने ग्राहकों के लिए ट्रैवल प्लानिंग को ज्यादा समावेशी और सुलभ बनाया जा सके। यह नया, इन-प्लेटफॉर्म टेक संग्रह माईक्रोसॉफ्ट एज़्योर ओपन एआई सर्विस और एज़्योर कॉग्निटिव सर्विसेज़ द्वारा पॉवर्ड है, और ग्राहकों के साथ संवाद करके उन्हें उनकी पसंद के अनुरूप पर्सनलाईज़्ड ट्रैवल ऑप्शन प्रदान करता है; प्रयोजन, बजट, पसंद की गतिविधि, यात्रा के समय आदि विभिन्न इनपुट्स के आधार पर होलिडे पैकेज तैयार करता है, और ये होलिडे पैकेज बुक करने में मदद भी करता है। यह देश में हर वर्ग और श्रेणी के लोगों के लिए ऑनलाईन ट्रैवल का परिवेश खोल देगा। वर्तमान में इस इंटीग्रेशन का बीटा वर्ज़न उड़ानों और होलिडे के उपभोक्ताओं के लिए इंग्लिश और हिंदी में पेश किया जा चुका है।

## सीसीएल सुरक्षा विभाग ने फैक्ट्री रिजेक्ट गिराये जाने को लेकर पत्र द्वारा कराया अवगत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका प्रबंधन के आदेश के बाद सुरक्षा विभाग ने अरगड्डा दो नंबर बंगले के समीप फैक्ट्री रिजेक्ट गिराए जाने मामले को लेकर वन विभाग कुजू अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा विभाग ने पत्र में कहा है कि असामाजिक तत्वों के द्वारा फैक्ट्री के रिजेक्ट को सीसीएल व वन क्षेत्र इलाके में ट्रकों के माध्यम से चोरी-छिपे गिराया जा रहा हैं। जिससे पर्यावरण व पेड़ पौधे लगे क्षेत्र प्रदूषित हो रहे हैं। इससे वातावरण असंतुलन का भी खतरा बना हुआ हैं। बताया जाता है कि अरगड्डा व छोटकीटोंगी स्कूल क्षेत्र के आस-पास मौका देखकर दूसरे इलाके के फैक्ट्रीयो के रिजेक्ट को ट्रको द्वारा गिराने का धंधा लगातार पनपता जा रहा हैं।

## अर्पिता महिला मंडल ने 22 स्कूलों में सेनेटरी वेंडिंग मशीन का किया वितरण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के आशियाना गेस्ट हाउस के प्रांगण में सोमवार को समाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के तहत 22 स्कूलों के प्राचार्यो, शिक्षको के बीच सेनेटरी वेंडिंग मशीन वितरण किया गया। अवसर पर मुख्य रूप से अर्पिता महिला मंडल सह क्षेत्र की प्रथम महिला जीएम पत्नी अंजना पांडे, अमला अधिकारी गिरीश चंद्र, नोडल अधिकारी (सीएसआर) मनीष कुमार अंबष्ठा, शीला ठाकुर, दीपा राणा उपस्थित हुए। इनके मार्गदर्शन में 22 स्कूलों को दो-दो सेनेटरी वेंडिंग मशीन दिया गया।

## विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर आयोजन सम्पन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत विकास परिषद की राजा राममोहन राय शाखा के तत्वावधान में शास्त्री नगर , रामगढ़ कैंट में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जन्मतिथि पर एक अविस्मरणीय विचार गोष्ठी का आयोजन आगत सदस्यों , आमंत्रित विचारकों एवं कलमकारों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन , गणपति वंदना , सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना के साथ गुरुदेव रवींद्रनाथ जी की छवि पर सामुहिक पुष्पार्पण से हुआ। आगत जनमानस का स्वागत करते हुए नीरज पाठक ने बताया कि यह बड़े सौभाग्य की बेला है कि आज शांतिनिकेतन के संस्थापक , राष्ट्रगान के रचयिता , नोवेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवींद्रनाथ जी की जन्मतिथि पर हम एकत्रित हुए हैं।

## प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत चल रहा है सड़क निर्माण कार्य

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के भदानी नगर स्थित देवरिया से आम झरिया तक रोड का काम किया जा रहा था। तभी तीन लोग एक मोटरसाइकिल में आए और और काम बंद करवाया। बताया जाता है कि देवरिया से आम झरिया का सड़क निर्माण का काम किया जा रहा था तभी तीन अपराधी मोटरसाइकिल में बैठकर आए और सुपरवाइजर अनिल यादव को धमकी देने लगे और कहने लगे कि फोन क्यों नहीं उठाते हो पहले बात करो उसके बाद काम करने की बात की गई और अनिल यादव के दो अपराधी हथियार दिखाकर धमकी देने लगे कि जान से मार देंगे जब तक पैसा नहीं दोगे तब तक काम नहीं करने देंगे।

## आज हनुमान चालीसा का पाठ करेगी विहिप व बजरंग दल : निरंजन

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह विहिप बजरंग दल जिला मंत्री निरंजन कुमार ने कहा कि बजरंग दल देशव्यापी हनुमत शक्ति जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 9 मई दिन मंगलवार को जिला- गिरिडीह के सभी प्रखंड एवं गिरिडीह नगर के सभी पंचायतों के मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। बजरंग दल कल दिनांक 09 मई 2023, दिन मंगलवार को पूरे देश में कुमति निवार ड्ढ सुमति के संगी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हनुमत शक्ति को जागृत कर कांग्रेस सहित आतंकियों के पैरोकार अन्य संगठनों, तथा देश विरोधी और हिंदू विरोधी मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान करेगा।

## कुड़मी समन्वय समिति की बैठक 14 को

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुड़मी समन्वय समिति झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा के सभी प्रभारियों ,प्रमुख समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों के प्रमुखों एवं बुद्धिजीवियों का संयुक्त बैठक 14 मई को दिन रविवार 11 बजे होटल नदियापार बरघुटवा (तुलिन )सुवर्ण रेखा नदी के तट पर रखा गया है।बैठक में विशेष रूप से समाज के पांचों सांसदों क्रमशः बिध्दुधवरण महतो (जमशेदपुर ) चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरीडीह) ज्योतिर्मय महतो (पुरुलिया) ममता महन्ती (,उड़ीसा) खिरु महतो (हाजारीबाग) एवं बंगाल के मंत्री श्री कान्त माहातो आमंत्रित किये गये हैं।



### प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय, बहरागोड़ा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 05/2023–24**

समुचित श्रेणी में निंबंधित संवेदकों से निम्नलिखित कार्यो के लिये परिमाण विपत्र पर मुहरबन्द निविदा आमंत्रण की जाती है।

1. विभाग – पंचायती राज।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– सचिव (पंचायत समिति)–सह–प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बहरागोड़ा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 17.05.2023 से 18.05.2023 (कार्यालय अवधि)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– 19.05.2023 (पूर्वाहन 11:00 बजे से 01:00 बजे तक प्र0वि0पदा0 कार्यालय, बहरागोड़ा)।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.05.2023 (03:00 बजे अपराह्न)।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय, बहरागोड़ा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय, बहरागोड़ा।
8. मद :– 15वें वित्त आयोग अनुदान की राशि।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजनाओं का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहरागोड़ा | बहरागोड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत सब्जी हाट में सब्जी दूकान हेतु शेड का निर्माण। | 9,73,000.00 | 19460.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 2 | बहरागोड़ा | बहरागोड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत सब्जी हाट में मीट/मछली दूकान हेतु शेड का निर्माण। | 9,68,000.00 | 19360.00 | 1250.00 | 03 माह |

नोट :– निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.jamshedpur.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
बहरागोड़ा

PR 296833 Panchayati Raj (23-24)_D

### कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

पाण्डेय गणपत राय भवन,प्रथम तल्ला,समाहरणालय,लोहरदगा

दूरभाष:(06526)222932, फैक्स:224599

ई–मेल: ssaloh@rediffmail.com ,lohardagassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत मान्यता प्राप्त तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय/महाविद्यालय को बार–बार स्मारित करने के बावजूद भी ई–विद्या वाहिनी के पोर्टल पर **Child U-DISE Mandatory Data** के प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। विदित हो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(च) के अनुसार सभी प्रकार के विद्यालयों/महाविद्यालयों को स–समय भारत सरकार/सक्षम प्राधिकार को आँकड़ां उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। उक्त सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक को अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक 10.05.2023 तक आवश्यक रूप से ई–विद्या वाहिनी अन्तर्गत **Child U-DISE Mandatory Data** का त्रुटि रहित प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें।

निर्धारित समयावधि में प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों/महाविद्यालयों के मान्यता रद्द करने तथा गैर मान्यताप्राप्त निजी विद्यालयों का यू–डायस कोड रद्द करते हुए बंद करने हेतु नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,लोहरदगा

PR 296766 Lohardaga(23-24).D

### Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e- Procurement Notice**

**(3rd Call)**

**Tender reference:- HZB/UNTIED/DT/24/2022-23 (3rd Call) Date :- 08.05.2023**

**P.R. No.- 294447, 282647 Drinking Water and Sanitation (22-23).D**

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark-II ( I.S. 15500 Part-2/2004) Hand Pump in differet places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". **[Head-Untied Fund]** |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 10.05.2023 up to 02:00 PM |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 15.05.2023 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 16.05.2023 upto 03.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 17.05.2023 at 03.30 AM |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

| Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| HZB/UNTIED/DT-01 | 23 Nos. | 19,12,967/- | 40,000/- | 5,000/- | 60 Days |

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 296794 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

### Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e-Procurement Notice, (1st Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/01/2023-24(1st Call) Date :- 06.05.2023**

**1.** Name of Work-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in Chouparan & Daru blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation a nd Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 202 3-24 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HZB/SVS_Cluster/ CHOUPARAN-1.19 | 01 | 343 | 136.37 | 02.75 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | HZB/SVS_Cluster/ DARU-42 | 02 | 375 | 97.39 | 01.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3. | HZB/SVS_Cluster/ DARU-43 | 01 | 313 | 99.66 | 01.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-08.05.2023.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-15.05.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-16.05.2023 upto 04.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5. | Date of opening tender | Date:-17.05.2023 upto 03.00 PM | | | | | |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | | | |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 296783 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03 वर्ष 2023–24**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.05.2023 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.05.2023 को 3:30 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 17.05.2023 को 4:00 बजे अपराहन से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र॰ सं॰ | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of 200 mm x 165 mm x 115 Mtr. Deep 01 No. High Yield Drilled Tube Well with installation of I.M-II hand pump, 1.85 m diameter PCC platform and 3.0 m long drain on "Turnkey Basis" for the Year 2023-24<br>**Location – SC Residence Girls Primary School-Simariya** | HYDT/CSR/SMR-01 | 1,98,420/- | 4,000/- | 500/- | एक सप्ताह |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 296818 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी0, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210

Email ID – jepkhunti@gmail.com

शिक्षा का अधिकार

**आम–सूचना**

U-DISE+ 2022-23 अन्तर्गत Child Mandatory Field का अद्यतीकरण (Updation) अनिवार्य रूप से **evidyavahini.jharkhand.gov.in** Portal के माध्यम से दिनांक 31.03.2023 तक किया जाना था, परन्तु अबतक यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ है जो अत्यंत खेद का विषय है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सभी विद्यालयों को बच्चों के आँकड़ों की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से किया जाना है। समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि प्रखण्ड संसाधन केन्द्रों के लगातार सूचना देने के बावजूद निम्नलिखित विद्यालयों द्वारा यू–डायस/ई–विद्यावाहिनी में बच्चों के आँकड़ों की प्रविष्टि नहीं की गई है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| S. No. | Block | School Name | Total Enrollment in udise 2021-22 class (1-12) | Total No. Of Child | Not Started | GAP in Enrollment | Completed |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ARKI | RC MISSION MS DOLDA | 124 | 0 | 124 | 124 | 0 |
| 2 | ARKI | STOCKMAN MEMORIAL MS BURUDIH | 418 | 232 | 418 | 186 | 0 |
| 3 | ARKI | RC MISSION MS TOBGA | 39 | 9 | 39 | 30 | 0 |
| 4 | ARKI | S. B. PUBLIC SCHOOL SINDRI | 40 | 31 | 40 | 9 | 0 |
| 5 | ARKI | ST RESIDENTIAL SECONDARY SCHOOL ULIHATU | 312 | 151 | 312 | 161 | 0 |
| 6 | ARKI | ST RESIDENTIAL SECONDARY SCHOOL HUNT | 158 | 108 | 158 | 50 | 0 |
| 7 | KARRA | VIDYA VIHAR PUBLIC SCHOOL BAKASPUR | 80 | 108 | 80 | 0 | 0 |
| 8 | KARRA | SAINT ANNA MS BINGAON | 416 | 282 | 223 | 134 | 193 |
| 9 | KARRA | SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR BINGAON | 233 | 244 | 70 | 0 | 163 |
| 10 | KARRA | PRABHAT MS BINGAON | 269 | 105 | 164 | 164 | 105 |
| 11 | KARRA | ASHISH KUJARA PRATIGYA PUBLIC SCHOOL | 29 | 0 | 29 | 29 | 0 |
| 12 | KARRA | SAN XAVIER SCHOOL | 106 | 7 | 99 | 99 | 7 |
| 13 | KARRA | MISSION OF MERCY CENTRE CHHATA | 228 | 145 | 83 | 83 | 145 |
| 14 | KARRA | BISHOP MC MANUS ACADEMY DIGADON | 19 | 0 | 19 | 19 | 0 |
| 15 | KARRA | A.G.CHURCH BALYA VIKAS GOBINDPUR | 230 | 155 | 153 | 75 | 77 |
| 16 | KARRA | VIDYA VIHAR PUBLIC SCHOOL CHAND TONGRI NIDHIYA | 63 | 0 | 63 | 63 | 0 |
| 17 | KARRA | M.V PUBLIC SCHOOL JARIAGARH | 113 | 0 | 113 | 113 | 0 |
| 18 | KARRA | SRI SRI VIDYA MANDIR KATHSEMLA | 161 | 1 | 160 | 160 | 1 |
| 19 | KARRA | ADARSH BAL VIKASH HIGH SCHOOL KATAMKUKU LODHMA | 179 | 80 | 99 | 99 | 80 |
| 20 | KARRA | BAL VIKASH SCHOOL LODHMA | 146 | 111 | 35 | 35 | 111 |
| 21 | KARRA | VYAS D.A.V SCHOOL LODHMA | 158 | 93 | 81 | 65 | 77 |
| 22 | KARRA | A G BAL BIKAS SCHOOL SUNGI | 203 | 177 | 135 | 26 | 68 |
| 23 | KARRA | WORLD EDUCATION PUBLIC SCHOOLPADAMPUR LODHMA | 121 | 124 | 42 | 0 | 79 |
| 24 | KARRA | KAMAKHYA DEVI HIGH SCHOOL JARIAGARH | 83 | 16 | 67 | 67 | 16 |
| 25 | KARRA | RC PVT SCHOOL JAMHAR | 243 | 215 | 185 | 28 | 58 |
| 26 | KHUNTI | RANA PRATAP SWANSI MS CUM HS KAMANTA | 309 | 268 | 218 | 41 | 91 |
| 27 | KHUNTI | SACRED SUNRISE MISSION SCHOOL ANIGARA | 0 | 61 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | KHUNTI | BIRSA MUNDA CHILDREN PLAY SCHOOL | 77 | 65 | 77 | 12 | 0 |
| 29 | KHUNTI | KENDRIYA VIDYALAYA KHUNTI | 414 | 390 | 85 | 24 | 329 |
| 30 | KHUNTI | GURUKUL VIDYA PEETH MOHNA TOLI | 32 | 29 | 23 | 3 | 9 |
| 31 | KHUNTI | URSULINE CONVENT SCHOOL JIYARAPPA | 219 | 150 | 74 | 69 | 145 |
| 32 | KHUNTI | AG CHURCH HIGH SCHOOL JIYARAPPA | 177 | 113 | 149 | 64 | 28 |
| 33 | KHUNTI | GEL MS KADMA | 52 | 31 | 21 | 21 | 31 |
| 34 | KHUNTI | JAI MATADI PUBLIC SCHOOL | 86 | 101 | 25 | 0 | 61 |
| 35 | KHUNTI | BAL VIDYA MANDIR BARAIK TOLI | 170 | 76 | 94 | 94 | 76 |
| 36 | KHUNTI | MADARSA ARABIA ISLAMIA QASIMUL ULOOM | 60 | 48 | 60 | 12 | 0 |
| 37 | KHUNTI | GYAN GANGA PUBLIC SCHOOL | 55 | 60 | 55 | 0 | 0 |
| 38 | KHUNTI | MUNDA PUBLIC SCHOOL | 64 | 45 | 23 | 19 | 41 |
| 39 | KHUNTI | RC GIRLS MS MARANGHADA | 104 | 68 | 51 | 36 | 53 |
| 40 | KHUNTI | RC BOYS MS MARANGHADA | 89 | 44 | 45 | 45 | 44 |
| 41 | KHUNTI | ST VICTOR SCHOOL | 33 | 15 | 33 | 18 | 0 |
| 42 | KHUNTI | KINDER GARDEN HINDI MEDIUM SCHOOL REWA | 145 | 144 | 60 | 1 | 85 |
| 43 | KHUNTI | HOLY SPIRIT PUBLIC SCHOOL REWA | 26 | 9 | 26 | 17 | 0 |
| 44 | KHUNTI | SUNRISE ACADEMY | 14 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 45 | KHUNTI | SARNA SANSKAR VIDYA VIKAS | 13 | 28 | 13 | 0 | 0 |
| 46 | KHUNTI | IDEAL NATIONAL ACADEMY KHUNTI | 212 | 101 | 212 | 111 | 0 |
| 47 | KHUNTI | IDEAL HIGH SCHOOL KHUNTI | 123 | 44 | 123 | 79 | 0 |
| 48 | KHUNTI | NEHRU MEMORIAL PRIMARY SCHOOL | 9 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 49 | KHUNTI | DANI PUBLIC SCHOOL DANI ROAD KHUNTI | 198 | 60 | 138 | 138 | 60 |
| 50 | KHUNTI | NEHRU MEMORIAL HIGH SCHOOL KHUNTI | 135 | 98 | 37 | 37 | 98 |
| 51 | KHUNTI | BRIGHT FUTURE ENGLISH MEDIUM SCHOOL KHUNTI | 147 | 99 | 67 | 48 | 80 |
| 52 | KHUNTI | LITTLE ANGEL PUBLIC SCHOOL | 67 | 56 | 67 | 11 | 0 |
| 53 | MURHU | ST ANTHONY LITTLE FLOWER SCHOOL BICHNA | 237 | 104 | 219 | 133 | 18 |
| 54 | MURHU | KATHERINE ACADEMY | 297 | 353 | 295 | 0 | 2 |
| 55 | MURHU | CRESCENT PARK CONVENT | 65 | 17 | 61 | 48 | 4 |
| 56 | MURHU | GOOD SHEPHERD ENGLISH MEDIUM SCHOOL | 133 | 74 | 133 | 59 | 0 |
| 57 | MURHU | GUMI EYANG SARNA HIGH SCHOOL GUTIGARA | 82 | 2 | 82 | 80 | 0 |
| 58 | MURHU | NORBERT HIGH SCHOOL HASSA | 454 | 339 | 118 | 115 | 336 |
| 59 | MURHU | SHINE PUBLIC SCHOOL ITHE | 24 | 1 | 24 | 23 | 0 |
| 60 | MURHU | SARSWATI SHISHU VIDYA MANDIR | 32 | 20 | 32 | 12 | 0 |
| 61 | MURHU | LITTLE HEART PLAY SCHOOL KUNJLA | 32 | 13 | 32 | 19 | 0 |
| 62 | MURHU | AURO MEERA PUBLIC SCHOOL KUNJILA | 77 | 6 | 76 | 71 | 1 |
| 63 | MURHU | L.C.E.M. MURHU | 35 | 162 | 35 | 0 | 0 |
| 64 | MURHU | PRASTAVIT HIGH SCHOOL DUDRI | 89 | 37 | 87 | 52 | 2 |
| 65 | RANIA | VIDYA VIHAR PUBLIC SCHOOL GARAI | 606 | 506 | 577 | 100 | 29 |
| 66 | RANIA | ASELY STANLEY KONGARI ENGLISH MEDIUM SCHOOL | 77 | 46 | 46 | 31 | 31 |
| 67 | RANIA | ST THOMAS SCHOOL RANIA | 202 | 186 | 200 | 16 | 2 |
| 68 | RANIA | VIDYA VIHAR PUBLIC SCHOOL KELO | 22 | 0 | 22 | 22 | 0 |
| 69 | RANIA | MADRASA FAIZ E HIDAYAT RAHIM | 26 | 13 | 26 | 13 | 0 |
| 70 | RANIA | SHARON MEMORIAL PUBLIC SCHOOL | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 71 | TORPA | SARASWATI SHISHU MANDIR PAKNA | 118 | 51 | 97 | 67 | 21 |
| 72 | TORPA | RC HS ANGRABARI | 194 | 86 | 112 | 108 | 82 |
| 73 | TORPA | CALASANZIAN MIDDLE SCHOOL | 299 | 0 | 299 | 299 | 0 |
| 74 | TORPA | SARSHWATI SHISHU VIDYA MANDIR DORMA | 187 | 0 | 187 | 187 | 0 |
| 75 | TORPA | SRI SRI VIDYA MANDIR HIGH SCHOOL | 226 | 96 | 226 | 130 | 0 |
| 76 | TORPA | VIDYA VIHAR PUBLIC SCHOOL LATAULI GUDLUPIRI | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 77 | TORPA | MNDG DAV PUBLIC SCHOOL SUNDARI | 202 | 148 | 54 | 54 | 148 |
| 78 | TORPA | BIRSA SHISHU VIDYA MANDIR TAPKARA | 275 | 165 | 110 | 110 | 165 |
| 79 | TORPA | THE SUN GLOBAL B.C. SCHOOL | 60 | 40 | 20 | 20 | 40 |
| 80 | TORPA | MOUNT MARRY PUBLIC SCHOOL | 50 | 94 | 50 | 0 | 0 |
| 81 | TORPA | SAMUEL INFANT HEART ACADEMY TORPA | 154 | 73 | 81 | 81 | 73 |
| 82 | TORPA | SVN ADARSH BHARTI SCHOOL TORPA | 92 | 37 | 55 | 55 | 37 |

निदेशानुसार सभी संबंधित विद्यालयों को निदेशित किया जाता है कि तीन दिनों के अन्दर Child Mandatory Field का अद्यतीकरण (Updation) अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विद्यालय को आवंटित यू–डायस कोड को रद्द करते हुए विद्यालय को बंद करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 296738 District(23-24).D

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मनाया गया मदर्स डे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मदर्स डे आश्रम की वृद्ध माताओं के साथ केक काटकर मनाया गया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा आश्रम की हर माताएं मेरी मां है और नित्य दिन मुझे बेटे से भी बढ़कर इनका प्यार आशीर्वाद मिलता है। आश्रम में जो भी आते हैं सभी को यह अपने बेटे बेटियों की तरह आत्मिक आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने कहा आश्रम के बूढ़े माता-पिता की देखभाल की अपनी सबसे पहले जिम्मेदारी मानते हैं और सन 2006 से आश्रम में आश्रय ले रहे वृद्धजनों की जीवन यापन की राह आसान करने के लिए यथासंभव प्रयास किए गए हैं जिनमें जिला प्रशासन, जिला पुलिस, बीसीसीएल, सेल एवं एमपीएल प्रबंधन संस्थाएं समाजसेवियों स्कूल प्रबंधन एवं छात्र छात्राओं का महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान रहा है जिसके फलस्वरूप आश्रम की माताओं के चेहरे पर सच्ची खुशी झलकती है। समाजसेवी ओंकार मिश्रा ने कहा की मां-बाप को वृद्धा आश्रम भेजने वालों का सामाजिक बहिष्कार हो। आइए हम सब मिलकर मदर्स डे पर शपथ ले की इन वृद्ध माताओं का बेटा-बेटी बन कर इनकी जीवन की राह को किसी भी योगदान से आसान करें। आश्रम में मदर्स डे के आयोजन में बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल की सदस्या सरिता महापात्रा, निभा पांडे एवं मनीष कुमार सिंह शामिल होकर वृद्धजनों की सेवा किए और फल एवं रोजमर्रा की सामग्रियां वृद्धजनों को भेंट की।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 6 घायल दो लोग घायल रेफर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड मुख्यालय के पास राँची-दुमका मुख्य मार्ग पर रविवार देर रात्रि बाइक हीरो ग्लैमर व ब्रेज़ा कार जिसकी गाड़ी संख्या जे एच 01 ए एल 3565 है की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक चालक समेत दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान ग्राम पंचायत बिरनी के 40 वर्षीय रमेश बैठा तथा पलौंजिया गाँव निवासी 42 वर्षीय चूरामणि रविदास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार प्रखण्ड मुख्यालय के पास कुछ सामान खरीदकर बाइक घुमा रहे थे तभी सरिया की ओर से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार चालक समेत सड़क पर गिर गए जिससे बाइक सवार चूरामणि दास को गम्भीर चोट लगी है वहीं रमेश बैठा को मामूली चोट आई है। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जिसका उपचार डॉ साकिब ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह पहुँचे और दोनों वाहनों एवम कार चालक को कब्जे में लेकर थाना ले गए। वहीं दूसरी ओर सोमवार लगभग 4 बजे शाम माखमरगो चौक में बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार 2 लोग तथा बाइक सवार 2 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान साइकिल सवार व चालक चिरूबेडा टोला चिताखारो निवासी 40 वर्षीय फागु टुडू,50 वर्षीय लोधवा टुडू तथा बाइक सवार राजधनवार थाना क्षेत्र के घोड़थम्बा निवासी 27 वर्षीय आदित्य पांडेय तथा चालक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हरकटो(लेदा)निवासी 35 वर्षीय मित्रजीत पांडेय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार साइकिल सवार रोजगार की तलाश में माखमारगो बाजार जा रहे थे वे सभी दिहाड़ी मजदूर है। वहीं बाइक से टक्कर मारने वाले के परिजन के द्वारा खबर प्रकाशित न करने को लेकर काफी दबाव बनाया जा रहा था।



## अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**मधुबन( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबन थाना क्षेत्र सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में हुआ अभिभावक गोष्ठी। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ,कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिभावक मनोज कुमार रवानी, अध्यक्षा अभिभाविका अंजु अग्रवाल ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन करके किया। इस गोष्ठी में मोबाइल के दुष्प्रयोग की बातें मुख्य रूप से आईं जिसका निराकरण करते हुए प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों से मोबाइल का लाभ लेने के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करने के लिए कहा साथ में उन पर एक नजर रखने को कहा ताकि वह अध्ययन कार्य में अधिक रूचि ले सके । संचालन धर्मेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया। इस गोष्ठी में 46 अभिभावक एवं अभिभाविकायें उपस्थित थे। साथ में श्रवण कुमार दुबे नमिता कुमारी सुतपा विश्वास, सुलेखा कुमारी उपस्थित एवं सक्रिय रहे।



# डीएवी के छात्र का शव भटिंडा फॉल से बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केंदुआडीह थाना क्षेत्र निवासी डीएवी स्कूल के छात्र शुभम कुमार का शव आज मूनीडीह ओपी क्षेत्र के भटिंडा फॉल में तैरता मिला। इस घटना की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि 18 वर्षीय शुभम कुमार रविवार की सुबह ही मॉर्निंग वॉक करने की बात कह कर अपने घर से निकला था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन अपने पुत्र की खोजबीन में लग गए थे। इसी बीच मुनिडीह के ग्रामीणों द्वारा अज्ञात बाइक मिलने की सूचना मिली। बाइक की पहचान करने पर उन्हें अपने पुत्र के साथ हुए किसी अनहोनी की आशंका हुई। शाम होने के कारण स्थानीय गोताखोर भी गहरे पानी में नहीं उतरे। आज सुबह स्थानीय लोगों ने शुभम का शव फॉल मे तैरता हुआ देखा। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बारातियों से भरी वैन की हाईवा से टक्कर, एक की मौत, दर्जनों घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के बलियापुर अंतर्गत प्रधानखन्ता में बारात से लौट रहे पिकअप वैन की सोमवार की सुबह हाईवा से टक्कर हो गई। जिसमें 8 व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। वहीं घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बारातियों से लदा पिकअप वैन की तीव्र गति से आती हुई हाईवा से आमने-सामने की टक्कर हुई। जिसके बाद पिकअप वैन पलट गया। जिससे उसमें सवार लगभग दर्जनभर लोगों को गंभीर चोटें आई। बताया जाता है कि बारात बरमुंडी से लौटकर टुंडी जा रही थी। उसी दौरान प्रधानखंता के समीप घटना घटी। जिनमें से आठ लोगों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहीं एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

# झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति की बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार समझा संध्या के सिबलीबाड़ी स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान के परिसर में झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति कि बैठक जिला अध्यक्ष लखन लाल शर्मा अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति जिला और प्रखंड के पदाधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत रहनेवाले बढ़ई समाज के गण्यमान लोगो ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में बढ़ई समाज के संगठन को मज़बूती के साथ साथ विस्तार करना है। इसके लिए अरुण शर्मा की अगुआई में समाज का एक दल डोर टू डोर कैम्पेन कर लोगो को जागरूक कर समाज और संगठन की महत्ता के बारे में बताया ताकि लोग एकत्रित होकर संगठन को मज़बूती प्रदान करे ।

## शोभा की वस्तु बनी जल मीनार, ग्रामीणों में मायूसी



प्रभात मंत्र सवांददाता

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के जीतपुर पंचायत के ग्राम नवादा शिव मंदिर के पास निर्मित सोलर जलमीनार का जब निर्माण हो रहा था तो ग्रामीणों में पानी के प्रति एक अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा था परन्तु इस जलमीनार की ऐसी दुर्दशा होगा किसी ने सपनों में भी नहीं सोचा था। बताया जाता है कि नवादा गांव के लोगों को प्यास बुझाने के लिए यह सोलर जलमीनार को स्थापित किया गया था पर कुछ दिन तो बहुत ही अच्छा रहा मगर ख़राब हुए आज साल भर से ज्यादा होने को पर इस ओर किसी की दया दृष्टि नहीं होने से नवादा के ग्रामीण जनता में काफ़ी मायूसी देखीं जा रही है। बच्चे हो या बुजुर्ग एक अच्छी दूरी तय कर पानी लाने को मजबूर हैं। टुंडी प्रखंड के कई ऐसे सोलर जलमीनार है जो केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।

## साथी फाउंडेशन को मिला नेशनल युथ एक्सीलेंस अवार्ड

# पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने इरफान आलम को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लिव फॉर ऑथर्स बीइंग हेल्पफुल फाउंडेशन की ओर से जम्मू कश्मीर में तीन दिवसीय कार्यक्रम, नेशनल युथ एक्सीलेंस अवार्ड 2023 का आयोजन किया गया जिसमे झारखंड के धनबाद शहर से साथी फाउंडेशन संस्था के संस्थापक इरफ़ान आलम को मोमेंटो, मेडल और सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान पिछले 7 वर्षो से उनके संस्था द्वारा किये गये समाजिक कार्य विशेषकर जरूरतमंद बच्चों को मुफ़्त शिक्षा देना, स्वास्थ को लेकर जगह जगह शिविर लगाना, रक्तदान शिविर जैसे जनहित मे कार्यक्रम आयोजन के लिये दिया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम मे देश के प्रत्येक राज्यों से आये हुए विभिन्न यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवक एवं संस्था को नेशनल युथ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री श्री गुलाम नबी आज़ाद ने साथी फाउंडेशन संस्था के संस्थापक इरफ़ान आलम को सम्मानित किया। मौके पर कैबिनेट मिनिस्टर आर.एस चिब, मेयर राजेन्द्र शर्मा, चन्दन कोहली, एसएसपी जम्मू रंजीत कौर एसटीओ कशिश गुप्ता, पद्मश्री मोहन सिंह सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। साथी फाउंडेशन संस्था धनबाद की पूरी टीम ने इस अवार्ड के लिए आयोजन कर्ताओं को धन्यवाद दिया।



# 1974 की रेलवे हड़ताल के आन्दोलनकारियों को नमन कर रहा है रेलकर्मी : ईसीआरकेयू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को धनबाद ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान पर आज 1974 स्ट्राइक का 49 वर्ष पूरा कर 50 साल में प्रवेश को 'ऐतिहासिक हड़ताल' के रूप में पालन करते हुए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के हिल कॉलोनी स्थित शाखा दो कार्यालय में भोजन अवकाश के समय दोपहर 12:00 एक कार्यक्रम 'ऐतिहासिक हड़ताल' का एक सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष एन. के. खवास ने किया। सभा में सबसे पहले शहिद बेदी में शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर शहीदों को याद किया गया और 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया। फिर इस हड़ताल से मिली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। आपको बता दें कि आज पूरा देश में एआईआरएफ से जुड़े रेल कर्मचारी संगठन 1974 की रेलवे हड़ताल के आन्दोलनकारियों को नमन कर रहा है। 1974 की रेलवे हड़ताल को आजाद भारत की सबसे बड़ी घटना के रूप में याद किया जाता है। इस हड़ताल के परिणाम स्वरूप ही रेलवे मे बोनस मिलने की प्रथा शुरू हुई। इसके इलावा अस्थाई रेल कर्मचारियों को स्थाई करने की प्रक्रिया शुरू हुई तथा रेलवे ने यह निर्णय लिया कि कोई भी गेंगमेन हटाया नही जायेगा। इस हड़ताल ने समूचे देश के मजदूरों और कर्मचारियों में एक आत्मविश्वास और संघर्ष का जज्बा पैदा किया था।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमेन दत्ता, एनके खवास, परमेश्वर कुमार, मंट सिन्हा, एके दास, राजीव कुमार, मोहम्मद इक़बाल, इस्लाम अंसारी, रोहित पाठक, एस मंजेश्वर राव, कौशलेन्द्र कुमार, आर के प्रसाद, प्रदीतो सील, महेंद्र कुमार, कौशल कुमार, प्रकाश रंजन, अनिल राव, रविशंकर कुमार, रमेश कुमार बाल्मीकि, राकेश, चिंटू कुमार और एसके महतो ने विशेष रूप से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## पानी की समस्या को लेकर चैताडीह निरीक्षण करने पहुंचे गिरिडीह विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र के चैताडीह, 6 नंबर में हो रहे पानी की दिक्कतों का जायजा लेने गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उप नगर आयुक्त एवं सिटी मैनेजर भी मौजूद थे।निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि मुख्य सड़क से होस्टल तक मिसिंग लिंक को जोड़ने से ऊपरी और निचले मुहल्ले को पानी मिल जाएगा। इस दौरान विधायक ने उपनगर आयुक्त को जल्द से जल्द इस काम को करने का निर्देश दिया है। उम्मीद है कि 1-2 हफ्ते में यहां पर पानी सुचारू रूप से चालू हो जाएगा।

# भारतीय रेलवे का माल ढुलाई राजस्व बढ़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** भारतीय रेल ने अप्रैल 2023 में 126.46 मीट्रिक टन की मासिक माल ढुलाई दर्ज की है। अप्रैल महीने में वृद्धिशील लोडिंग अप्रैल 2022 की तुलना में 4.25 मीट्रिक टन रही, यानी इसमें 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल में माल ढुलाई राजस्व 07 प्रतिशत बढ़कर 13,893 करोड़ रूपये हो गया, जबकि यह 2022 में 13,011 करोड़ रूपये था।

भारतीय रेल ने अप्रैल 2023 में 62.39 मीट्रिक टन कोयले की लोडिंग की। अप्रैल 2022 में कोयले की लोडिंग 58.35 मीट्रिक टन थी। भारतीय रेल ने 14.49 मीट्रिक टन लौह अयस्क की लोडिंग की, सीमेंट की लोडिंग 12.60 मीट्रिक टन, शेष अन्य वस्तुओं 9.03 मीट्रिक टन, 6.74 मीट्रिक टन कंटेनर्स, 5.64 मीट्रिक टन इस्पात, 5.11 मीट्रिक टन खाद्यान्न, 4.05 मीट्रिक टन खनिज तेल और 3.90 मीट्रिक टन उर्वरकों की लोडिंग की।

भारतीय रेल ने ''हंग्री फॉर कार्गो'' मंत्र का पालन करते हुए व्यापार करने में सहजता के साथ-साथ स्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इस प्रयास के फलस्वरूप पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक सामग्रियों में रेलवे में नए यातायात आ रहे हैं। भारतीय रेल की इस उपलब्धि में पूर्व मध्य रेल का भी महत्वपूर्ण योगदान है । पूर्व मध्य रेल द्वारा रिकार्ड कायम करते चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रैल माह में 15.89 मीलियन टन माल की ढुलाई की गयी जो पिछले साल इसी अवधि में किए गए 14.32 मीलियन टन माल ढुलाई की तुलना में लगभ 11 प्रतिषत अधिक है । यह लदान पूर्व मध्य रेल द्वारा वर्ष 2016-17 से अब तक पिछले 07 वर्षों के किसी भी अप्रैल माह में की गयी माल ढुलाई की तुलना में सर्वाधिक है । अप्रैल, 2023 में माल ढुलाई से पूर्व मध्य रेल को 2069 करोड़ रूपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ ।

# पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** बिरनी प्रखंड में राशन वितरण में गड़बड़ी का एक और मामला सामने आया है। मामला प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो की है। आपको बता दें कि राशन कार्ड संख्या 202000664455 जो सविता देवी पति महेंद्र प्रसाद वर्मा के नाम से है जबकि इस राशन कार्ड से चावल का उठाव विगत तीन वर्षो से कोई और का कर रहा है। पीड़िता सविता देवी अत्यंत गरीब परिवार से है पति महेंद्र प्रसाद वर्मा प्रदेश में रहकर किसी तरह आपने परिवार का भरण पोषण करता है पत्नी और बच्चे घर में रहते हैं, कार्डधारी सविता देवी कई बार डीलर संजीत कुमार राय के पास चावल उठाने के लिए गई परंतु बार बार डीलर ने लाभुक सविता को यह कह कर लौटा दिया की तुम्हारा राशन कार्ड बंद हो गया है इसलिए चावल नही दे सकते हैं । जबकि उक्त डीलर से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कार्ड बंद नहीं है इस कार्ड से प्रतिमाह राशन का उठाव हो रहा है परंतु कौन उठाव कर रहा है मालूम नहीं है। अब सवाल उठता है कि आखिर किसके मिलीभगत से राशनकार्ड में लाभुक के परिवार के बजाय किसी अज्ञात लोगों का आधार नंबर जुड़ गया। डीलर को यह पता है कि उक्त राशन कार्ड बंद हो गया परंतु यह पता नहीं है की इसी राशन कार्ड से राशन का उठाव कौन कर रहा है, यह जांच का विषय है। इस बीच भुक्तभोगी सविता देवी ने खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से न्याय की मांग किया है । इस बीच खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग करते हैं कि उक्त मामले में जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई किया जाए।



# ससुराल पक्ष ने गर्भवती बहु पर किया जानलेवा हमला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** सोमवार को प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम कल्हाजोरी में ससुरालवालों ने दहेज की मांग पूरा नहीं करने पर गर्भवती महिला पर जानलेवा हमला किया जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई है । बता दें गर्भवती महिला कौशल्या देवी की 2 वर्ष पूर्व कल्हाजोरी के विकास यादव पिता रामचन्द्र यादव के साथ शादी हुई थी । कौशल्या देवी का मायके सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह है जिसे पति समेत ससुरवालों ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते हैं । जानकारी के अनुसार लड़की के पिता की सड़क दुर्घटना में पिछले साल म्रत्यु हो गई जिसके कारण परिजन दहेज देने में सक्षम नही हैं जिसे लेकर लगातार मारपीट करते हैं और आज जानलेवा हमला किया तथा मारपीट कर वीडियो बनाकर लड़की के मायके वालों को भेज दिया जिसके बाद मायके पक्ष के लोग कल्हाजोरी पहुँचे जहाँ मायके पक्ष के लोगों के साथ भी मारपीट की गई । वहीं किसी तरह महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया जिसका उपचार डॉ साकिब ने किया । घटना की सूचना पाकर बिरनी थाना एएसआई चंद्रमोहन उरांव पहुंचे ।

*क्या कहते हैं थाना प्रभारी : -*

*थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कहा सूचना मिली है आवेदन मिलते ही कार्रवाई की जाएगी ।*

## हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर चिपकाया कुड़की जब्ती का इश्तेहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बिहार के गरही थाना प्रभारी रविन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तिसरी थाना पुलिस के सहयोग से हत्या के मामले में फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर तिसरी में उनके पांच ठिकाने पर इश्तेहार चिपकाया गया। एक सप्ताह में फरार अभियुक्त विष्णुदेव साव, इंद्रदेव साव सहित चार लोग सरेंडर नही की तो अगले कोर्ट के आदेश पर कुड़की जप्ती की जाएगी। गरही पुलिस टीम ने तिसरी में अभियुक्त के घर मकान में भाड़ा पर रह रहे लोगों को भी जल्द से जल्द खाली कराने का निर्देश दिया। बता दें कि विगत आठ माह पूर्व घरेलू विवाद के कारण नंद किशोर साव के छोटा साला मोनू कुमार की हत्या 25 सितंबर 2022 की रात को गोली मार कर की गई थी। मोनू कुमार के हत्या के आरोपी राजकिशोर पासवान ने मोनू कुमार के स्कार्पियो भाड़ा पर रिजर्व कर बिहार ले जाने के दौरान खैरा थाना के बरमसिया जंगल में मोनू को गोली मार दिया था। इस मामले में कुल ग्यारह लोग अभियुक्त है जिसमें तिसरी के दासों साव, सूर्यदेव साव व बिहार के पांच अभियुक्त को पुलिस जेल भेज चुकी है। बताया जाता है कि दासों साव के दो पुत्र विष्णुदेव साव, इंद्रदेव साव व राजकिशोर साव जिसने भाड़ा गाड़ी बुक कर मोनू को ले जा रहा था और जमुई जिला के सरकंडा के रिजवान अंसारी फरार है। पुलिस इन चारों को तलाश कर रही है, लेकिन हाथ नहीं आ रहा है। जिसके कारण तिसरी में दासों साव के अचल संपत्ति तिसरी चौक पर राशन दुकान, एफसीआई गोदाम के सामने चप्पल जूता दुकान, गांवा रोड में तीन मकान पर इश्तेहार चिपकाया गया।

## रमेश पांडेय ने महिलाओं को दिखाई द केरल स्टोरी फिल्म



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव रमेश पांडेय ने शो बुक कराकर कोयलांचल के तमाम बजरंगी भाई व बहनों को धनबाद के बिग बजार स्थित आईनॉक्स सिनेमा घर में द केरल स्टोरी' मूवी दिखाई। उन्होंने सभी को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाया। जय श्री राम के नारों से पुरा आईनॉक्स गूंज उठा। महिलाएं एवं बच्चियां भारी संख्या में मूवी देखने सिनेमा घर पहुंचीं थीं। वहीं रमेश पाण्डे ने बताया कि महिलाओं को किस तरह से प्रेमजाल में उन्हें फंसाकर उनका धर्मानतरण किया जाता है। उन्ही घटनाओं पर बनी यह मूवी ख़ास कर महिलाओं के लिए एक सीख है। मौके पर सैल्यूट तिरंगा झारखंड प्रदेश की वरिष्ठ प्रवक्ता बॉबी पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोहरदगा पुलिस के हत्थे चढ़े पीएलएफआई के तीन नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला पुलिस बल ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को दो देसी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वही एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया गिरफ्तार नक्सलियों में कौशल कुमार यादव रांची जिले के बलसोकरा,चान्हो रांची का निवासी है। दीपक यादव लोहरदगा की कैरो थाना क्षेत्र के उकता कैरो और कुशल यादव लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र सीरम का रहने वाला है। तीनों की उम्र 19 से 23 साल के बीच है, साथ ही कैरो भंडरा सीमान में नहर निर्माण के दौरान कार्यरत मजदूरों से मोबाइल छिनतई की गई थी तथा लेवी नहीं मिलने पर कार्य बंद रखने की धमकी देकर पोस्टर बाजी भी किया गया था जिसको लेकर कुडू थाना कांड संख्या 47/2023 दिनांक 08,04,2023 धारा 144/ 148/ 149/ 341/ 323/ 506/ 435/ 427/ 385/ 387 भाज्दज्विज् एवं 17 सी एल ए एक्ट एवं भंडरा थाना कांड संख्या 21/23 दिनांक 08.04.2023 धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 379/ 386/ 387/ 506 के तहत के मामले दर्ज किए गए थे,वही एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि तीनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के सरगना कृष्णा यादव के लिए काम करते हैं। पिछले 8 अप्रैल को कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू के स्टोन माइंस में बम फेंकने, पोस्टर बाजी, मशीनों को आग लगाने और दहशत फैलाने सहित कई वारदातों में इनका हाथ रहा है। कैरो थाना क्षेत्र में मजदूरों से मारपीट और मोबाइल छीनने की घटना को इन्होंने ही अंजाम दिया था, पीएलएफआई की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी,7 मई की रात करीब 1त्र30 बजे कुडू थाना पुलिस ने कौशल और दीपक को संदेह होने पर रोका। इनकी जांच करने पर इनके पास से पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए। इन दोनों की निशानदेही पर इनके सहयोगी कुशल यादव को लातेहार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया नक्सलियों की गिरफ्तारी के अभियान में डीएसपी अभियान दीपक कुमार पांडे, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह,सब इंस्पेक्टर तकनीकी शाखा प्रभारी अभिनव कुमार,प्रेम प्रकाश तथा सैट के पुलिस जवान शामिल थे।

# उपायुक्त ने पथ निर्माण योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग,लोहरदगा से सनई-हपात पथ के संबंध में विभाग द्वारा की गई कार्रवाई, पाखर-नारीधुर्वा मोड़ पथ के संबंध में अद्यतन प्रगति, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत नये पथ की पृच्छा की गई। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पाखर-नारी धुर्वा मोड़ पथ में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर द्वारा जांच किये जाने का निदेश दिया गया है। विभाग द्वारा सात वर्ष से पुरानी ग्रामीण सड़कों को मरम्मति के प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को अगले सप्ताह के अंतर मरम्मति के योग्य पथों की सूची उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल विभाग, लोहरदगा से तीन उच्च स्तरीय पुलों के प्रशासनिक स्वीकृति संबंधी अद्यतन स्थिति की पृच्छा की गई। इसी प्रकार राष्ट्रीय उच्च प्रमण्डल रांची से कुडू-लोहरदगा-घाघरा पथ में नालियों के उपर स्लैब की मोटाई बढ़ाये जाने के संबंध में की गई कार्रवाई की पृच्छा की गई। इसी प्रकार पथ प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा भी अपनी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# तिगरा ग्राम में शीघ्र एक सौ केवी का जला ट्रांसफार्मर बदला जाएगा : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू सदर प्रखंड के ग्राम तिगरा के ग्रामीणों के शिकायत पर कांग्रेसियों के साथ तिगरा ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि विगत 25 दिन पूर्व यहां पर स्थित 100 केवी का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिसके कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम भी प्रारंभ हो गया है इसलिए शीघ्र यहां 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग ग्रामीणों ने श्री साहू से किया। मौके पर श्री साहू ने ग्रामीणों से कहा कि झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। जन समस्याओं का निदान करना कांग्रेसियों का प्रथम प्राथमिकता है। झारखंड की कांग्रेसनीत यूपीए सरकार ने झारखंड के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने का काम किया है। एक सौ यूनिट तक मुफ्त, बिजली बकाया बिल पर ब्याज माफ तथा 5 किस्तों में बकाया मूल राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है जनता को इसका लाभ उठाना चाहिए। मौके पर से ही श्री साहू में लोहरदगा विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सुजीत जी से वार्ता कर तिगरा में जले 100 केवी का ट्रांसफार्मर बदलने की बात कहें। कनीय अभियंता ने दो-तीन दिन के अंदर एक सौ केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए। मौके पर मुमताज अंसारी, सुहेल अंसारी, परवेज अंसारी, सनामूल अंसारी, मनौवर अंसारी,मेराज अंसारी, असरफ अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, हसरत अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर वार्ड पार्षद का कार्यकाल खत्म होने से नागरिकों को हो रही परेशानी : कमलेश कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद लोहरदगा के सभी वार्ड पार्षदों का कार्यकाल खत्म होने पर वार्ड पार्षद कमलेश कुमार ने जिला उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण को पत्र लिखा जिसमें निम्न बातों को उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में नगर परिषद लोहरदगा क्षेत्र के निवासियों के समक्ष विभिन्न प्रकार के लंबित कार्य नही हो पा रही है जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति, आय, वंशावली, पासपोर्ट सत्यापन, आधार कार्ड संशोधन इत्यादि कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है जिसमे वार्ड पार्षद के हस्ताक्षर की अनुशंसा की आवश्यकता होती है ताकि इन पत्रों को ऑनलाइन एवं अपने आवेदन किया जा सके वही वार्ड पार्षदों का कार्यकाल खत्म हो जाने के कारण आवेदनों पर हस्ताक्षर की अनुशंसा नहीं हो पा रही हैं,जिसे नगर वाशियो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वही कमलेश कुमार ने जिला उपायुक्त से गुहार लगाई है कि इस संदर्भ अंकित बिंदुओं पर विचार कर समश्या का समाधान निकाला जाय ताकि नगर वाशियो को परेशानी का सामना करना न पड़े।

# अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवती घायल, इलाज के दौरान एक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** बाइक पर सवार हो इंटरव्यू देने जा रही दो युवती कंडरा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में घायल स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवती गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने निजी वाहन से घायल दोनों युवतीयों को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि दोनों युवती को अंदरूनी गम्भीर चोटें आई है। घायलों की पहचान गुमला थाना क्षेत्र के कोयनारा टोंगरी टोली निवासी पत्रिक बिलू की पुत्री रितिका बिलू तथा चैनपुर थाना क्षेत्र के बिरसा नगर निवासी थोमस सोरेन की पुत्री एलिन सोरेन के रूप में किया गया। बताया जाता है। कि टीटीसी का परीक्षा देकर एलिन सोरेन अपने सहेली रितिक बिलू के घर लोहरदगा से गुमला गई थी। और सोमवार सुबह दोनों सहेली पल्सर बाइक आर एस 200 से लोहरदगा इंटव्यू देने आ रही थी। उसी दौरान कंडरा चौक के समीप मोड़ में ट्रैक्टर चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते आ रहा था। जो बाइक को टक्कर मार फरार हो गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। बताया जाता है। कि घायल युवती का इलाज के दौरान रितिका बिलु की मौत सदर अस्पताल में हो गया। जिसे मौत की सूचना पर परिजनों के बीच मातम छाया हुआ है।

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान को प्रभावी बनाने को लेकर मुखिया सुखमणि टोप्पो ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा :** टीबी मुक्त पंचायत अभियान को और अधिक प्रभावी रूप से संचालन को लेकर मुखिया सुखमनी टोप्पो की अध्यक्षता में पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा एक बैठक का आयोजन कुडू प्रखंड अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोलसिमरी में किया गया। जिसमें एएनएम किरण तीर्की, सहिया वीणा भगत एवं धनी देवी, सेविका सहित अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कोलसिमरी पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर एक रणनीति बनायी गई। जिसमे बताया गया कि सभी सहिया महिने में कम से कम पांच व्यक्तियों का स्पूटम लैब जांच हेतु भेजना सुनिश्चित करें। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर बताया गया कि सभी वार्ड सदस्य अपने अपने क्षेत्र में सुनिश्चित करें कि एक भी टीबी मरीज जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रह सके। इसके लिए मुखिया के देखरेख में एका डाटा बेस तैयार किया जायेगा। जिसमे टीबी को लेकर पूरी जानकारी एकत्र किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य में सहयोग करने वाले निजी प्रदाताओं को भी परिणाम की अधिसूचना और रिपोर्टिंग के लिए दो किस्तों में 1000 एक हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस दौरान मुखिया सुखमंती टोप्पो ने बताया कि टीबी बिमारी को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे सभी ग्रामिणो को टीबी बिमारी के लक्षण जांच एवं उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मोहम्मद तौसिफ अंसारी ने बताया कि दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खांसी आ रहा हो,बुखार हो,रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो, सीने में दर्द हो,वजन घट रहा हो तो अविलंब टीबी की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर जरुर कराएं।

# बैल ने किसान हरि उरांव को पेट में सिंग मारकर किया घायल, रिम्स रेफर

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के खरता गांव के किसान हरि उरांव (42 वर्ष) को बैल ने सिंग मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि किसान अपने घर से बाहर खेत की ओर जा रहा था तभी रास्ते में एक बैल ने उसके पेट मे सिंग मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे आनन फानन में मांडर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। किसान के पेट में काफी गहरी चोटें आई है। गांव के समाजसेवी मृत्युंजय तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को रिम्स ले जाया गया। हरि उरांव एक गरीब किसान है खेती-बारी कर किसी प्रकार अपने परिवार का भरण-पोषण करता है।

# खनन पदाधिकारी के निर्देश पर भट्ठा मालिक गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** जिला खनन विभाग के निर्देश में अवैध संचालित चिमनी ईट भट्ठा के विरुद्ध कारवाई करते हुए भट्ठा मालिक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गाँव में संचालित सर्वश्री वाणी ब्रिक्स अवैध चिमनी ईट भट्ठा के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के निर्देश पर भट्ठा संचालक मालिक सेन्हा निवासी स्व0 बालेश्वर साहु का पुत्र जयनाथ साहु को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वही इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर ईट निर्माण के लिये सामग्री का अवैध भंडारण के विरुद्ध कारवाई किया गया था। जिस निमित जिला खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार भट्ठा संचालनक जयनाथ साहु को गिरफ्तार कर जांचोपरांत जेल भेजा गया।

# जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त करनेवाली छात्राओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज एकलव्य आवासीय विद्यालय, कुजरा की तीन छात्राओं को समाहरणालय सभागार में शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एकलव्य आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा की तीन छात्राओं; ललीता कुमारी, स्वाति कुजूर और किरण तिर्की ने इस वर्ष आईआईटी जेईई,मेंस की परीक्षा पास की है। तीनों छात्राएं 04 जून 2023 को होनेवाली आईआईटी जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गई हैं। आज छात्राओं को सम्मानित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आप सभी को इंजीनियरिंग की पढाई के लिए बेहतर कॉलेज का चुनाव करना चाहिए, क्योंकि कॉलेज चुनने का अवसर सिर्फ एक ही बार मिलेगा। जैसा संस्थान का चुनाव करेंगे, वह कॅरियर की दिशा तय करेगा। उपायुक्त द्वारा सहायक जिला योजना पदाधिकारी को निदेश दिया कि तीनों छात्राओं समेत जिला के अन्य छात्र-छात्राओं, जिन्होंने आईआईटी जेईई-मेंस की परीक्षा पास की है, उनके लिए विशेष क्रैक कोर्स की व्यवस्था विज्ञान भवन, लोहरदगा में की जाय। आज इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, विद्यालय की प्रधानाचार्य अमृता मिश्रा समेत तीनों छात्राएं उपस्थित थीं।

# अखिलेश कुमार ने सरस्वती शिशु मंदिर का किया निरीक्षण कहा समय के महत्व को समझें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार का आगमन एवं निरीक्षण कार्य संपन्न हुआ। वंदना सभा में सरस्वती वंदना के पश्चात वे आचार्य एवं भैया बहनों को सफलता का मूल मंत्र बताया । उन्होंने कहा कि समय अनमोल होता है इसके महत्व को समझें समय पर विद्यालय आना श्रेष्ठ आचार्य एवं आदर्श छात्र का लक्षण होता है। समय के सही पालन से ही व्यक्ति महान बनता है । प्रेरक प्रसंग के माध्यम से उन्होंने भारत कोकिला सरोजिनी नायडू के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें जो बच्चों के लिए प्रेरणादाई रहा। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न विभागों एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता कर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सेन्हा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाते हुए अस्वच्छता अभियान चलाया गया। वही स्वच्छता अभियान का प्रखंड मोबलाइजर मनसा रानी द्वारा बताया गया। सरकार के निर्देशानुसार घर,सरकारी भवन, कार्यालय व आस पड़ोस को साफ तथा स्वच्छ रखने के लिये प्रखंड तथा अंचल कर्मियों को शपथ दिलाया गया। साथ ही गाँव और पंचायत में जल सहिया दीदी एवं सफाई कर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पदादिकारी व ग्रामीणो को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया। कि सफाई के प्रति जागरूक होने से मलेरिया, चेचक, हैजा जैसा घातक बीमारीयों से बचाव हो सकता है। साथ ही सुखा कचड़ा और गिला कचड़ा को अलग अलग जगहों में रखने के लिये कहा गया और उसका उपयोग के बारे में बताया गया। मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मी तथा सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# वाहन जांच के दौरान परिवहन विभाग ने की 18 हजार जुर्माना राशि की वसूली



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिवहन विभाग के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप चलाया गया वाहन जांच अभियान त्रुटि पाए जाने पर वसूली की गई फाइन। सेन्हा थाना के समीप सोमवार को परिवहन विभाग के निर्देश पर कार्यरत कर्मियों एवं पुलिस बल के सहयोग से दो पहिया वाहन जांच अभियान सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला राष्ट्रीय मुख्य पथ पर चलाया गया। वाहन जांच के दौरान बाइक चालक का हेलमेट लाइसेंस सहित वाहन संबंधित कागजात की जांच की गई। जांच के क्रम बाइक चालक को बिना हेलमेट या लाइसेंस के पकड़े जाने पर 15 बाइक चालकतथा चार पहिया वाहन चलम से लगभग 18 हजार जुर्माना राशि वसूली की गई। साथ ही उन सभी बाइक चालको को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि बिना कागजात या हेलमेट के बाइक चलाने पर परिवहन नियम संगत सख्त से सख्त कारवाई किया जाएगा। वहीं 9 बाइक को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वाहन जांच के दौरान अमृतेश्वरी गिरी, अमरेश भर्ती सहित सेन्हा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

# मानव सेवा करना ही रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य : अरविंद कुमार लाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद के नेतृत्व में लोहरदगा इकाई ने विज्ञान भवन स्थित लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए उनके उपयोग की पुस्तकें सप्रेम भेंट किया। पुस्तक संग्रह में राहुल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। इस अवसर पर सोसायटी के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार लाल अनुमंडल पदाधिकारी ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना युद्ध के समय सेवा कार्य से किया गया था। आज यह संस्था पूरे विश्व में मानवता का कार्य कर रही है। मानव सेवा ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस कड़ी में लोहरदगा इकाई ने लाइब्रेरी को उपयोगी व अच्छी पुस्तकें भेंट कर मानवता का कार्य की है। उन्होंने बतलाया कि हम सभी को मानव सेवा का कार्य करना चाहिए। लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना होगा। सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाना चाहिए क्योंकि अधिकांश मौतें समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने से होती है। मानव सेवा ही हमारा प्रथम कर्तव्य है। सोसायटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि रेड क्रॉस की स्थापना सन 1863 में हेनरी ड्युनेट ने जेनेवा में शुरू किया था। प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता मानवतावादी, सामाजिक कार्यकर्ता हेनरी ड्युनेट के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। लाइब्रेरी को पुस्तक देकर आशा करते हैं कि पुस्तक से बड़ा कोई मित्र नहीं होता है,पढ़ाई कर ज्ञान को बढाएं और अपने जीवन को मानव सेवा में लगाएं। सचिव अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ता समय और परिस्थिति के अनुरूप कार्य करते हुए समाज में मानवता को बढ़ावा देते हैं। कोरोना काल में सोसाइटी के कार्यकर्ताओं ने मास्क, सैनिटाइजर इत्यादि वितरण कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, प्रवीण कुमार, आलोक कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ब्रज मोहन प्रसाद एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अधिकारी जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दे अन्यथा होगी करवाई : डॉ.रामेश्वर उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सोमवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा किस्को प्रखंड मुख्यालय में सुने जनता की समस्या साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ किए समीक्षा बैठक। जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर उरांव का प्रखंड मुख्यालय के आगमन में प्रशासन एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत ढोल नगाड़ा एवं आदिवासी रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में किस्को प्रखंड के विभिन्न गांव से आम जनता एवं पार्टी के कार्यकर्ता हुए शामिल। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनता आवेदन के माध्यम से अपनी समस्या डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष रखी गई। ग्रामीणों के द्वारा लगभग 100 आवेदन विधायक मंत्री महोदय को दिया गया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य तौर पर ग्रामीणों के द्वारा राशन से संबंधित प्राप्त आवेदन एवं आवास योजना, सड़क, शिक्षा, एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समस्याया आई। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा जो आवेदन प्राप्ति हुई। उन सभी का निदान के लिए माननीय विधायक से मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रशासनिक पदाधिकारियों से बात करते हुए तत्काल सभी समस्याओं का निदान की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का निदान ही हमारी प्राथमिकता है । जो भी जनता की समस्या आती है उसे प्रशासनिक पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करें । जन समस्याओं का निराकरण नहीं करने वाला अधिकारियों के ऊपर होगी कार्रवाई। झारखंड सरकार के द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है इन सभी योजनाओं को प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्रामीण जनता को लाभ दिलाने का काम करनी होगी। इस जनसुनवाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में जो भी ग्रामीण जनता की समस्या आती है उसे निदान करने का काम किया जा रहा है।

# पारिवारिक विवाद में पत्नी ने टांगी मारकर की पति की हत्या



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा मामला जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र की है जहाँ पत्नी एतमनी देवी ने आपसी विवाद में शराबी पति दिलेश्वर उरांव (55) वर्षीय की टांगी से मार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर सोमवार की सुबह सेन्हा थाना पुलिस दलबल के साथ बुटी छोटका टोली स्थित मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर पूरे मामले की जाँच में जुट गई।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई टीएमएच में भर्ती



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुपेरे छोटे भाई अनूप टुडू की अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल बीते कुछ समय से किडनी यानी गुर्दे की बीमारी से ग्रसित हैं।इस बीमारी के इलाज के लिए अनूप टुडू कुछ दिन पहले भीलौर से चेकअप करा के आया है। दो दिन पहले अचानक तबियत खराब होने की बजह से उन्हें टाटा मुख्य हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है जहाँ मुख्यमंत्री के देखरेख में इलाज चल रहा है। फुपेरी भाई अनूप टुडू मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से छोटे हैं। वे चाकुलिया अपने स्थानीय आवास में ही रहते हैं।हेमंत सोरेन की फुपेरी तीन भाईयों में से छोटे है बीते शाल मझला भाई किशोर टुडू का भी किडनी की बीमारियों के कारण देहांत हो गया। जबकि बड़े भाई कपूर बागी है।बताया जाता है कि बड़े भाई कपूर बागी का भी बीते कुछ वर्षों से वे किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं।

### असम के 105 करोड़ के घोटाले में आरोपित निलंबित आईएएस सहित तीन गिरफ्तार

**अजमेर :** असम स्टेट काउंसलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) में 105 करोड़ रुपये के कथित घोटाले मामले में निलंबित आईएएस, उनका दामाद और ठेकेदार को असम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों को असम ले जाने के लिए ट्रांसिट आवेदन के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। दरअसल, निलंबित आईएएस सेवाली देवी शर्मा की गिरफ्तारी के लिए असम मुख्यमंत्री कार्यालय लगातार मॉनिटरिंग कर रहा था। असम पुलिस लगातार आरोपितों की लोकेशन ट्रेस कर रही थी। अपनी गिरफ्तारी के डर से निलंबित आईएएस अपने दामाद और ठेकेदार अमीन के साथ शनिवार से अजमेर के एक होटल में ठहरे थे। अजमेर में आरोपितों की लोकेशन मिलने पर असम पुलिस ने अजमेर पुलिस से मदद मांगी। इसके बाद असम पुलिस रविवार देर शाम को अजमेर पहुंची और अजमेर की कोतवाली थाना पुलिस की मदद से आईएएस सेवाली देवी शर्मा, उनके दामाद अजीत पाल सिंह और ठेकेदार अमीन को गिरफ्तार कर लिया। तीनों की गिरफ्तारी असम की स्टेट काउंसलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) में 105 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मामले में हुई है। सोमवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस के साथ असम पुलिस के अधिकारियों ने आरोपितों को असम ले जाने के लिए स्थानीय कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या 1 में ट्रांजिट वारंट की अर्जी दाखिल किया है। कोर्ट से ट्रांजिट वारंट की स्वीकृति मिलने के बाद असम पुलिस सेवाली देवी शर्मा को असम लेकर रवाना होगी। उल्लेखनीय है कि सेवाली देवी शर्मा 1992 कैडर की आईएएस हैं।

# दो इनामी सहित 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पिछले 30 वर्षों में माओवादी संगठनों का गढ़ माने जाने वाला कौलेश्वरी सब जोन का सफाया कर दिया गया। उक्त बातें आइजी एवी होमकर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। मौका था झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत झारखंड पुलिस की नई दिशा एक नई पहल के अंतर्गत पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण का। आईजी ने बताया कि 5 लोगों ने आत्मसमर्पण किया है,जिसमें 2 लोगों पर इनाम घोषित था। एक के ऊपर 10 लाख और दूसरे के ऊपर पांच लाख।

आईजी होमकर ने बताया कि चतरा जिला के कौलेश्वरी सब जोन में आतंक का परिचायक बने भाकपा माओवादी संगठन के जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगु लखन यादव के ऊपर 10 लाख का सब जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन यादव सुदर्शन पर 5 लाख का इनामी सहित सब जोनल कमांडर नीरु यादव उर्फ सलीम, सब जोनल कमांडर संतोष भुईयां उर्फ सुकन,दस्ता सदस्य अशोक बैगा के द्वारा झारखंड पुलिस एवं सीआरपीएफ के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सभी कुख्यात नक्सली झारखंड के चतरा हजारीबाग व बिहार के गया तथा औरंगाबाद जिले के कई कांडों में वांटेड है।

### कौलेश्वरी सब जोन का हुआ सफाया : आईजी होमकर


आईजी एवी होमकर ने बताया कि 30 वर्षों में भाकपा माओवादी संगठनों का गढ़ माने जाने वाला कौलेश्वरी सब जॉन का सफाया हो गया। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए महानिदेशक के नेतृत्व में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर एवं अन्य केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सहयोग से सभी नक्सली संगठनों के खिलाफ पूरे झारखंड के जो प्रभावित जोन है, वहां पर चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इसी दिशा में पुलिस को नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलता मिल रही है।



### नक्सलियों ने पुलिस को सौंपे हथियार

नक्सली अमरजीत यादव के द्वारा एके-56 राइफल एक,एके 56 राइफल की गोली 225, एके 56 मैगजीन 3, वायरलेस सेट दो पीस,आईडी बनाने का पाउडर 18 किलोग्राम, पोटाश 5 किलोग्राम पुलिस को समर्पित किया गया।वहीं सहदेव यादव और लटन यादव सुदर्शन के द्वारा एक एसएलआर, एसएलआर का 150 गोली, एसएलआर का तीन मैगजीन,वायरलेस सेट, नीरू यादव उर्फ सलीम के द्वारा एक इंसास रायफल .303 का दो रायफल,एसएलआर का गोली 175 राउंड, इंसास का गोली सौ राउंड,इंसास मैगजीन दस पीस, वायरलेस सेट दो पीस, संतोष बैगा उर्फ शुकन ने एके 56 राइफल एक, गोली 225 पीस,मैगजीन दो पीस, 315 का 880 गोली,वायरलेस सेट 10 पीस,पिस्टल एक पीस, इंसास एलएमजी मैगजीन 3 पीस,इंसास मैगजीन 20 पीस, अशोक बैगा ने देसी बंदूक दो और वायरलेस 1 पीस पुलिस को समर्पित किया।

## मोचा तूफान को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की दी चेतावनी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** बंगाल की खाड़ी में मोचा तूफान ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने इसको लेकर तटीय क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश की संभावना के साथ आंध्रप्रदेश में तीन दिन बारिश का अनुमान जताया है। वहीं ओडिशा के 18 जिलों में भी चक्रवाती तूफान को लेकर चेतावनी जारी की गई है। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि नौ मई को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बनने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति बनने से आठ मई को इस क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है।

विभाग के बुलेटिन में कहा गया है, इसके बाद बंगाल की खाड़ी के मध्य में और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर की ओर इसके एक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में रविवार से 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है। इसलिए नौ मई से पहले सागर से वापस लौट आने की सलाह दी है और अगले तीन दिन समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

## आशी केयर अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** को आशी केयर अस्पताल, पांकी रोड, रेड़मा, द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं जाँच शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में डॉ रेणु यादव (संजय गाँधी मेमोरियल हॉस्पिटल, नई दिल्ली) अपनी सेवा देंगी।

शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक है। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी जी ने बताया की इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पैसे की कमी की वजह से बहुत से मरीज अपना जांच नही करवा पाते है और दौरान देखा गया कि गर्भावस्था के अंतिम समय मे खून की कमी ओर जानकारी के अभाव के कारण जच्चा ओर बच्चा की मौत तक हो जाती है। यह शिविर आयोजित किया गया ताकि महिलाओं को उन दिनों में क्या करना है इसकी जानकारी आम जानो तक पहुँचे और विशेष परिस्थितियों में तुरंत डॉ से सलाह ले। परामर्श ओर जांच बिल्कुल ही निःशुल्क रहेगा। सो इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।




# रक्षा मंत्री ने भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को चंडीगढ़ में भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि यह केंद्र उन सभी के साहस और समर्पण का वसीयतनामा है, जिन्होंने भारतीय वायु सेना में सेवा कर राष्ट्र की रक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। यह अद्भुत पहल भारतीय वायु सेना की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के साथ युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। इस केंद्र में पाकिस्तान के साथ 1965, 1971 और कारगिल युद्ध, बालाकोट हवाई हमले सहित विभिन्न युद्धों में भारतीय वायु सेना की यादगार भूमिका को भित्ति चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। 17000 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर देशवासियों के लिए बड़ा आकर्षण होगा।



इस हेरिटेज सेंटर की स्थापना केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और भारतीय वायुसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत की गई है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेरिटेज सेंटर के मुख्य हाल का उद्घाटन करने के बाद हेरिटेज म्यूजियम का दौरा किया। उन्होंने पार्किंग एरिया में लगाए मिग-21 के कॉकपिट पर बैठकर जायजा लिया। इसके बाद वे हेरिटेज सेंटर के लॉन एरिया में बनाई सोवेनियर शॉप को भी देखा और एचपीटी-32 एयरक्राफ्ट का जायजा लिया। उन्होंने एयरक्राफ्ट मिग-23 के साथ फोटो सेशन में भी हिस्सा लिया। इसके बाद यहीं से शहर को तीन अलग-अलग प्रोजेक्टों की सौगात दी।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीवी चौधरी ने इस हेरिटेज सेंटर की प्रगति की समीक्षा करने के लिए पिछले महीने दौरा किया था।

अधिकारियों ने कहा कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा जो भारतीय वायु सेना की अदम्य भावना को प्रदर्शित करेगा। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर भी मौजूद थीं।

### कश्मीर घाटी में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 रही। हालांकि, भूकंप के कारण कहीं से भी किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केंद्र बारामूला जिले में था और भूकंप जमीन से 10 किमी की गहराई में दोपहर 02:28 बजे आया। विशेषज्ञों ने क्षेत्र में एक बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भूकंप के कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, भूकंप का झटका महसूस होते ही कई लोग अपने घरों, दुकानों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों से बाहर निकल आए और कुछ देर तक खुले में ही रहे।




# देश का पहला राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन मुम्बई में

**एजेंसी**

**भोपाल :** देश में पहली बार आयोजित होने जा रहा राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन आगामी 15 जून से मुंबई में प्रारंभ होगा, जिसमें देश भर के लगभग 4300 विधायकों को आमंत्रित किया गया है और इसमें संसदीय कार्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर तीन दिनों तक गहन विचार विमर्श किया जाएगा। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम ने सोमवार को भोपाल में विधानसभा के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक पीसी शर्मा, भाजपा विधायक कृष्णा गौर, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह और पुणे स्थित प्रतिष्ठित संस्थान एमआईटी-एसओजी के वरिष्ठ पदाधिकार राहुल वी कराड़ भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष




गिरीश गौतम ने सम्मेलन की रुप-रेखा बताते हुए कहा कि मुंबई में होने जा रहे विधायकों के राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए देशभर के 4300 विधायकों को आमंत्रित किया गया। अब तक एक हजार 800 विधायकों ने स्वीकृति देकर पंजीयन करा लिया है। प्रदेश के भी सौ विधायकों की स्वीकृति मिल चुकी है। आगामी 15 जून से शुरू होकर 17 जून तक चलने वाले इस सम्मेलन में विधायकों की भूमिका, सदन में कार्य व्यवहार से लेकर अन्य विषयों पर विचार-विमर्श होगी। उन्होंने कहा कि देश में यह अपनी तरह का पहला सम्मेलन होने जा रहा है। मतदाता जागरूकता के साथ अन्य विषयों पर सत्र होंगे। गौतम ने कहा कि मप्र विधानसभा में एक निश्चित दिन प्रश्नकाल के दौरान केवल पहली बार के विधायकों और महिला विधायकों को ही प्रश्न करने का अवसर देने का नवाचार किया गया। इसी तरह अन्य राज्यों में भी जो नवाचार हुए हैं, सम्मेलन में उसकी जानकारी साझा की जाएगी।

# भाजपा ने चुनाव आयोग से सोनिया गांधी की शिकायत



**एजेंसी**

**बेंगलुरु:** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के उस बयान को लेकर निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी किसी को भी कर्नाटक की 'प्रतिष्ठा, संप्रभुता या अखंडता' के लिए खतरा पैदा नहीं करने देगी। भाजपा का एक डेलिगेशन सोमवार को इस शिकायत के साथ चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा।बता दें कि कांग्रेस ने शनिवार को हुबली में एक चुनावी रैली में सोनिया गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए एक ट्वीट में कहा था कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने ''6.5 करोड़ कन्नड़ लोगों को एक कड़ा संदेश दिया।'' पार्टी ने उनकी तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह जनसभा को संबोधित करते दिख रही हैं। कांग्रेस ने सोनिया के बयान का जिक्र करते हुए ट्वीट किया था कि कांग्रेस किसी को भी कर्नाटक की प्रतिष्ठा, संप्रभुता या अखंडता के लिए खतरा पैदा नहीं करने देगी। सोनिया के इसी बयान को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। शिकायत दर्ज कराने वाली केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने इस बयान को चौंकाने वाला और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि सोनिया ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्होंने सोनिया गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया।भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की संयोजक करंदलाजे ने निर्वाचन आयोग से वरिष्ठ कांग्रेस नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने का निर्देश जारी करने की भी मांग की। दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सोनिया गांधी ने संप्रभुता शब्द का इस्तेमाल जानबूझकर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र टुकड़े-टुकड़े गैंग का एजेंडा है, इसीलिए वे इस तरह के शब्द भी इस्तेमाल कर रहे हैं। चुनाव आयोग ऐसे देश-विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को 1-1 लाख रुपये के भुगतान की मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना/ सर्प दंश से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवदेन अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना/ सर्प दंश के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। रांची जिला अंतर्गत रातू, कांके, ओरमांझी एवं इटकी अंचल अधिकारीयों के प्रतिवेदनानुसार राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति स्वरुप मृत व्यक्ति के आश्रितों को 1-1 लाख रूपये एवं सर्प दंश के तहत मृत व्यक्ति के आश्रित को 4 लाख रूपये की क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

निम्न आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा : आवेदिका हैं- रजिया खातून, मृतक- इस्लाम अंसारी (पति) , मृत्यु- 16-10-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- ओरमांझी, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका-चंचला देवी, मृतक- स्व.जितेन्द्र कुमार महतो(पति), मृत्य- 23.05.2022 (सर्पदंश) , अंचल- कांके, क्षतिपूर्ति- 4,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- रामेश्वर उराव, मृतक- स्व0 बिना तिग्गा (पत्नी), मृत्यु- 28.05.2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- रामेश्वर उराव, मृतक- स्व. निहारिका उरांव (पुत्री), मृत्यु- 28.05.2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- नारायण कांदु , मृतक- रामसुंदर साहू (पुत्र) , मृत्यु- 13-03-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल-




रातू ,क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका- सुनीता देवी, मृतक- स्व. राहुल नायक (पति) , मृत्यु- 08-07-2021 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- सुधीर सिंह , मृतक- स्व0 दीपक कुमार सिंह (पुत्र), मृत्यु- 08-07-2021 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका- सुनीता , मृतक- स्व. कोमल कुमारी (पुत्री), मृत्यु- 11.02.2022 (सड़क दुर्घटना) , अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- अनिल तिवारी, मृतक- स्व. प्रशांत तिवारी (पुत्र), मृत्यु- 05-02-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- बिनोद यादव, मृतक- स्व. रिशु कुमार (पुत्र), मृत्यु- 15-08-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- मनोज विश्वकर्मा, मृतक- स्व. रौशन कुमार (पुत्र), मृत्यु- 15-08-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका- बिना देवी, मृतक- स्व. दिलीप महतो (पति), मृत्यु- 30.10.2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदक- दिवेन्द्र, मृतक- स्व. आयुष तिर्की (पुत्र), मृत्यु- 10-05-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- इटकी, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका- बीणा कुजूर, मृतक- स्व. अजय कुजूर (पति), मृत्यु- 11.09.2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- इटकी, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका- सवित्री कुमारी, मृतक- स्व. मंगरु उरांव (पति),मृत्यु- 11.09.2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- इटकी, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र, आवेदिका- सलीनी करकेट्टा , मृतक- स्व. नीतिक करकेट्टा (पुत्र), मृत्यु- 28.12.2021 (सड़क दुर्घटना), अंचल- इटकी, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रूपये मात्र।